स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शुक्रवार
19 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 297 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net


कमर की चोट के साथ विश्व चैम्पियनशिप खेलना सही फैसला नहीं था : नीरज चोपड़ा



# 'भारत के लिए AI का मतलब ऑल इंक्लूसिव'

**पेरिस।** फ्रांस के पेरिस में आयोजित हो रहे यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी उत्सव 'विवाटेक 2026' के 10वें संस्करण को

- पेरिस में बोले मोदी- एफिल टावर पर चल रहा यूपीआई, तकनीक से बदल रहा देश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस साल इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन में भारत 'ढ्ढ कंट्री पार्टनर' के रूप में शामिल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि इस बड़े बदलाव के दौर में तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो हर किसी के काम आए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए कहा कि भारत के लिए 'ढ्ढ' का सीधा मतलब 'ऑल इंक्लूसिव' यानी सबका समावेश और सबका कल्याण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को दोनों क्षेत्रों के भविष्य के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने कहा कि साल की शुरुआत में संपन्न हुआ यह ऐतिहासिक समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि दोनों अर्थव्यवस्थाओं में निवेश के नए रास्ते भी खोलेगा। यह टैलेंट (प्रतिभा), टेक्नोलॉजी (तकनीक) और टूरिज्म (पर्यटन) के आदान-प्रदान के लिए कई नए रास्ते तैयार करेगा। इस साल 'भारत-फ्रांस इनोवेशन वर्ष' की शुरुआत के साथ फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण पुल की भूमिका निभा रहा है, जो भारत और पूरे यूरोप के टेक इकोसिस्टम को एक-दूसरे के बेहद करीब ला रहा है। वैश्विक निवेशकों और टेक कंपनियों को भारत में आमंत्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने कई बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है, जहां सरकार नियमों को आसान बनाकर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। इनोवेशन से लेकर प्रोडक्ट को मार्केट में उतारने तक के सफर के लिए भारत सरकार प्राइवेट सेक्टर को 50 अरब डॉलर से अधिक के प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसके साथ ही भारत दुनिया का सबसे किफायती डाटा और सबसे सस्ती ग्रीन एनर्जी भी उपलब्ध करा रहा है। पीएम मोदी ने पिछले एक दशक में तकनीक के दम पर भारत में आए महा-बदलाव का खाका भी पेश किया। उन्होंने बताया कि भारत आज तकनीक का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुत बड़े पैमाने पर कर रहा है। आज दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन का आधा हिस्सा अकेले भारत में होता है। भारत की यह ताकत अब फ्रांस में भी दिखाई दे रही है, जहां लोग पेरिस के मशहूर एफिल टावर और पेरिस एयरपोर्ट पर भी यूपीआई के जरिए आसानी से भुगतान कर पा रहे हैं। डिजीलॉकर जैसी डिजिटल पब्लिक गुड्स आज दुनिया के सामने मिसाल हैं। प्रधानमंत्री ने देश की नई टेक नीति को साफ करते हुए एक नया मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हमारी नीति स्पष्ट है। सरकार रास्ता बनाएगी और इंडस्ट्री इनोवेशन करेगी, स्टार्टअप्स नए बदलाव लाएंगे और ग्लोबल पार्टनर्स हमारे साथ मिलकर इसे बड़े पैमाने पर स्केल करेंगे। पीएम मोदी ने सम्मेलन में मौजूद सभी दिग्गजों से अपील की कि वे आगे आएं, भारत के साथ मिलकर काम करें और एक ऐसी तकनीक विकसित करें जो पूरी दुनिया के जीवन को बेहतर बना सके।



# प्राकृतिक खेती ही विकसित भारत की नींव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब दुनिया वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही

- योगी ने रसायनों के दुष्प्रभावों से किया आगाह

थी, तब भारत मजबूती के साथ खड़ा रहा। अनेक देशों में महंगाई बेकाबू हुई, लेकिन भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हालात को नियंत्रित रखा और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का अन्नदाता किसान समृद्ध और स्वस्थ होगा। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की व्यवस्था लागू की। इसके साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को व्यापक सुरक्षा और सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेती की लागत बढ़ने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं। किडनी, लीवर, ब्लड प्रेशर और मधुमेह जैसी बीमारियों के बढ़ते मामलों का एक कारण खाद्यान्न में रसायनों की बढ़ती मात्रा भी है।



# पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में 111 दिन से जारी तनाव खत्म होने के ठोस संकेत मिले हैं। जी7 देशों के सम्मेलन के लिए फ्रांस दौरे पर गए

- ट्रंप और पेजेशकियन की तस्वीरों ने लगाई मुहर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांसीसी समकक्ष मैक्रों की मौजूदगी में वर्साय में जंग खत्म करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। ईरान की तरफ से राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने हस्ताक्षर किए। हालांकि, पेजेशकियन तेहरान में ही मौजूद रहे और इस प्रक्रिया को डिजिटल तरीके से पूरा किया गया। जिस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, इसमें 14 बिंदु शामिल हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कदम का स्वागत करते हुए इसे स्थायी शांति की दिशा में एक बड़ा और जरूरी कदम बताया है। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक जहाजों के लिए फिर से खोला जाएगा। इससे दुनिया भर में तेल और ऊर्जा की कीमतों में कमी आने और वैश्विक बाजार को राहत मिलने की पूरी उम्मीद है। इसको लेकर, व्हाइट हाउस ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें ट्रंप को मैक्रों के साथ बैठकर दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते देखा जा सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस 14-सूत्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। पेजेशकियन ने वर्चुअली यानी ऑनलाइन माध्यम से अपने हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच दुश्मनी को खत्म करना है। यह समझौता तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

# नीट री-एक्जाम तय समय पर ही, व्यापक इंतजाम

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को नीट-यूजी 2026 के उम्मीदवारों को भरोसा दिलाया। 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा से पहले एजेंसी ने छात्रों से शांत रहने, परीक्षा टलने की अफ़वाहों पर ध्यान न देने और अपनी तैयारी पर भरोसा रखने को कहा, क्योंकि परीक्षा में अब बहुत कम दिन बचे हैं। एक्स पर पोस्ट किए गए एक मैसेज में एजेंसी ने सीधे उम्मीदवारों से बात की।

- अफवाहों पर ध्यान न दें अभ्यर्थी : एनटीए
- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि परीक्षा में अब सिर्फ़ तीन दिन बचे हैं और उन्हें सलाह दी कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अफ़वाहों के बजाय अपने परफ़ॉर्मेंस पर ध्यान दें। इसमें कहा गया कि परीक्षा तय समय पर ही होगी। परीक्षा टलने की अफ़वाहों या सोशल मीडिया पर चल रही बातों पर ध्यान न दें। सिर्फ़ एनटीए की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। एनटीए ने दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए किए जा रहे व्यापक सुरक्षा और प्रशासनिक इंतज़ामों पर भी ज़ोर दिया। यह परीक्षा 3 मई को पेपर लीक होने के बाद रद्द की गई परीक्षा की जगह पर आयोजित की जा रही है। एजेंसी ने कहा कि हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सुरक्षित और निष्पक्ष परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# मानव विशेषज्ञों ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने हाल के वर्षों में गणितीय समस्याओं को हल करने की अपनी क्षमता से दुनिया को चौंकाया है, लेकिन शोध स्तर की कठिन

- एआई मॉडल्स को दिए गए अनदेखे गणितीय प्रश्न
- कई का समाधान नहीं खोज सके सिस्टम

गणितीय चुनौतियों पर उसकी सीमाएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। एक अत्यंत कठोर परीक्षण में शीर्ष एआई प्रणालियां अनुभवी गणितज्ञों के प्रदर्शन की बराबरी नहीं कर सकीं। फर्स्ट प्रूफ नामक इस पहल के तहत एआई मॉडल्स को ऐसे गणितीय प्रश्न दिए गए जो पहले कभी प्रकाशित नहीं हुए थे और जिनका मूल्यांकन संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ गणितज्ञों ने किया। परिणामों में दिखा कि एआई में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद मानव विशेषज्ञता अभी भी बढ़त बनाए हुए है। विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार फर्स्ट प्रूफ परियोजना का उद्देश्य यह परखना है कि एआई जटिल और शोध-स्तरीय गणितीय समस्याओं को किस हद तक हल कर सकता है। यह अध्ययन ऐसे समय सामने आया है जब एआई गणित में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कर चुका है। हाल ही में ओपनएआई के एक चैटबॉट ने प्रसिद्ध गणितज्ञ पॉल एर्डोश द्वारा प्रस्तावित लगभग 80 वर्ष पुरानी गणितीय चुनौती का समाधान खोजकर शोध समुदाय का ध्यान आकर्षित किया था। इसके बावजूद फर्स्ट प्रूफ के नतीजे बताते हैं कि शोध स्तर पर एआई की क्षमता अभी भी असमान है। परियोजना से जुड़े शोधकर्ताओं का मानना है कि भविष्य में ऐसे परीक्षण यह समझने में मदद करेंगे कि गणितज्ञों के लिए एआई कितना उपयोगी सहायक बन सकता है। अध्ययन ने एआई की एक पुरानी कमजोरी को भी उजागर किया। कई प्रणालियों ने तथ्यों या संदर्भों को लेकर गलतियां कीं और कुछ मामलों में तथाकथित 'हैलुसिनेशन' देखने को मिले।




# उन्नाव समाचार

## खंडित के स्थान पर नई प्रतिमा की विधि विधान से स्थापना की गई

**हसनगंज उन्नाव** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में खंडित हुई हनुमान प्रतिमा के स्थान पर बृहस्पतिवार को नई प्रतिमा की विधि.विधान से स्थापना की गई। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन.अर्चन एवं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।सीएचसी अधीक्षक डॉण् नितिन श्रीवास्तव एवं डॉण् एसण्केण् मिश्रा के सहयोग से नई हनुमान प्रतिमा स्थापित कराई गई। लखनऊ से आए आचार्य रामानुज मिश्रा एवं सुरेश चंद्र मिश्रा ने वैदिक रीति.रिवाजों के अनुसार पूजा.अर्चना कर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान हनुमान के जयकारे लगाए और मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस दौरान फार्मासिस्ट राजीव अवस्थीए आनंदए लिटिलए थिंपू सहित सीएचसी स्टाफ एवं अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। पंखे का प्लग लगते समय करंट की चपेट में आकर वृद्ध की मौत हो गई। भाई की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाना क्षेत्र के ग्राम बदाल पुरवा निवासी रामकिशोर पुत्र विश्राम ने थाना पुलिस को दी गई सूचना में बताया है कि बीती देर शाम लगभग आठ बजे उनके भाई लगभग 60 वर्षीय गंगाराम घर में बिजली के पंखे का प्लग लग रहे थे तभी बिजली के करेंट की चपेट में आकर उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। भाई की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## नींव खोदने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**हसनगंज उन्नाव** कोतवाली क्षेत्र के बारा खेड़ा गांव में घर की नींव खोदने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष ने पड़ोस के पांच लोगों पर लाठी.डंडों से हमला करने और महिला के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की कोतवाली क्षेत्र के बारा खेड़ा गांव निवासी कुल्लू ने 17 जून को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पुत्र गोपाल मकान बनवाने के लिए नींव की खुदाई कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले श्रीकांतए उमेशए भूललनए लल्लन और सागर वहां पहुंचे और खुदाई का विरोध करते हुए गाली.गलौज करने लगे।पीड़ित के अनुसार जब विरोध किया गया तो सभी पांच लोग एकजुट होकर लाठी.डंडे लेकर मारपीट करने लगे मारपीट होते देख बीच.बचाव करने पहुंची उसकी पोती सीमा के बाल पकड़कर पीटने लगे।मारपीट होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।पीड़ित ने पांचों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के लिए दरोगा को भेजा गया है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक मे जोरदार टक्कर मारी

बांगरमऊ स कोतवाली क्षेत्र के संडीला मार्ग पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार जीजा की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा साला गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।हरदोई जनपद के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुन्नामऊ निवासी 52 वर्षीय सूर्यपाल पुत्र श्यामलाल मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता था। बुधवार शाम को वह बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गोशाकुतुब स्थित अपनी ससुराल आया था। गुरुवार दोपहर वह अपने साले दीपू को बाइक से लेकर मल्लावां जा रहा था। रास्ते में सण्डीला मार्ग पर ग्राम काजीपुर के निकट मजार के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया स जहां डॉक्टर ने सूर्यपाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल दीपू को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया स सूर्यपाल की पत्नी का पूर्व में निधन हो चुका है। परिवार में तीन बेटिया हैंजिनमें बडी बेटी पूनम की शादी हो चुकी है। जबकि दो बेटी अविवाहित है। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान और तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

## समाजसेवियों ने बेजुबान पशु पक्षियों की प्यास बुझाने का सराहनीय अभियान शुरू किया

बांगरमऊ।भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के मद्देनजर नगर के युवा समाजसेवियों ने बेजुबान पशु.पक्षियों की प्यास बुझाने का सराहनीय अभियान शुरू किया है। नागरिक इस अभूतपूर्व सेवा की जमकर सराहना कर रहे हैं। नगर के युवा अभिनव दीक्षित एवं गोविन्द शुक्ला ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में पशु.पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया है। युवाओं द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर बड़े.बड़े जलपात्र रखने का फैसला किया गया है। जिससे आवारा पशुओंए पक्षियों एवं अन्य जीवों को भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध हो सके।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव को दी रैपिड रेल और औद्योगिक विकास की बड़ी सौगात



**स्वतंत्र भारत; ब्यूरो उन्नाव** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उन्नाव के डीह भवनी खेड़ा मे आयोजित विशाल जनसभा में 570 करोड़ रुपये लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को आवास की चाबियांए स्वीकृति पत्रए चेक एवं अन्य सहायता सामग्री भी वितरित की।कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी सांसद साक्षी महाराज भाजपा जिला प्रभारी अर्चना मिश्राए जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थीए जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंहए सदर विधायक पंकज गुप्ताए पुरवा विधायक अनिल सिंहए सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकरए बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियारए मोहन विधायक बृजेश रावतए भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्लए एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत भगवान राम और भगवान शिव के जयकारों के साथ की तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राव रामबक्श सिंह शहीद गुलाब सिंह लोधी साहित्यकार पंडित प्रताप नारायण मिश्र सूर्यकांत त्रिपाठी श्निरालाश् और शिवमंगल सिंह श्सुमनश् को नमन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव तेजी से औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने घोषणा की कि उन्नाव से कानपुर और लखनऊ तक रैपिड रेल परियोजना विकसित की जाएगी जिससे उन्नावए कानपुर लखनऊ और हरदोई क्षेत्र विकास की नई कड़ी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उन्नाव को स्टेट रीजन में शामिल किया जा रहा हैए जिससे यहां विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना विकसित होगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 275 हेक्टेयर क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर तथा 300 एकड़ में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जाएंगेए जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले सौ वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और सुशासन का वातावरण हैए जिसके कारण निवेशए उद्योग और विकास को गति मिली है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले प्रदेश माफिया और दंगों के लिए जाना जाता थाए जबकि आज विकास और निवेश के लिए पहचाना जा रहा है।उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवेए जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के विस्तार जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्नाव प्रदेश के विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने के लिए जनपदवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्नाव का भविष्य उज्ज्वल है तथा आने वाली पीढ़ियां वर्तमान विकास कार्यों को याद रखेंगी।



## रोमांचक मैच में सुपर ओवर जीतकर डीसीए ब्लू ने फाइनल में प्रवेश किया

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर .12 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत दूसरा मैच आज डीसीए ग्रीन तथा डीसीए ब्लू के मध्य सप्रू क्रिकेट स्टेडियम शुक्लागंज में खेला गया जिसके अंतर्गत डीसीए ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 और के मैच में आठ विकेट खोकर 105 रन बनाएं। जिसमें युवराज यादव ने सर्वाधिक 61 रनों का योगदान दिया इसके अलावा नैमिष ने 10 रनों का योगदान दिया इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू नहीं सका ।डीसीए ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए अखिल ने तीनए रूद्र ने दो तथा अक्षय कुमार व प्रबल ने एक.एक विकेट प्राप्त किया जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ब्लू की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी और मैच टाई हो गया जिसमें कप्तान कार्तिक शुक्ल ने सर्वाधिक 63 तथा शाश्वत ने 13 रनों का योगदान दिया।मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए ब्लू की टीम ने 11 रन बनाएं जवाब जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ग्रीन की टीम एक रन ही बना सकी इस तरह डीसीए ब्लू की टीम ने सुपर ओवर जीतकर फाइनल में प्रवेश किया मैच के पश्चात कार्तिक शुक्ल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से साकिर हुसैन संदीप मिश्रा प्रदीप शुक्ला आज लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षकों का विशाल प्रदर्शन टीईटी से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा की उठाई मांग



**स्वतंत्र भारतब्यूरो उन्नाव।**अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर गुरुवार को जनपद उन्नाव में हजारों शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने 2010 एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग प्रमुखता से उठाई।शिक्षकों का जत्था निराला पार्क से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचाए जहां जिलाधिकारी के प्रतिनिधि ने उनका ज्ञापन स्वीकार किया। प्रदर्शन में जिले भर के विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी शामिल हुए।जिला महामंत्री संकल्प मिश्रा ने उपस्थित सभी शिक्षक संगठनों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णयों के बाद प्रदेश के लाखों शिक्षकों में अपने सेवा हितों को लेकर चिंता का माहौल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्तियां उस समय की वैधानिक नियमावली के अनुरूप हुई थींए इसलिए बाद में लागू की गई पात्रता शर्तों को उन पर लागू करना न्यायसंगत नहीं होगा।जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी ने कहा कि दशकों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभवए कार्यकुशलता एवं योगदान को देखते हुए उनके सेवा.अधिकारोंए वरिष्ठताए पदोन्नति तथा अन्य वैधानिक लाभों की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्रता मानदंड को पूर्व प्रभाव से लागू करना न्यायए समानता और विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के विपरीत है।ज्ञापन में मांग की गई कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी टीईटी अधिसूचना तथा 27 जुलाई 2011 को उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं और उनके सेवा हितों की सुरक्षा हेतु आवश्यक विधायीए नीतिगत अथवा प्रशासनिक कदम शीघ्र उठाए जाएं।कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सोनू वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष अंबिका चौरसिया उपाध्यक्ष धर्मेश श्रीवास्तव गणेश शंकर गुप्ता अजय प्रताप सिंह शिव शंकर संगठन मंत्री कपिल त्रिवेदी मंत्री अवनीश कुमार मनवीर सिंह रजेपाल यादव जितेंद्र श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ला आय.व्यय परीक्षक विनय दीक्षित सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विकास खंडों के अध्यक्षए मंत्री एवं कार्यसमिति सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव का शुभारंभ

बांगरमऊ। नगर स्थित प्राचीन श्री पंचेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव का गुरुवार को वैदिक रीति.रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुभारंभ किया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस स्थापित की जाने वाली मूर्तियों को पवित्र स्नान एवं जलाभिषेक के लिए नानामऊ स्थित मां गंगा के पावन तट पर ले जाया गया।मंदिर समिति के सदस्य अभिनव दीक्षित ने बताया कि गंगा तट पर रविशंकर दीक्षित जी महाराजए आचार्य पंण् विमलेश शुक्ला तथा पंण् प्रवीण दीक्षित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया गया। रविशंकर दीक्षित महराज ने नगरवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह महोत्सव नगर के लिए अत्यंत पुण्यदायी एवं आध्यात्मिक महत्व का आयोजन है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पुण्य अर्जित करने की अपील की। महोत्सव के प्रथम दिवस मंदिर समिति के प्रमुख सहयोगी पं0 अभिषेक शुक्ला, पं0 शिवाकांत दीक्षित, पं0 रोहित द्विवेदी ए सुधीर दीक्षित, राकेश मिश्रा, नाहर, शुभम गुप्ता, गुड्डु गुप्ता, भरत दीक्षित, पंकज गुप्ता, रोहित, बव्वा, राकेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया चौपाल का आयोजन



बांगरमऊ। केंद्र की भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीते बुधवार की रात क्षेत्र के ग्राम माढ़पुर में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विधायक श्रीकांत कटियार ने दावा किया कि रक्षा के मामले में भारत आत्मनिर्भर ही नहीं हुआ हैए बल्कि आज भारत अन्य देशों को हथियारों का निर्यात भी कर रहा है। चौपाल में विधायक श्री कटियार ने प्रधानमंत्री आवासए किसान सम्मान निधि आयुष्मान कन्या सुमंगलाए मातृ वंद निःशुल्क राशन वितरण व ग़रीब परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस आदि सहित करीब दो दर्जन जनकल्याणकारी योजनाओं की फेहरिस्त पेश की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 के पूर्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान के अनुरूप देश की गरीब ए शोषित व पीड़ित जनता को न्याय नहीं मिल सका। आतंकवादए परिवारवाद और तुष्टिकरण की नीतियों के चलते देश में चारों तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ था। विकासए विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज देश की जनता राहत महसूस कर रही है और करोड़ों परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठकर देश की मुख्य धारा में शामिल हुए हैं। इसी प्रकार प्रदेश की योगी सरकार मात्र 5 साल के अंदर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सपने को साकार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के जरिए ग़रीब परिवारों और बुजुर्गों तथा कर्मचारियों को 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज का प्रावधान किया गया है। चौपाल में समग्र विकास परियोजनाए समाज कल्याण विभागए मातृवंदन योजनाए कृषि विकासए पंचायती राज विभाग लघु सिंचाईए सबको राशनए सबको पोषण व बेसिक शिक्षा विभाग आदि द्वारा स्टाल लगाकर आम जनता को इन योजनाओं से लाभ की जानकारी दी गई। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विजयपाल कुशवाहा तथा संचालन ग्राम विकास अधिकारी रोहित सिंह ने किया। चौपाल में चिकित्साधीक्षक डॉ मुकेश कुमारए खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंहए एडीओ पंचायत दीपकांत चोलाए एडीओ सहकारिता श्याम सिंहए सचिव रणकेंद्र सिंहए एडीओ समाज कल्याण अभिलाष सिंह व वृंदावन राठौर आदि अधिकारियों के अलावा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकरए पप्पू त्रिवेदीए ज्ञानेश द्विवेदीए कृष्णावतार मिश्राए अनिल कुमार द्विवेदी निल्लू ए शिवकुमार पाल कोटेदार व राजेश कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

*ग्राम माढ़पुर निवासी राजेश कुशवाहा ने विधायक श्री कटियार से शिकायत दर्ज कराई कि वह भूमिहीन है और स्वयं का ई.रिक्शा चलाकर किसी तरह अपने परिवार के लिए बमुश्किल दो जून की रोटी मुहैया कर पा रहा है। किंतु गांव में बिजली मात्र तीन.चार घंटे आ रही है और कभी.कभी तो कई दिनों तक विद्युत आपूर्ति ठप्प रहती है। ऐसी स्थिति में उसका ई.रिक्शा चार्ज ना हो पाने से उसकी रोजी.रोटी ठप्प होने की कगार पर आ पहुंची है। विधायक श्री कटियार ने बिजली की समस्या का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।*

# कानपुर देहात समाचार



## विधि व्यवसाय में मां भारती के सच्चे सपूतों की एंट्री से न्याय व्यवस्था होगी सशक्त-जितेन्द्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** भारतीय सेना में वर्षों तक राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक जब सेवानिवृत्ति के पश्चात न्याय व्यवस्था से जुड़कर अधिवक्ता के रूप में कार्य करते हैं तो यह समाज और लोकतंत्र दोनों के लिए अत्यंत शुभ संकेत होता है। सैनिक और अधिवक्ता दोनों ही अपने.अपने क्षेत्र में न्याय सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के संरक्षण के लिए समर्पित रहते हैं। ऐसे में पूर्व सैनिकों का विधि व्यवसाय में आगमन न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ अनुशासित तथा जनोन्मुखी बनाएगा। यह विचार जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के अध्यक्ष अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित एक गरिमामय बैंज .बंधाई सेरेमनी के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय थल सेना के सैन्य चिकित्सा कोर ;।डब्द्ध से सेवानिवृत्त सूबेदार ;मानद सूबेदार मेजरद्ध रामराज यादव के अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण उपरांत उनके स्वागत एवं अभिनंदन हेतु किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने रामराज यादव को परंपरानुसार अधिवक्ता बैंज पहनाकर विधि व्यवसाय में उनके औपचारिक प्रवेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे अधिवक्ताओं की आवश्यकता है जिनमें कानून की समझ के साथ.साथ अनुशासन कर्तव्यनिष्ठा सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हो। पूर्व सैनिक इन गुणों के उत्कृष्ट उदाहरण होते हैं। सेना में राष्ट्र की सुरक्षा करने के बाद अब रामराज यादव न्यायालयों के माध्यम से नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों और न्याय की रक्षा हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में न्याय व्यवस्था को ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो सेवा समर्पण और राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि मानते हों। पूर्व सैनिकों का अनुभव अनुशासन और नेतृत्व क्षमता अधिवक्ता समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा युवा पीढ़ी को भी राष्ट्रसेवा के नए आयामों की ओर प्रेरित करेगी। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सम्पत लाल यादव तथा पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र सिंह गौर ने कहा कि सैनिक जीवन व्यक्ति को त्याग अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत.प्रोत करता है। जब ऐसे व्यक्तित्व न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनते हैं तो न्यायिक संस्थाओं की गरिमा और विश्वसनीयता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्य प्रमोद सिंह नायक योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान सुजीत यादव प्रदीप कमल तथा विधि प्रशिक्षु छात्र आदित्य प्रताप सिंह चौहान सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने माल्यार्पण पुष्पगुच्छ एवं मिष्ठान अर्पित कर रामराज यादव का बार परिवार में आत्मीय स्वागत किया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी विधिक जीवन की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

# रसूलाबाद में धूमधाम से मनी महाराणा प्रताप जयंती, भाजपा नेताओं पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**■ भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान व विधायक पूनम शंखवार बोलीं महाराणा प्रताप का शौर्य है युवाओं के लिए प्रेरणा ■ नगर में पहली बार जयंती मनाए जाने पर उदय प्रताप सिंह की जमकर सराहना**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो रसूलाबाद कानपुर देहात।** राष्ट्र रत्न स्वाभिमान और वीरता के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को रसूलाबाद के राजावत गेस्ट हाउस में उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी लोगों को पगड़ी और पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने मुगलों की अधीनता स्वीकार करने के बजाय जंगल में रहना चुना। आज की पीढ़ी को उनके जीवन से सीख लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूत करना चाहिए। क्षेत्रीय विधायक पूनम शंखवार ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज के ही नहीं पूरे भारत के गौरव हैं। उनके शौर्य और स्वाभिमान की गाथा हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देती है। डबल इंजन सरकार उनके आदर्शों पर चलकर गरीब कल्याण का काम कर रही है। पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाई लेकिन स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। युवा उनके चरित्र से प्रेरणा लें और नशामुक्ति व समाज सेवा को अपना लक्ष्य बनाएं। वरिष्ठ भाजपा नेता सतेंद्र सिंह ने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध इस बात का प्रमाण है कि मुट्ठी भर स्वाभिमानी योद्धा भी बड़ी सेना को झुका सकते हैं। महाराणा प्रताप का जीवन हमें संकल्प शक्ति की सीख देता है। कार्यक्रम संयोजक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे रक्त में हैं। उनका त्याग और बलिदान हमें याद दिलाता है कि मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक एकता को मजबूत करना है। इस मौके पर भवन पुर स्टेट के गद्दी नशीन ऋषि सिंह सहार ब्लाक प्रमुख आकाश सिंह ऋषि संजय सिंह सौरभ सिंह आदित्य राणा आलोक बाजपेई भाजपा मंडल अध्यक्ष अटल बाजपेई पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमशंकर सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पी सिंह पूर्व जिला मंत्रीअमित सिंह अनुज सिंह भदौरिया शिव जी तिवारी ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह सूर्य प्रताप सिंह मनोज सिंह गोपी सर्वेश सिंह राजपूत भानु प्रताप सिंह अनुराग सिंह नवनीत सिंह धीरेन्द्र सिसौदिया शिवा सेंगर अमित सिंह उत्तम गुप्ता रितक सिंह शिवा सिंह सेंगर विशाल गौरव भोले सोनू मयंक तोमर मयंक कन्हैया धीरेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रहलाद गुप्ता महेंद्र सिंह यादव चंदन यादव सोनू पांडेय घनश्याम शुक्ला मीनू सिंह ललित चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल शिव नारायन सिंह आरक्षी शैलेन्द्र यादव रामाधार यादव गौरव गुज्जर सहित अन्य मौजूद रहे ।

## ई पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में अकबरपुर के अधिवक्ताओं ने दर्ज कराया विरोध

माती कानपुर देहात । शासन द्वारा प्रस्तावित ई.पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। गुरूवार से प्रारंभ हुई हड़ताल में अकबरपुर के राजस्व न्यायालयों कार्यालयों और रजिस्ट्री दफ्तर में अधिवक्ताओ ने कोई काम नहीं किया। बस्तों में भी वकीलो ने कलम नहीं उठाई। इस बीच स्टांप वेंडरों और डीड राइटरों ने भी वकीलों के साथ खड़े होने की घोषणा कर दी है। कलमबंद हड़ताल का निर्णय बुधवार को हुई अधिवक्ता समिति की आवश्यक बैठक में लिया गया था। अधिवक्ताओं ने ई.पंजीकरण व्यवस्था से खड़ी होने वाली व्यावहारिक एवं विधिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि प्रदेशव्यापी आंदोलन के समर्थन में 18 से 20 जून तक अधिवक्ता उपनिबंधक कार्यालय अकबरपुर में होने वाले पंजीयन कार्यों से विरत रहते हुए कलमबंद हड़ताल करेंगे। यह भी स्पष्ट किया गया है कि अधिवक्ताओं के हितों एवं न्यायिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष इसके आगे भी जारी रहेगा। अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष विपिन चंद्र दीक्षित ने कहा कि ई.पंजीकरण व्यवस्था अधिवक्ताओं के हितों के प्रतिकूल है। इससे आमजन को भी विभिन्न प्रकार की व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने शासन से अधिवक्ता समाज की भावनाओं एवं सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की मांग की। हड़ताल के दौरान पूर्व अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद शफीक कुरैशी सहित ब्रजेश पाल दिलीप श्रीवास्तव ध्रुव श्रीवास्तव हर्षवर्धन श्रीवास्तव शिव करन सिंह सेंगर मदन मोहन शुक्ला मोहम्मद जुनैद गिरिजेश त्रिपाठी अमित श्रीवास्तव दिग्विजय सिंह यादव आदि रहे।



## योग सप्ताह में वृद्ध जनों को बताए गए योग के लाभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

रनिया कानपुर देहात। रनिया में संचालित वृद्ध आश्रम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत वृद्धजनों को जागरूक करते हुए उन्हे प्रतिदिन योग करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया की योग हमारे शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ कर हर आयु में ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करता है। जिसके बाद आयुष विभाग ;राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयद्धके द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी वृद्धजनों का चेकअप कर दवा का विवरण किया गया जिसमें डॉ नीलेंद्र कुमार चिकित्सा अधिकारी सपना पालयोग प्रशिक्षक कृष्णकांत द्विवेदी हरि सिंह वृद्धा आश्रम के संचालक राजेंद्र सिंह वृद्ध आश्रम प्रबंधक श्रीश दत्त काला एवं संदीप सिंह ऋषभ तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## बुरी शक्तियों से बचाने के नाम पर ढोंगी बाबा ने महिला से किया दुष्कर्म मुकदमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** औरैया जिले के थाना फंफूद के एक गांव निवासी महिला ने भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक ढोंगी बाबा पर बुरी शक्तियों से मुक्ति दिलाने का झांसा दे दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। उसने मारपीट किए जाने की बात भी कही। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया है। कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि देवराहट थाना क्षेत्र के एक बाबा उसके ससुर के बुलाने पर उसके यहां पूजा कराने गए थे। पूजा के लिए उसने 40 हजार रूपए दिए थे। पूजा के बाद बाबा ने कहा कि तुम्हारे ऊपर काली छाया है और तुम्हें आश्रम में प्रसाद चढाने को आना है। इसपर वह अपने दो देवरों रामसिंह व सुखवीर के साथ बाइक से सोमवार की दोपहर में आश्रम गई थी। बाबा उसे अलग कमरे में ले गया और अश्लील हरकतें करते हुए बुरा काम करने का प्रयास करने लगा। इसका विरोध किया तो कहा कि तुम्हारे ससुर ने हमें दो लाख रूपए में तुम्हें बेचा है। इसके बाद उसके देवरों से पिटाई करने को कहा। देवर व बाबा ने उसकी पिटाई कर दी। किसी तरह वह भागकर भोगनीपुर कोतवाली आई। जहां पुलिस ने उसकी डाक्टरी कराई गई और भोगनीपुर से उसे देवराहट थाने भेजा गया जहां उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई। देवराहट थानाध्यक्ष सौरभ राणा ने बताया कि महिला की तहरीर पर चौन का पुरवा निवासी हरीओम यादव व दीपकए कुंदनए रामवीरए रघुवीर सहित चार से पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# पहले की सरकारों में किसान लागत और कम आय के कारण थे परेशान-मुख्यमंत्री





स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। प्राकृतिक खेती केवल कृषि पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र का अभियान है। रासायनिक उर्वरकों और पेस्टीसाइड के बढ़ते प्रयोग ने धरती की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचाया है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर डाला है। वर्तमान व्यवस्था अन्न के नाम पर जहर परोसने का काम नहीं कर सकती, इसलिए प्राकृतिक खेती की ओर लौटना समय की आवश्यकता है। यह बात गुरूवार को कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थित कैलाश भवन सभागार में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यशाला में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा लिखित प्राकृतिक खेती नामक पुस्तक भेंट की। वहीं जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को बिठूर के माटी कला कारीगरों एवं आईटीआईटी कानपुर द्वारा निर्मित मिट्टी की गुल्लक एवं प्रसिद्ध कलाकार रंजीत सिंह द्वारा निर्मित ताम्र चित्र भेंट की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उत्पादक संगठनों तथा संबंधित संस्थाओं का आह्वान किया कि प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत कभी विश्व अर्थव्यवस्था में अग्रणी स्थान रखता था। किसानों, व्यापारियों, युवाओं और महिलाओं पर विश्वास के कारण देश समृद्ध था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वही आत्मविश्वास फिर लौट रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसान लागत और कम आय के कारण परेशान था, लेकिन अब न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसान सम्मान निधि, फसल

- **प्राकृतिक खेती ही स्वस्थ और विकसित भारत की प्रगति का आधार**
- **पेस्टिसाइड-यूरिया का उपयोग कम करने की अपील**
- **सीएसए में आयोजित हुई प्राकृतिक खेती कार्यशाला-**

बीमा और सिंचाई योजनाओं ने किसानों को नई ताकत दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ भारत, समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर गांव आवश्यक हैं। वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूती से खड़ा है। विपक्ष का काम केवल आलोचना करना है, लेकिन किसान प्रधानमंत्री मोदी के विजन पर अपनी मुहर लगा चुका है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जब अन्नदाता समृद्ध होगा, तभी हर चेहरे पर खुशहाली दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसान रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर बड़ी राशि खर्च कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती अपनाने से उर्वरकों और कीटनाशकों पर होने वाला खर्च कम होगा, भूमि की उर्वरता संरक्षित रहेगी तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यदि किसान गौ आधारित प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते हैं तो कृषि लागत में कमी लाई जा सकती है। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, राहुल बच्चा सोनकर, विधायक सरोज कुरील, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष, मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन, पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ अभिनव जैन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पराली से बढ़ेगी किसानों की आय

मुख्यमंत्री जी ने किसानों से पराली जलाने के बजाय उसके वैकल्पिक उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पराली, गोवंश आधारित संसाधनों तथा कृषि अवशेषों का उपयोग कम्प्रेस्ड बायोगैस, एथेनॉल तथा अन्य ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन में किया जा सकता है। इससे किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ेगी तथा देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में और आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री कहा कि प्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्रों को प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनाया जा रहा है। किसान उत्पादक संगठनों तथा सफल किसानों के अनुभवों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है, जिससे प्राकृतिक खेती का दायरा और व्यापक हो सके।

### गौशालाओं में 14 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश में 7700 से अधिक गौशालाओं में 14 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत किसान चार गोवंश अपने पास रख सकते हैं, जिसके लिए सरकार प्रति गाय 1500 रुपये प्रतिमाह की सहायता देती है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक किसान इस योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि एक देशी गाय एक वर्ष में कई एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक जैविक संसाधन उपलब्ध करा सकती है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान हुए सम्मानित



मुख्यमंत्री ने ने प्राकृतिक कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान छोटेलाल, राजेश कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार, सुनील सिंह कटियार, फूल सिंह यादव को सम्मानित किया। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत दिनेश कुमार तथा उमा सिंह को 5-5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। प्रगतिशील किसान विपिन शुक्ला तथा आशीष कुमार को श्री अन्न की किट प्रदान की। प्रदेश के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और उसे आधुनिक तकनीक से जोड़ने का संकल्प दिलाया। सीएम ने जोर दिया कि तकनीक और नवाचार का समन्वय ही किसानों की समृद्धि का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के विकल्पों के रूप में प्राकृतिक खेती न केवल लागत कम करती है, बल्कि यह मिट्टी के स्वास्थ्य और मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ बाजार और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### 34 जिलों में प्राकृतिक खेती को दिया जा रहा बढ़ावा

सीएम ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की लागत घटाने के साथ समाज को स्वस्थ बनाने का माध्यम बन सकती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 34 जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गंगा तट के 27 जिलों और बुंदेलखंड क्षेत्र के सात जिलों को विशेष रूप से प्राकृतिक खेती के लिए चिन्हित किया गया है। बुंदेलखंड के किसानों ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों के सर्टिफिकेशन, पैकेजिंग और मार्केटिंग पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए मजबूत विपणन व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। कृषि मंडियों में इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं तथा प्राकृतिक उत्पादों के लिए प्रभावी बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया स्टॉल्स का जायजा



सीएसए परिसर में प्राकृतिक खेती को लेकर भव्य किसान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने खुद स्टॉल्स का बारीकी से निरीक्षण किया और वहाँ रखी तकनीकों का जायजा लिया। प्रदर्शनी में प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों ने भी बढ़-चढ़कर जानकारी हासिल की। प्रदर्शनी में लगे स्टॉल पूरी तरह से देसी और प्राकृतिक थीम पर आधारित दिखे। किसानों का फोकस इस बात पर रहा कि कैसे प्राकृतिक खेती को अपनाकर मिट्टी की ताकत वापस ला सकते हैं और आमदनी बढ़ा सकते हैं। किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े मॉडल देखे और वैज्ञानिकों से बात की। रमईपुर से आए किसान जय नारायण सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती की नई तकनीक पता चली है, इसका इस्तेमाल करके मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बढ़ाएंगे। साथ ही रसायन मुक्त खेती करेंगे। वहीं बिल्हौर के प्रगतिशील किसान मंगल सिंह कटियार ने बताया कि स्टॉल्स पर प्राकृतिक कीटनाशक बनाने के तरीके सिखाए गए। इतना ही नहीं, गाय के गोबर, गौमूत्र, गुड़ और बेसन से घर पर ही जीवामृत तैयार करने की विधि भी सीखी।

## सड़कों को नुकसान पहुंचाने वालों से की जाए वसूली- सीएम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** एचबीटीयू परिसर के संयुक्त आयुक्त कार्यालय के उद्योग सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक निर्माण विभाग की बैठक की। इस दौरान सीएम ने जनप्रतिनिधियों से विकास संबंधी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, औरैया तथा फर्रूखाबाद जनपदों के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विकास आवश्यकताओं से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक एवं विकासगत आवश्यकताओं की गहन जानकारी होती है। ऐसे में उनके सुझावों एवं प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर संकलित कर शासन को शीघ्र कार्ययोजना प्रेषित की जाए, जिससे आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान कर समयबद्ध रूप से कार्य प्रारंभ कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की सड़कों को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से नियमानुसार क्षतिपूर्ति की वसूली की जाए। सड़कों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जनहित से जुड़ीं परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करने तथा समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य राजमार्गों, दीर्घ एवं लघु सेतु, आरओबी/आरयूबी, धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों, फ्लाईओवर तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित वरीयता क्रम के अनुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा विकास परियोजनाओं के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में संबंधित जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत परियोजनाओं की भी समीक्षा की। बताया गया कि गत वर्ष कानपुर मंडल में 5,497 करोड़ रुपये की लागत की 2,301 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिनमें से 1,242 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं तथा शेष परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन मामलों में संबंधित फर्मों को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राकेश सचान, असीम अरुण, अजीत पाल, प्रतिभा शुक्ला, कैलाश सिंह राजपूत, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, अभिजीत सिंह सांगा, महेश त्रिवेदी, राहुल बच्चा सोनकर, सुरभि, सरोज कुरील, अर्चना पांडेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खबर एक नजर

## महिला के कान के बाला लेकर फरार हुए टप्पेबाज

**कानपुर।** टप्पेबाजों ने डर भय दिखाकर बुजुर्ग महिला का कान के सोने के बाले उतरवाकर फरार हो गए। टप्पेबाजी का एहसास होने पर पीड़िता ने कल्याणपुर पुलिस ने शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है। पनकी रतनपुर निवासी सुषमा मिश्रा ने बताया कि गुरुवार सुबह कृष्णा विहार स्थित अपने वकील के कार्यालय जाने के लिए घर से निकली थीं। जब वह चुंगी तिराहे स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचीं, तभी तीन युवक उनके पास आए और बातचीत शुरू कर दी। आरोप है कि युवकों ने उनसे कहा कि उन्हें पता है कि वह वकील से मिलने जा रही हैं और उनका काम आसानी से हो जाएगा। इस दौरान युवकों ने उनके हाथ में एक गिल्ली और पुड़िया जैसी वस्तु रख दी, जिससे धुआं निकलने लगा। इसके बाद वह घबराहट और भय महसूस करने लगीं। पीड़िता ने बताया कि वह स्वयं को हनुमान भक्त बताती हैं, लेकिन उस समय उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे वह अपने ऊपर नियंत्रण खो रही हों और युवकों के प्रभाव में आ गई हों। इसी दौरान शातिरों ने कान के बाले और 500 रुपये हाथ मे रखने को कहा। जिस पर उन्होंने कान के बाले व नगदी रख दिए। इसके बाद शातिरों ने उन्हें आंखें बंद कर कुछ कदम आगे बढ़ने का कहा। जब उन्होंने कुछ देर बाद पीछे मुड़कर देखा तो तीनों युवक वहां से गायब हो चुके थे। तब उन्हें एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गई हैं। कल्याणपुर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया की पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है सीसीटीवी फुटेज़ खंगाले जा रहे है। महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर जल्द ही शातिरो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## 9 जीवन प्रसार नशा मुक्ति केन्द्र ने चलाया नशामुक्त हस्ताक्षर अभियान



**कानपुर ।** 9 जीवन प्रसार नशा मुक्ति केन्द्रएनौबस्ता वसंत विहार केसा कानपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रोग्राम ऑफिसर अमरीश त्रिपाठी ने 9 जीवन प्रसार नशा मुक्ति केंद्रएनौबस्ता में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज नशा मुक्त जागरूकता व नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया नशा करने से क्या.क्या दिक्कतें होती हैं घर परिवार में उसके दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को बात कर जागरूकता व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और जागरूकता पंपलेट वितरण कर नशा छोड़ने में जो दिक्कत होती हैं इसलिए लोगों को जागरूक किया गया कि हमें इस देश में नशा मुक्त रह करके रहना है और 9 जीवन प्रसार नशा मुक्ति केन्द्र के साथ नशा मुक्त भारत हस्ताक्षर अभियान कर अपने अपने हस्ताक्षर कर लोगों ने सहभागिता निभाई डायरेक्टर दिनेश चन्द्र शुक्ला ने बताया कि वे नशे से दूर रहकर एक स्वस्थए सुखी कैसे रह सकते हैं उसके बारे में उन्होंने प्रकाश डाला और उन्होंने अपना नाना जी देशमुख के साथ जो प्रेरणा ली उसके बारे में अपने अनुभव साझा किया की कैसे नशा मुक्त भारत हो ।

# उधार मांगने पर महिला को पीटा, आग लगा दी जान



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। किदवई नगर में पखवारे भर पूर्व लेनदेन के विवाद में आग लगाने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोसी युवक पर कारोबार के लिए महिला से पांच लाख रुपए उधार लिए थे। वापस मांगने पर युवक ने मारपीट कर भगा दिया था, जिससे परेशान होकर महिला ने आग लगाकर जान दे दी।

किदवई नगर के कंजड़नपुरवा निवासी राज ने बताया कि उनकी मां संगीता ने पड़ोस में रहने वाले शेखू को कई साल पहले अलमारी के व्यापार के लिए पांच लाख रुपये उधार दिए थे। जिसे लौटाने को लेकर वह लगातार टरका रहा था। राज ने बताया कि उनके परिवार में बड़ी बहन नंदिन, भाई कपिल और छोटी बहन नताशा है, जबकि पिता मानू का 8 साल पहले कैंसर से निधन हो चुका है। आरोप है कि मां ने 30 मई को पड़ोस में रहने वाले शेखू से रुपये मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मां संगीता को डंडे से मारापीटा। जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने आग लगा ली। गंभीर हालत में परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। इस दौरान शेखू ने उनके परिजनों के हाथ-पैर जोड़ते हुए इलाज कराने का आश्वासन देकर पुलिस से शिकायत न करने की बात कही। गुरुवार सुबह इलाज के दौरान संगीता की मौत हो गई। किदवई नगर थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# ज्ञापन देने जा रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** दक्षिण में 100 बेड के अस्पताल का संचालन व पेपर लीक मामले को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान सपा नेताओं और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। इसके बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया और उनकी गाड़ियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी को छोड़ दिया गया। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जा रहे थे। सीएसए में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्राकृतिक खेती को लेकर प्रोग्राम चल रहा था। सपा नेताओं का कहना था कि नौबस्ता स्थित केशव नगर में बनकर तैयार 100 बेड का अस्पताल लंबे समय से शुरू नहीं हो सका है। इसी मुद्दे के साथ वे पेपर लीक प्रकरण पर भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना चाहते थे। पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं को सीटीआई चौराहे पर रोक लिया। इसके बाद उन्हें



हिरासत में लेकर एडीसीपी कार्यालय ले जाया गया, जहां उन्होंने अपना ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। अर्पित यादव ने आरोप लगाया कि जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने से रोकने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि दक्षिण क्षेत्र की बड़ी आबादी को अस्पताल शुरू न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस मौके पर छात्र सभा के नगर अध्यक्ष अनूप यादव, रेशू सिंह, धीरेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा, अंकित यादव, नितिन श्रीवास्तव, रौनक यादव, अमित वर्मा, पवन यादव, सूर्यांश, संदीप सिंह, ऋषभ कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से टेनरी में लगी आग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** जाजमऊ के संजय नगर स्थित न्यू ग्लोब लेदर टेनरी में गुरुवार दोपहर में आग लग गई। धुएं का गुबार उठता देख इलाके में हड़कम्प मच गया। आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। टेनरी में काम कर रहे मजदूरों ने भी बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

चमनगंज थानाक्षेत्र के फहीमाबाद निवासी यासीन की संजय नगर में न्यू ग्लोब नाम से टेनरी है। टेनरी के स्प्रे डिपोर्ट में ज्वलनशील रसायन और चमड़ा रखा हुआ था। गुरुवार दोपहर स्प्रे डिपार्ट में आग लग गई। आग ने थोड़ी देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया। टेनरी में काम कर रहे दो दर्जन से अधिक मजदूरों ने बाहर निकलकर जान बचाई। सूचना पाकर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से उठ रहे धुएं से आसपास के लोग भी परेशान रहे। जाजमऊ अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। आग से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। फिलहाल किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# ऑटो चालक के साथ लूट करने वाले बदमाश गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। गोविंद नगर में बुधवार देर रात ऑटो ड्राइवर का मोबाइल लूटने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसउके पास से लूटा हुआ मोबाइल भी बरामद कर लिया है। शातिर पूर्व में पथराव करने के मामले में 20 दिन पहले जेल से छूटा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल बरामद किया है।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बाबूपुरवा बगाही भट्ठा निवासी गोलू वर्मा ऑटो ड्राइवर है। बुधवार देर रात करीब एक बजे गोलू ऑटो लेकर जा रहा था। पापुलर धर्मकांटा के पास पहुंचने पर दो सवारी चावला मार्केट जाने की बात कहकर ऑटो में बैठी। ऑटो कुछ दूर ही पहुंची थी, तभी युवकों ने ऑटो के गोलक में रखे पैसे छीनने का प्रयास किया। पैसा न मिलने पर गोलक में रखा मोबाइल छीन लिया, विरोध करने पर ऑटो ड्राइवर गोलू के साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो युवक वारदात को अंजाम देते कैद हो गए थे। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नंदलाल चौराहे के पास रहने वाले मयंक खुशबरी और गोविंद नगर कच्ची बस्ती निवासी सागर राठौर को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने बताया कि मयंक पूर्व में नंदलाल चौराहे पर पत्थरबाजी करने के आरोप में जेल गया था, 20 दिन पहले ही वह छूटा था। उन्होंने बताया कि आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी।

## खबर एक नजर

### पुरानी रंजिश में बाग की रखवाली कर रहे युवक पर हमला

घाटमपुर। क्षेत्र के एक बाग में में मौजूद युवक की लाठी डंडों से कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पतारा निवासी जोगेन्द्र सोनकर पुत्र रमेश चन्द्र सोनकर ने पुलिस को बताया कि वह 14 जून को रात्रि 9 बजे के आस.पास अपने चाचा सुशील सोनकर पुत्र सजीवन लालके साथ महीपाल सिंह के बाग में थेए तभी पता रा के ही पुरानी खुन्नस में साहिल कुशवाहा पुत्र राजेशए आर्य पाण्डेय पुत्र अनिल पाण्डेयए छोटू पाण्डेय उर्फ अभिषेक पुत्र मिन्नूए ऋतुराज सिंह पुत्र बउवन सिंह ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ उस पर व उसके चाचा के ऊपर अचानक हमला कर दिया। उसके साथ के लोगों द्वारा विरोध करने पर उन्हें भी लाठी से मारा तथा जिस कारण सुशील सोनकर गम्भीर रूप से घायल हो गयाए जो कि हैलेट में उपचाराधीन है। जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से फरार हो गए।

### साढ़ पुलिस ने नाजायज चाकू समेत युवक को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र के रावतपुर चौधरियान गांव के बाहर ठेके के पास साढ़ पुलिस टीम ने एक युवक को नाजायज चाकू समेत गिरफ्तार कर लिया जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई। साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में साढ़ पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान में थी तभी मुखबिर खास को सूचना पर रावतपुर चौधरियान शराब ठेका के पास से अकबरपुर देहात के मटियामऊ निवासी साहिल 22 पुत्र साहिल पुत्र मकबूल को एक नाजायज चाकू समेत गिरफ्तार कर लिया जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### ट्रैक्टर खड़ा करने का विवाद चचेरे भाई ने दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के हल्का पांच में चचेरे भाई की प्रताड़ना और धमकियों से परेशान अधेड़ ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही करने की बात कही जा रही। साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी निवासी बालकृष्ण शुक्ला पुत्र स्व रामनारायण ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरे पड़ोस में ही चचेरा भाई मनोज शुक्ला पुत्र स्व बालक राम रहता है जो मेरे मकान के सामने अपना ट्रैक्टर खड़ा करता है जिससे मकान में बने पिलर के गिरने का खतरा बना रहता है पीड़ित के मना करने पर भी नहीं मानता तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है पीड़ित ने बताया कि खेतो की मेंड़ काटकर खेतो में कब्जा करता है हल्का प्रभारी ने बताया की तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाही की जा रही।

### बरईगढ़ नहर पुल पर पैचिंग के चलते दस दिन आवागमन रहेगा बाधित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ नहर पुल में बने नए पुल को पैचिंग कार्य के चलते करीब दस दिनों के लिए बिना सूचना के आवागमन बंद कर दिया जिससे पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा लोगो को गंतव्य तक जाने के लिए करीब पांच किमी का चक्कर लगाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचना पड़ा जिससे ग्रामीणों में खासा रोष है। बताते चले कि बीते माह अंग्रेजों के जमाने का बना बरईगढ़ नहर पुल तेज बहाव के चलते बह गया था जो सीमावर्ती जनपद फतेहपुर को जोड़ने के साथ आवागमन का मुख्य मार्ग था वाहन चालकों के आवागमन को बहाल करने के लिए अस्थाई रूप से निर्माणाधीन पुल से आवागमन बहाल किया गया था जिसे गुरुवार देर शाम बिना किसी पूर्व सूचना के विभाग द्वारा पैचिंग आदि कार्य हेतु बंद कर दिया गया जिससे वहां पहुंचे वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करते हुए करीब पांच किमी का चक्कर लगाकर गंतव्य तक जाना पड़ा मामले में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता शैलेन्द्र जायसवाल ने बताया कि पुल में पैचिंग आदि का कार्य शेष है बारिश के पहले कार्य जरूरी है इसलिए अगले दस दिन तक पुल से आवागमन को पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

### बिल्हौर में अधिवक्ता संगठनो ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एस डी एम बिल्हौर को सौंपा

बिल्हौर निबंधन कार्यालयों के प्रस्तावित विकेंद्रीकरण एवं निजीकरण के विरोध में बुधवार को बिल्हौर बार एसोसिएशन अध्यक्ष बृजेश कटियार एडवोकेट महामंत्री सौरभ कटियार व द लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष जनार्दन यादव महामंत्री कुशल एकीकृत एडवोकेट अध्यक्ष विनीत महामंत्री अनुराग द्विवेदी एवं बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अधिवक्ताओं स्टाम्प विक्रेताओं जनसेवा के नेतृत्व मे निबंधन कार्य से जुड़े लोगों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन एस डी एम बिल्हौर मनीष कुमार को सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में प्रत्येक तहसील स्तर पर निबंधन कार्यालय सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैंए ऐसे में उनके विकेंद्रीकरण एवं निजीकरण की कोई आवश्यकता नहीं है। ज्ञापनकर्ताओं ने आशंका व्यक्त की कि इस व्यवस्था से आम जनताए क्रेता.विक्रेता तथा निबंधन कार्य से जुड़े अधिवक्ताओं और अन्य वर्गों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि निजीकरण से बिचौलियों की भूमिका बढ़ेगीए फर्जीवाड़े की घटनाओं में वृद्धि हो सकती है तथा निबंधन प्रक्रिया की गोपनीयता एवं पारदर्शिता प्रभावित होने की संभावना है। साथ ही किसानों एवं आम नागरिकों के हितों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन के माध्यम से शासन से मांग की गई कि यदि निबंधन कार्यालयों के विकेंद्रीकरण अथवा निजीकरण संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन हो तो उसे जनहित में तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

इस अवसर पर अधिवक्ता स्टाम्प विक्रेता एवं निबंधन कार्य से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे। ज्ञापन प्राप्त कर उपजिलाधिकारी ने संबंधित मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बिल्हौर बार एसोसिएशन अध्यक्ष बृजेश कटियार द लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष जनार्दन यादवए एकीकृत एडवोकेट बिल्हौर अध्यक्ष विनीत गुप्ता महामंत्री अनुराग द्विवेदी सौरभ कटियार कुशल पाण्डेय अनुराग प्रद्युम्न कटियार राजकुमार भदौरिया रविनेश यादव प्रवीण महेंद्र कुशवाहा आशीष द्विवेदी अभिषेक द्विवेदी शिवम भास्कर द्विवेदी महेंद्र गौरव द्विवेदी समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे फ्लाइंग अफसर का हुआ जोरदार स्वागत

भरूआ सुमेरपुर। वायुसेना में फ्लाइंग अफसर की ट्रेनिंग करके वापस पैतृक गांव लौटे युवक का परिजनों, ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। बिरखेरा निवासी थलसेना के सूबेदार गुलाब सिंह यादव के इकलौते पुत्र मोहित कुमार यादव का सीडीएस के तहत वायुसेना में फ्लाइंग अफसर पद पर चयन हुआ था। ट्रेनिंग पूरी करने के उपरांत गुरुवार को सुबह मोहित कुमार गांव वापस लौटा। गांव आने पर ग्रामीण एवं परिजनों ने ठोल नगाड़े के साथ फूल मालाओं संग मुंह मीठा कराकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव, जयराम यादव, रामफल, स्वतंत्र कुमार, शिवकरन उर्फ बागी, रवि यादव, सुरेश यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने युवक की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि युवक ने फ्लाइंग अफसर बनकर गांव घर परिवार को गौरवान्वित किया है।

### नशे में धुत चाचा ने भतीजे को कुल्हाड़ी मार किया घायल

भरुआ सुमेरपुर। बीती रात शराब के नशे में धुत चाचा ने भतीजे को कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया। घायल के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पलरा निवासी राजेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि उसका छोटा भाई बीती रात शराब के नशे में धुत होकर आया और उसकी पत्नी बच्चों के साथ गाली गलौज करने लगा। उसके पुत्र पवन कुमार ने गाली देने से मना किया तो उसने हाथ में ली कुल्हाड़ी से दाहिने पैर पर वार कर दिया। इससे उसे गंभीर चोटें लगी है। पुलिस ने घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने उद्योगों और रक्षा संस्थानों में सीखा कार्यस्थल का वास्तविक अनुभव

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

**कानपुर,** जून 17, 2026 सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए 100 प्रतिशत स्टूडेंट एक्सटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न उद्योगों एवं संस्थानों में कार्य संस्कृति, पेशेवर जिम्मेदारियों तथा करियर अवसरों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने रिक्लाइनर्स इंडिया, केज़ ज्वेल्स, श्री गंगा वैली, चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म्स, कानपुर मेट्रो, गिन्नी फिलामेंट्स, सोसाइटी मोटर्स सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में एक्सटर्नशिप की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवसायों की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना तथा उद्योगों की आवश्यकताओं को समझा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण दस विद्यार्थियों एवं एक शिक्षक.मार्गदर्शक का इंडियन मिलिट्री अकादमी ;आईएमए देहरादून का विशेष शैक्षणिक भ्रमण रहा। विद्यार्थियों ने भारतीय सशस्त्र बलों के भावी अधिकारियों के अनुशासनए नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को निकट से देखा। अकादमी में प्रदर्शित वीरता पुरस्कारों की सूची में विद्यालय के पूर्व छात्रों के नाम देखकर विद्यार्थियों ने गर्व और प्रेरणा का अनुभव किया। एक अन्य



समूह को कानपुर स्थित वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी एमकेयू लिमिटेड में एक्सटर्नशिप का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने आधुनिक रक्षा तकनीकए उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं तथा अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र को समझा। विशेषज्ञों के साथ संवाद के माध्यम से उन्हें इंजीनियरिंगए प्रौद्योगिकीए रक्षा विनिर्माण और अनुसंधान से जुड़े उभरते करियर विकल्पों की जानकारी मिली। इस अनुभव ने विद्यार्थियों को यह समझने में सहायता की कि कक्षा में सीखी गई अवधारणाएँ किस प्रकार वास्तविक जीवन में देश की सुरक्षा और तकनीकी प्रगति में योगदान देती हैं।

विद्यालय का यह एक्सटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वासीए जागरूक और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल विद्यार्थियों के समग्र विकास और करियर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कक्षा 9 से ही उद्योग भ्रमणए करियर मार्गदर्शन और अनुभवात्मक शिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बेहतर एवं सूचित निर्णय ले सकें।

## लाभार्थियों के बीच आसरा आवासों का जल्द होगा आवंटन

**जांच में कमेटी को मिली थीं तमाम कमियांए इस बार सब ठीक मिलाए जल्द किया जाएगा आवंटन**



घाटमपुर। जहानाबाद रोड़ पर आसरा आवासों की निर्माण संस्था सीएनडीएस द्वारा दोबारा मेंटीनेंस के बाद भी आसरा आवासों की जांच में तमाम कमियां मिलने पर उनको फिर पूरा कराया है। जांच टीम ने इस बार कमियां ठीक होने के बाद आवंटन के लिए हरी झंडी दे दी है।अब जल्द ही पात्रों के बीच इनका आवंटन किया जाएगा।पालिकाध्यक्ष गजाला तबस्सुम ने बताया कि पूर्व में निर्माण संस्था सीएनडीएस ने क्षतिग्रस्त हुए सभी 840 आवासों में 108 दुरुस्त कराए थे। जिसमें पात्रता सूची के 224 में 86 लाभार्थियों को आवास आवंटित कर दिए गए थे। जो वर्तमान में आवासों में निवास कर रहे हैं। इसके बाद दोबारा में 168 आवासों को और दुरुस्त कर निर्माण संस्था ने पालिका को पत्र भेजकर आवासों को हैंडओवर करने को कहा था। उन्होंने आगे बताया कि जांच के लिए गठित टीम में एसडीएम अविचल प्रताप सिंहए पालिका ईओ महेंद्र कुमार के साथ विद्युतए जलकल व जल निगम के अधिशासी अभियंताओं ने जांच की थी तो तमाम कमियां पाई गई थीं। कहीं टोटी नहीं तो कहीं होल्डर की कमी के साथ तमाम कमियां मिली थीं।इस पर निर्माण संस्था ने तीन दिन का समय मांगा था। बुधवार को टीम द्वारा की गई जांच में सब ठीक ठाक मिला है। एसडीएम ने इस सम्बंध में बताया कि बताया कि निर्माण संस्था ने आवासों के निर्माण में कमियां दूर कर ली हैं। जल्द से जल्द लाभार्थियों के बीच आवंटन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



## करो योग रहो निरोग उमा शंकर यादव

**स्वतंत्र भारत व्यूरो**

**शुक्लागंज ;उन्नाव** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में दिनांक 21 जूनए2026 दिन रविवार को प्रातः 05रू30 से 08रू00 बजे तक स्थानीय डी0एस0एम पब्लिक स्कूल में योग महोत्सव का आयोजन होगा जिसमें नगर के लगभग 400 योग साधक एक साथ योगाभ्यास करेंगे । योग महोत्सव की जानकारी देते हुए योगाचार्य उमाशंकर यादव ने योग करने के लाभ को बताते हुए ष्करें योगए रहें निरोगष् का नारा दिया। प्रेस वार्ता में डॉण् तारकेश्वर पाण्डेय आशुतोष शुक्ला जयराम सिंह सिंगर अवधेश सिंह पवन अवस्थी हरिशंकर तिवारी शुभम दीक्षित अवनीश शुक्ला उपस्थित रहे ।

### किशोरी से छेड़ छाड़ के विरोध पर दबंग ने धमकाया

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में भाई के साथ खेतों में चारा काटने गयी किशोरी के साथ दबंग ने छेड़ छाड़ की। घर पहुंचकर किशोरी ने अपनी मां से दबंग की करतूत बताई तो परिजनों के विरोध जताने पर आरोपी ने उन्हें धमकाया। पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी अपने 12 साल के भाई के साथ खेत में चारा काटने गयी थी। तभी गांव के ही राम सिह पुत्र नारेन्द्र सिंह ने मेरे बेटे को आम तोड़ने के लिये कह कर वहां से भेज दिया। उसके जाने के पश्चात मेरी बिटिया से आरोपी छेड़ छाड़ करने लगा। वह चिल्लाई तो धमकी देने लगा कि यदि अपने घर में या किसी को कुछ कहा तो पूरे घर की गर्दन काट डालूगा तब तक चींख की आवाज सुनकर मेरा बेटा पहुंचा तो वह धमकी देते हुए चला गया। बाद में आरोपी ने अपनी लड़की और बहू से फोन करवा कर अपने घर बुलाया और दुबारा ऐसा न करने को कहने लगा। पुलिस से शिकायत करने पर फिर से जान से मारने की धमकी देने के साथ गावं से कही भग गया।

## तेज धमाके के साथ गैस सिलेंडर व कुकर फटने से जली घर गृहस्थी

**एसडीएम ने पहुंचकर पीड़ित से बातचीत कर घटना के बारे में जानाए इस दौरान यहां पर मौजूद कोटेदार को पीड़ित परिवार को राशन देने की बात कही**

घाटमपुर। गुरुवार को कस्बे के आछी मोहाल पश्चिमी वार्ड में में खाना बनाते समय तेज धमाके के साथ गैस सिलेंडर व कुकर फटने से चीख पुकार मच गई। जब तक पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया जाता तब तक घर गृहस्थी के सामान के साथ बाइक जलकर खाक हो गई। वहीं हादसे में परिवार के लोग बाल बाल बच गए।रियाजुल पुत्र स्वर्गीय शहजादे की पत्नी आमना ने बताया कि घर में खाना बन रहा थाए तभी अचानक गैस सिलेंडर और कुकर फट गया। धमा के की आवाज से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर किसी तरह वार्ड के लोगों की मदद से आग को बुझाया।आमना ने बताया कि वह खाना बना रही थीं।तभी अचानक गैस सिलेंडर और प्रेशर कुकर में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज थाए कि उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आमना ने बताया कि वह कुछ ही क्षण पहले रसोई से बाहर निकली थींए तभी जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर और कुकर फट गया। यदि वह उस समय रसोई में मौजूद रहतीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### दैवीय आपदा में लापरवाही पर लेखपाल को किया गया निलंबित

**ऽएसडीएम ने की निलंबन की कार्यवाहीए कहा कि दैवीय आपदा में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त। घर में सिलेंडर.कुकर फटने से हुई घटना का मामला**

घाटमपुर। गुरुवार की सुबह गैस सिलेंडर व कुकर फटने से बाइक समेत घर गृहस्थी का जलकर खाक हुए मामले में लापरवाही बरतने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने घाटमपुर टाऊन लेखपाल को निलंबित कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर दोपहर में मौके पर पहुंचे एसडीएम ने घटना की जांचकर पीड़ित को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।उन्होंने कोटेदार से पीड़ित को खाद्यान उपलब्ध कराने को भी कहा है। एसडीएम ने बताया कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर पीड़ित से बातचीत कर घटना के बारे में जानाए इस दौरान यहां पर मौजूद कोटेदार को पीड़ित परिवार को राशन देने की बात कही। साथ ही वहां मौजूद लोगों ने बताया कि घाटमपुर टाऊन के लेखपाल को उन्होंने कई बार फोन कियाए लेखपाल ने तीन दिन बाद आकर देखने की बात कहीए लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेकर लेखपाल अनंत चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## नेक्स्टजेन स्टेम एजुकेटर्स कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत व्यूरो**

**शुक्लागंज;उन्नाव** सरस्वती विद्या मंदिर गोपीनाथपुरम में तीन दिवसीय ष्नेक्स्टजेन स्टेम एजुकेटर्स कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का शुभारंभ आज विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ;ए आई द्ध कोडिंगए रोबोटिक्स एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने शिक्षकों से इन आधुनिक तकनीकों को अपनाकर विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का आह्वान किया। कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रतिभागी शिक्षकों को स्टेम शिक्षा की अवधारणा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोडिंग एवं रोबोटिक्स के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराया गया। विभिन्न व्यावहारिक एवं सहभागितापूर्ण सत्रों के माध्यम से शिक्षकों ने आधुनिक तकनीकों के शैक्षिक उपयोग को समझा तथा उनका अनुभव प्राप्त किया। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों एवं चर्चाओं में भाग लिया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा यह बताया गया कि किस प्रकार ए आई कोडिंग एवं रोबोटिक्स को कक्षा शिक्षण में सम्मिलित कर विद्यार्थियों की रचनात्मकताए तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान क्षमता का विकास किया जा सकता है। तीन दिवसीय यह कार्यशाला 20 जून तक आयोजित की जाएगी जिसमें शिक्षकों को ए आई कोडिंग रोबोटिक्स तथा प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण के उन्नत आयामों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रविशंकर श्रीवास्तव ने किया।

## ससुराल पक्ष पर गर्भवती को जबरन दवा खिलाने का आरोप

**हालत बिगड़ने की सूचना पर पहुंचे पिता ने साढ़ थाना पुलिस से की लिखित शिकायत**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के बेहटा गंभीरपुर गांव में ससुराल पक्ष के लोगों पर चार माह की गर्भवती महिला को जबरन कोई दवा खिला देने से हालत बिगड़ने का आरोप लगा महिला के पिता ने साढ़ थाना पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई साढ़ पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही करने की बात कही जा रही। बिधनू थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी अशोक पुत्र स्व देवीदीन ने तहरीर देते हुए बताया कि दस वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री शबनम का विवाह साढ़ थाना क्षेत्र के बेहटा गंभीरपुर निवासी पंकज उर्फ दीपू पुत्र स्व मंगली प्रसाद के साथ की थी जिसके चार बच्चे है उसने आगे बताया कि करीब छह माह से जेठ नीरज पुत्र स्व मंगली प्रसाद मछरिया निवासी नंद सोनी और ननदोई सोनू आए दिन उसे प्रताड़ित करते है पुत्री चार माह की गर्भवती है जिसे लेकर उपरोक्त लोग उसे ताना मारते हुए गालियां देते है पीड़ित ने बताया कि बुधवार सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बेटी को जबरन कोई दवा खिला दी जिससे उसकी हालत बिगड़ गई सूचना मिलने पर पहुंचे पिता ने बेटी के साथ साढ़ थाना पहुंच लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की।साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला को चिकित्सीय परीक्षण हेतु सीएचसी भेज विधिक कार्यवाही की जा रही।

## तमंचा लगा चेन सहित नगदी छीनने का आरोप पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। बीती रात साढ़ थाना क्षेत्र के कंठीपुर गांव के पास बाईक सवार युवक को तमंचा लगाकर रुपए सहित नगदी छीन लेने का आरोप लगाते हुए पीड़ित द्वारा साढ़ थाना पुलिस से लिखित शिकायत की गई पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही। घाटमपुर थाना क्षेत्र के इटर्रा निवासी दीपक पुत्र स्व रामदास ने तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात करीब नौ बजे वह कंठीपुर निवासी रमाकांत पुत्र स्व रामस्वरूप से मिलकर वापस घर जा रहा था जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंचा तभी अनुराग पुत्र गुरुप्रसाद पुत्र उत्कर्ष तथा रामजी ने उसे रोका तो उसने रफ्तार बढ़ा दी तभी अनुराग सहित अन्य दो अज्ञात ने लाठी से हमलाकर दिया और उसकी कनपटी में तमंचा लगाकर उसकी चेन तथा जेब में पड़े पांच सौ रूपये निकाल लिए कही बताने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले।साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद की जानकारी मिल रही फिर भी लगाए गए आरोपों की जांचकर कार्यवाही की जा रही।

## बुकिंग लेकर गए युवक के न लौटने से परिजन परेशान गुमशुदगी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के पर्वतखेड़ा गांव निवासिनी शिमला देवी ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुवे बताया कि बीती 15 जून को मेरा पुत्र अजय अपने ई रिक्शा से नारायनपुर निवासी तीन युवकों को दवा खिलाने के लिए थाना चौबेपुर के मकरंदपुर ले गया था पीड़िता ने बताया कि देर रात अजय से बात हुई तो उसने युवकों से कुछ कहासुनी की होने की जानकारी दी थी सुबह अन्य युवकों के घर पहुंचने पर बेटे के बाबत पूंछा तो बिधनू निवासी मामा के यहां होने की बात कह शाम तक लौटने की बात बताई तब से उसका कोई पता नहीं चल रहा।साढ़ थाना प्रभारी के के मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हमीरपुर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मृगांक शेखर पाठक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ मोहर्रम पर्व के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ताजिया जुलूसों के निर्धारित मार्गों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। डीएम एवं एसपी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों एवं नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी तथा सभी विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें, जिससे मोहर्रम पर्व पूर्ण सुरक्षा, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सरीला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पीस कमेटी के सदस्य, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत, फर्रुखाबाद

पत्रांक: 261 / मे० गंगा०द० / जि०पं० / 2026–27 दिनांक: 18 जून, 2026

**अल्पकालिक कुटेशन सूचना**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विगत वर्षों की भांति गंगा दशहरा मेला 2026 श्रृंगीरामपुर दिनांक 22.06.2026 से 25.06.2026 तक की जानी है। अतः आवश्यक व्यवस्था हेतु कुटेशन अनुभवी व्यक्तियों / फर्मों आदि से श्रृंगीरामपुर घाट पर गंगा दशहरा मेला में प्रकाश व्यवस्था (जनरेटर, ट्यूबलाइट, हाइलोजन) स्नान हेतु बैरिकेटिंग व चेंजिंग रूम (महिला / पुरुष) एक नाव / नाविक एवं गोताखोर, खोया पाया केन्द्र, साउण्ड सिस्टम इत्यादी के हेतु अल्पकालिक कुटेशन सूचना दिनांक 20.06.2026 को 11.00 बजे दिन तक आमंत्रित की जाती है, जो इसी दिन अपरान्ह 01.00 बजे उपस्थित कुटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। वस्तुस्थिति के अनुसार आइटमों को घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है। अन्य जानकारी किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यालय से की जा सकती है।

| कार्य अधिकारी | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| जिला पंचायत, फर्रुखाबाद। | जिला पंचायत, फर्रुखाबाद। | जिला पंचायत, फर्रुखाबाद। |

**राहगीरों को शरबत पिलाकर दी गर्मी से राहत**

विजयीपुर (फतेहपुर)। विकास खंड विजयीपुर के अंतर्गत ग्राम सभा सिलमी गढ़वा में भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल के तहत मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, ग्रामीणों और मजदूरों को ठंडा शरबत पिलाकर भीषण तपन से राहत दी गई। चिलचिलाती धूप के बीच आयोजित इस सेवा कार्य की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे जनहित में एक उत्तम प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवियों ने लोगों को अत्यधिक पानी पीने, धूप में निकलते समय सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश, निखिल त्रिपाठी, सचिन, गया और बुधेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चर्चित पट्टीशाह दोहरा हत्याकांड- 14 आरोपी दोषी करार, 18 साल बाद आया कोर्ट का फैसला

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले में 18 साल पुराने सनसनीखेज पट्टीशाह दोहरे हत्याकांड में अदालत ने बेहद कड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। जिला एवं सत्र न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए सभी 14 आरोपियों को हत्या का दोषी करार दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने सभी दोषियों को तुरंत हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। फिलहाल, न्यायाधीश ने सजा की अवधि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिसका एलान जल्द किया जाएगा।

यह पूरा मामला साल 2008 का है, जब हथगाम थाना क्षेत्र के पट्टीशाह गांव में एक मातमी जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान आपसी रंजिश के चलते घात लगाए बैठे हमलावरों ने बहुजन समाज पार्टी के तत्कालीन नेता मज्जू मियां के काफिले पर अचानक धावा बोल दिया था। हमलावरों ने बसपा नेता, उनके पुत्र रेयाज अतहर और निजी अंगरक्षक शमशाद को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी।

इस अंधाधुंध गोलीबारी में बसपा नेता के युवा पुत्र रेयाज अतहर को कई गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। वहीं, उनके निजी गनर शमशाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिन्होंने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इस दोहरे हत्याकांड ने उस वक्त उत्तर प्रदेश की सियासत और कानून-व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। घटना के बाद पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

गुरुवार को अदालत में दोनों पक्षों के वकीलों के बीच तीखी बहस हुई। अभियोजन पक्ष ने गवाहों और पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। दलीलें सुनने के बाद माननीय न्यायाधीश ने आरोपी शरीफ, मोईन, नेहाल, रईश, सगीर, इसराइल, अशोक, शफीक, साबिर, सादिक, वाजिद, संजय और मुन्नू सिंह समेत सभी 14 लोगों को इस जघन्य अपराध का दोषी पाया।

अदालत का फैसला आते ही कचहरी परिसर में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस ने सभी दोषियों को जेल रवाना कर दिया। पीड़ित परिवार ने इस फैसले पर संतोष जताते हुए कहा है कि देर से ही सही, लेकिन 18 साल बाद आखिरकार इंसाफ की जीत हुई है। अब हर किसी की निगाहें कोर्ट के अगले कदम पर हैं कि इन दोषियों को उम्रकैद मिलती है या फांसी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य विकास प्रदर्शनी

**- सेल्फी विद पीएम रही आकर्षण का केंद्र**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह परिसर में तीन दिवसीय भव्य विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के 12 वर्षों तथा प्रदेश सरकार के 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों, विकास योजनाओं और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों को आकर्षक चित्रों व मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर बनाया गया श्सेल्फी विद पीएमश् पॉइंट लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां अतिथियों सहित आम नागरिकों ने तस्वीरें खिंचवाई। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों को सीधे योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई और मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबियां, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के चेक, आयुष्मान कार्ड व टूलकिट वितरित किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह पटेल व विकास गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारतश् के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना अनिवार्य है। सीडीओ पवन कुमार मीना ने बताया कि 5 जून से 21 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान में पर्यावरण दिवस, ब्लॉक स्तरीय शिविर और योग दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल हैं। इस मौके पर कृषि विभाग ने किसानों को उन्नत बीज वितरित किए तथा लोक गायिका सलोनी व उनकी टीम ने लोकगीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लोक-प्रसार किया।

## खबर एक नज़र

### छोटी कमियों के कारण निरस्त न करें युवाओं के लोन आवेदनए दोबारा जांचें-डीएम

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में श्मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानश् की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने योजना के आवंटित लक्ष्यए प्राप्त आवेदनोंए स्वीकृतियों और निरस्त किए गए मामलों की बैंकवार गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन स्वीकृति के लिए लंबित हैंए उन्हें जल्द से जल्द पास कर ऋण वितरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों में ज्यादा से ज्यादा ऋण स्वीकृत कराएं। डीएम ने दो टूक कहा कि बैंक किसी भी आवेदन को सीधे निरस्त न करें। यदि आवेदनों में छोटी.मोटी कमियां हैंए तो उन्हें सही कराकर ऋण स्वीकृत करें।

निरस्त किए गए आवेदनों में स्पष्ट कारण दर्शाया जाए और उनकी दोबारा जांच की जाए। इस अवसर पर सीडीओ पवन कुमार मीनाए एलडीएम और उपायुक्त उद्योग उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट में डीसीसी व डीएलआरसी की बैठकए सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। वित्तीय वर्ष 2025.26 के चतुर्थ त्रैमास ;31 मार्च 2026 तकद्ध में फतेहपुर का ऋण जमानुपात 50ण्49 रहाए जिस पर डीएम ने बैंकर्स को कार्ययोजना बनाकर इसे तत्काल बढ़ाने और आरबीआई को अवगत कराने के निर्देश दिए।

बैठक में पीएम स्वनिधिए मुद्रा योजनाए ओडीओपी और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि आने वाले बुधवार को पीएम स्वनिधि के सभी स्वीकृत लाभार्थियों को लोन बांट दिया जाए। वहींए संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला कृषि अधिकारीए बैंक और बीमा कंपनियों को 15 दिनों के भीतर विशेष कैंप लगाकर किसानों को श्प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाश् से कवर करने को कहा गया। डीएम ने सरकारी ऋण योजनाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार पर जोर दिया ताकि लोग आत्मनिर्भर बन सकें। बैठक में सीडीओ पवन कुमार मीनाए एडीएम न्यायिकए आरबीआई प्रतिनिधि व एलडीएम मौजूद रहे।

### नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक का स्वागत, 21 को योग और 25 से चलेगा स्वच्छता अभियान

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी नमामि गंगे विभाग के प्रदेश संयोजक श्रीकृष्ण दीक्षित का जनपद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल ने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश संयोजक को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वाराणसी से आए प्रदेश संयोजक ने लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, पनी में आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए प्रदेश संयोजक श्रीकृष्ण दीक्षित ने आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर गंगा तट के किनारे योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगामी 25 जून से जनपद के सभी गंगा घाटों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने का कार्यक्रम तय किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्ष और राज्य सरकार के सफल 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन तथा विकास कार्यों की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, सुरक्षा और विकास का संकल्प निरंतर सशक्त हो रहा है।

नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इस दौरान संगठन के अतुल गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, अनूप भदौरिया, गीता दीक्षित, विधि दीक्षित, मनीष बाजपेयी, सुरेंद्र पाठक, राजेश खन्ना, मनोज सोनी और आशीष अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

### बांदा-सागर मार्ग पर रोडवेज बस की टक्कर से गर्भवती महिला की मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत खागा-बांदा सागर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार गर्भवती महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर बांदा-सागर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक यातायात ठप रहा।

जानकारी के अनुसार, थरियांव थाना क्षेत्र के खैरहवा गांव निवासी सुजान की पत्नी खुशबू देवी अपने भाई दीपक (निवासी देवीगंज, थाना राधानगर) के साथ बाइक से जिला अस्पताल में टीकाकरण कराने जा रही थीं। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही उनकी बाइक देवीगंज पुल के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि खुशबू देवी सीधे बस के पहिए के नीचे आ गईं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी परिजनों ने मृतका के आश्रितों को तत्काल आर्थिक सहायता, दोषी चालक की गिरफ्तारी और मार्ग पर गति नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। थाना प्रभारी श्याम सुंदर श्रीवास्तव ने बताया कि रोडवेज बस की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा 20 सूत्रीय ज्ञापन

**- आंदोलन की दी चेतावनी**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** भारतीय मजदूर संघ (उ.प्र.) की जिला कार्यसमिति के बैनर तले कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक 20 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, वेतन विसंगतियों और सामाजिक सुरक्षा के अभाव से श्रमिक वर्ग बेहद संकट में है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियों को तत्काल लागू करने, न्यूनतम वेतन 72 हजार रुपये निर्धारित करने, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, पुरानी पेंशन योजना (व्ढै) की बहाली और सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर तत्काल स्थायी भर्ती शुरू करने की मांग की गई है। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण पर रोक लगाने, 108 व 102 एम्बुलेंस कर्मियों की बहाली और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को स्थायी जगह देने की भी मांग उठाई गई।

इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष जय शंकर गुप्ता एवं जिला मंत्री रामनरेश ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि श्रमिकों और कर्मचारियों की इन मांगों का समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया, तो संगठन आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### बिंदकी में पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

बिंदकी (फतेहपुर)। नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बे के मुख्य बाजारों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिससे अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। खजुहा चैराहे से लेकर फाटक बाजार के पहले तक मुख्य बाजार में चले इस अभियान के दौरान पालिका की टीम ने सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से रखे गए तख्त, बेंच और अन्य काउंटर जब्त कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदवा दिए।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रदर्शन

**- प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन**




**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर गुरुवार को जिले के शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि संगठन शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) लागू करने का विरोधी नहीं है, बल्कि यह विरोध उन शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपने के खिलाफ है जिनकी नियुक्ति इस नियम के लागू होने से पूर्व हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व सेवा में आ चुके शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और नियुक्ति प्रावधानों के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक इन शिक्षकों को इस नियम से मुक्त नहीं कर दिया जाता।

जिला महामन्त्री अंकित अग्रहरि ने विधिक पक्ष रखते हुए कहा कि कोई भी कानून अपने बनने की तिथि से प्रभावी होता है, परंतु पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर इसे बैक-डेट से लागू करना न्यायसंगत नहीं है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र, जिला कोषाध्यक्ष केशव अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष गौरव गौर, प्रवीण कुमार, मीडिया प्रभारी दयाराम राजपूत, मयंक शुक्ला, विनय प्रताप, अभिषेक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## फतेहपुर में नए हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप का भव्य उद्घाटन

**. राहगीरों और ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत**



**फतेहपुर ;स्वतंत्र भारत ब्यूरो।** गाजीपुर से औगासी मार्ग पर स्थित ग्राम देवलान में एक नए हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप का भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए फ्यूल स्टेशन का शुभारंभ समाजसेवी कधई लाल और विनोद पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे। पंप के संचालक विनोद पासवान ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों को आश्वस्त किया कि इस स्टेशन पर ग्राहकों को शुद्धता और सही माप के साथ पेट्रोल व डीजल उपलब्ध कराया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इस आधुनिक पेट्रोल पंप पर शुद्ध पेयजलए मुफ्त हवाए स्वच्छ टॉयलेट और विशेष रूप से महिलाओं के लिए मिल्क फीडिंग सेंटर जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं।

यह फ्यूल स्टेशन उपभोक्ताओं के लिए 24 घंटे अपनी सेवाएं प्रदान करेगाए जिससे बांदा और चित्रकूट आने.जाने वाले यात्रियों को रात.बिरात ईंधन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। संचालक ने बताया कि इस पंप के खुलने से राहगीरों के साथ.साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को भी अब डीजल.पेट्रोल के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगाए जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इस उद्घाटन समारोह के विशेष अवसर पर सेल्स मैनेजर सैय्यद फराज हैदर अलीए आलोक रेस्टोरेंट संचालक आलोक पासवानए श्रीमती गीता देवीए पूनम देवीए रेनू देवीए शालूए अजीतए पंप मैनेजर विकासए दिनेश साहूए सुखदेव महाराजए बच्चा महाराजए राजकुमार सिंहए राम सिंह और स्थानीय ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

**फतेहपुर को-ऑपरेटिव बैंक महाघोटाला**

# जाँच अधिकारी अशोक कुमार का बड़ा बयान- विश्वास रखिए, शिकायतें बेहद गंभीर हैं और इस बार कोई भी दोषी बचेगा नहीं

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** फतेहपुर जिले में सहकारिता विभाग और जिला सहकारी बैंक के भीतर चल रहे बड़े भ्रष्टाचार और खाद वितरण घोटाले की परतें अब पूरी तरह खुलनी शुरू हो गई हैं। पिछले दो दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर गरमाई सियासत के बीच आज एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा घटनाक्रम हुआ। सूबे के निबंधक सहकारी समितियां का कार्यवाहक प्रभार देख रहे अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (सहकारिता) अशोक कुमार आज तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे जिला सहकारी बैंक मुख्यालय पहुंचे और संबंधित शिकायतों पर बिंदुवार मैराथन जाँच शुरू की। इस उच्च स्तरीय जाँच के दौरान प्रयागराज मंडल के डिप्टी रजिस्ट्रार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे, जिससे स्थानीय सहकारिता विभाग के अधिकारियों में हड़कंप का माहौल देखा गया।

जाँच अधिकारी अशोक कुमार ने शिकायतकर्ता और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित से बंद कमरे में लगभग एक घंटे तक विस्तार से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। इस दौरान बैंक के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इन दोनों शीर्ष को-ऑपरेटरों ने जाँच अधिकारी के सामने स्थानीय सहायक निबंधक कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित और उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने खुलकर आरोप लगाया कि फतेहपुर जिला सहायक निबंधक कार्यालय में एक पैरेलल व्यवस्था (समानांतर तंत्र) संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य सूत्रधार अनिल वर्मा नामक कर्मी को बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के मौजूदा एआर अंसल कुमार पूरी तरह से एक संग्रह सहायक (वसूली बाबू) गैंग की गिरफ्त में हैं। इसी लिपिक और वसूली बाबू गैंग ने मिलकर नई समितियों के गठन में बड़े पैमाने पर हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियाँ की हैं। दोनों शीर्ष पदाधिकारियों ने एक सुर में शासन से एआर कार्यालय की सफाई (कड़ी दंडात्मक कार्रवाई) करने की मांग की।

जाँच अधिकारी को सौंपे गए आधिकारिक पत्र में अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित ने 18 मई 2026 को सहकारिता मंत्री के समक्ष उठाए गए 5 प्रमुख बिंदुओं को पुनः दोहराया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बी-पैक्स जोनिहा में कार्यरत अनिल वर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने पुत्र की समिति में सबसे अधिक खाद आवंटित कराई और फिर अपने ही बेटे के माध्यम से किसानों को अधिक दाम पर खाद वितरण यानी खुलेआम ब्लैकमार्केटिंग कराई गई। इसके अलावा नवगठित बी-पैक्स सहिली और महना को ऑफ-सीजन में भारी मात्रा में खाद आवंटित की गई, जबकि उनके पास पर्याप्त संख्या में सदस्य तक मौजूद नहीं थे। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि जिले की 60 से 70 प्रतिशत समितियां ऐसी हैं, जहाँ अनिल वर्मा द्वारा बार-बार आवंटन कराकर खाद डंप कराई जाती है और फिर उसे ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध लाभ कमाया जाता है, जो पूरी तरह किसानों और शासन की मंशानुसार अहितकर है।



- **सहकारिता मंत्री को भेजे पत्र पर कार्यवाहक निबंधक की बिंदुवार जाँच**
- **अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने खोली वसूली बाबू गैंग की समानांतर व्यवस्था की पोल**
- **बी-पैक्स जोनिहा, सहिली और महना में खाद की ब्लैकमार्केटिंग का आधिकारिक पत्र में सनसनीखेज खुलासा**
- **एआर कार्यालय में सफाई की मांग**

जाँच के दौरान जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष अजय भदौरिया ने भी जाँच अधिकारी अशोक कुमार से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विभागीय अधिकारियों ने उनकी पूर्व में की गई एक शिकायत को दबाने के लिए शासन को गुमराह करने वाली और गलत रिपोर्ट भेजी है। भदौरिया ने अपनी मूल शिकायती पत्र की प्रति दोबारा जाँच अधिकारी को सौंपते हुए इस पूरे सिंडिकेट की गंभीरता और निष्पक्षता से जाँच कराने की मांग की। बताया जा रहा है कि जाँच अधिकारी ने घटना से जुड़े कुछ अन्य महत्वपूर्ण लोगों के भी बयान दर्ज किए हैं।

जाँच प्रक्रिया पूरी होने के बाद पत्रकारों से मुखातिब हुए अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक अशोक कुमार ने मामले की वस्तुस्थिति साझा की। उन्होंने स्वीकार किया कि शुरुआती जाँच में सहिली, महना और जोनिहा आदि सोसायटियों में गंभीर अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं। जब पत्रकारों ने उनसे स्थानीय रसूखदार सिंडिकेट के दबाव को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने बेहद सख्त लहजे में कहा, आप मेरा विश्वास करिए, शिकायतें बेहद गंभीर हैं और इस बार किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जाँच पूरी तरह पारदर्शी होगी।

अब देखने वाली सबसे बड़ी और दिलचस्प बात यह होगी कि लखनऊ से आए कड़े रुख के बाद क्या यह हाई-प्रोफाइल जांच वाकई किसी तार्किक मुकाम तक पहुंचेगी? क्या सहकारिता विभाग में कुंडली मारकर बैठे वसूली बाबू गैंग और उनके मददगार अधिकारियों पर शासन का बुलडोजर चलेगा, या फिर स्थिति ढाक के तीन पात जैसी पूर्ववत बनी रहेगी, जैसा कि भ्रष्टाचार के आरोपी और विभाग के बेताज बादशाह बने वसूली बाबू खुलेआम दावा कर रहे हैं।

### बैंक परिसर में सक्रिय रहा वसूली बाबू गैंग, पूरी सेटिंग हो गई है का किया दावा

फतेहपुर। जाँच के दौरान आज जिला सहकारी बैंक परिसर के भीतर और आसपास वसूली बाबू गैंग के गुर्गे और संबंधित सफेदपोश लगातार सक्रिय दिखाई दिए। सूत्रों के मुताबिक, विभाग में समानांतर व्यवस्था चलाने वाले इस सिंडिकेट के मुखिया यानी वसूली बाबू को परिसर के पीछे कुछ चहेतों से यह कहते हुए भी सुना गया कि, जाँच-वाँच से कुछ नहीं होने वाला, ऊपर तक पूरी सेटिंग हो चुकी है। फाइलें पहले ही दुरुस्त कर ली गई हैं। आरोपी कर्मी का यह अति-आत्मविश्वास पूरे सहकारिता महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है और यह सीधे तौर पर लखनऊ से आए उच्चाधिकारियों की साख को भी चुनौती दे रहा है।

### एआर के खौफ का आलम, ऑफिशियल ग्रुप में मैसेज डाल बुलाए एडीसीओ!

फतेहपुर। लखनऊ के विशेष जाँच अधिकारी और कार्यवाहक निबंधक अशोक कुमार की इस औचक दस्तक को लेकर स्थानीय सहायक निबंधक अंसल कुमार इस कदर भयभीत और असहज थे कि उनकी घबराहट साफ उजागर हो गई। अपनी ढाल तैयार करने के लिए उन्होंने आनन-फानन में विभाग के ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप में एक कड़ा मैसेज ड्रॉप किया। इस मैसेज में उन्होंने जिले के सभी एडीसीओ को सख्त निर्देश दिए कि वे जाँच के दौरान हर हाल में मौके पर मौजूद रहें। एआर की यह बेचैनी यह साबित करने के लिए काफी है कि एआर कार्यालय के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

### टोह लेते रहे दागी सचिव, पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे घाघ

फतेहपुर। सहकारिता विभाग की रीढ़ कही जाने वाली लेकिन भ्रष्टाचार के दीमक से खोखली हो चुकी विभिन्न समितियों के कई घाघ और चर्चित दागी सचिव भी आज बैंक परिसर के इर्द-गिर्द मंडराते नजर आए। सहिली, महना और जोनिहा सोसायटियों में हुए कारनामों की जाँच के चलते ये दागी सचिव इस कदर डरे हुए थे कि वे दूर से ही जाँच अधिकारी के हाव-भाव और दर्ज हो रहे बयानों की टोह (पल-पल की रिपोर्ट) लेते रहे। बंद कमरे से बाहर आने वाले हर शख्स से यह सिंडिकेट बस यही जानने की कोशिश कर रहा था कि अंदर आखिर क्या कार्रवाई चल रही है।

### गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शीतल जल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सिखों के पांचवें गुरु, शांति व त्याग के प्रतीक धन-धन श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस गुरुवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में अत्यंत श्रद्धा, सत्कार और वैराग्यमयी वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित विशेष गुरमत कीर्तन एवं कथा समागम में भारी संख्या में संगतों ने हिस्सा लेकर गुरु साहिब के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। समागम को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध सिख विद्वान ज्ञानी प्रीतम सिंह जी ने गुरु अर्जन देव जी के महान जीवन और सिख इतिहास में उनके अद्वितीय बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी की शहादत विश्व इतिहास की एक अनुपम मिसाल है। तपती तवी (लोहे की गर्म कड़ाही/चादर) पर बैठकर और उबलते पानी की यातनाएं सहते हुए भी उन्होंने अकाल पुरख का भाणा (इच्छा) सहर्ष स्वीकार किया और श्तेरा कीआ मीठा लागैश् के दिव्य संदेश को अपने जीवन से चरितार्थ किया। ज्ञानी प्रीतम सिंह ने बताया कि गुरु साहिब ने श्री आदि ग्रंथ साहिब का संपादन कर पूरी मानवता को आध्यात्मिक ज्ञान का अनमोल खजाना दिया और श्री हरिमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) की स्थापना कर समाज से ऊंच-नीच व जाति-पाति के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया।

शहीदी दिवस की स्मृति में भीषण गर्मी को देखते हुए संगत के लिए ठंडे व मीठे जल की भव्य छबील लगाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने सेवा भावना से राहगीरों को जल पिलाया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान नरेंद्र सिंह रिक्की और चरनजीत सिंह की अगुवाई में हुआ। इस दौरान जतिंदर पाल सिंह, परमजीत सिंह राजू, मनजीत सिंह, परविंदर सिंह सोनी, सेवा भारती से हिमांशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अशांत पीओके

वैसे तो पाकिस्तान की फौज के अफसरों और राजनीतिज्ञों को छोड़कर वहां की अंदरूनी हालत कोई अच्छी नहीं है लेकिन अपने कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके को वह लगातार और भी बुरी हालत में डालता चला आ रहा है। वहां के लोग जरूरी नागरिक सुविधाओं से भी महरूम हैं। स्थानीय नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और इन जैसी अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की जगह सरकार लगातार वहां के लोगों का दमन कर रही है। इसकी अगुवा वहां की फौज है जो खौफ का राज कायम करने का सबसे बड़ा जरिया बनी हुई है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सामने आया जब स्थानीय लोग मुजफ्फराबाद में अपने मूलभूत अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे थे लेकिन उनकी बात सुनने की जगह उनपर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी गईं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ताज्जुब की बात यह है कि एक तरफ तो पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के कश्मीर का मुद्दा लगातार उठाकर सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करता है लेकिन उसके अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों की दयनीय हालत कभी वैश्विक चिंता का विषय नहीं बन पाती। हालत यह है कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और मानवाधिकार आयोग तथा मुस्लिम रहनुमा पीओके में हो रहे जुल्म पर इस तरह चुप्पी साध लेते हैं मानो वहां कुछ अमानवीय हो ही न रहा हो। पाकिस्तान के झूठे प्रचार पर तो उन्हें चर्चा करने की जरूरत महसूस होती है लेकिन पीओके में भयंकर जुल्म की हकीकत की ओर वे देखना भी गवारा नहीं करते। अफरातफरी का माहौल बनाए रखने के बीच पाक सरकार अब पीओके को आतंकवाद का अड्डा बनाए हुए है। शायद वह चाहती है कि दुनिया पीओके को आतंकवादी क्षेत्र के रूप में जाने। इसीलिए उसने तमाम आतंकी संगठनों को वहां अपने ठिकाने बनाने के लिए शह दे रखी है। भारत ने इसीलिए वहां एयरस्ट्राइक भी की थी। इन आतंकी अड्डों के बारे में समाचार माध्यमों में भी खबरें बराबर आती रहती हैं। आम लोगों का मनोबल तोड़ने के लिए पाक सरकार मुजफ्फराबाद में निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या भी करवा रही है। इस तरह पाक अधिकृत कश्मीर एक तरफ तो आतंकवादियों का 'सेफ हेवन' बनता जा रहा है, वहीं स्थानीय लोगों के लिए यह नरक बन चुका है। इस पृष्ठभूमि में स्वाभाविक ही है कि भारत ने वहां हो रही ज्यादतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई है और आज भी ऐसा कर रहा है। पीओके के लोग आजादी मांग रहे हैं तो यह गलत नहीं है।

## नई चुनौती

लखनऊ में पहले के मुकाबले अपराध की काफी हद तक कमर तोड़ दी गई है जिससे खासतौर पर खाने-कमाने में व्यस्त रहने वाला गरीब तथा मध्यम वर्ग काफी राहत महसूस कर रहा है। माफिया के आतंक से छुटकारा मिला और व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों में कमी आई है। लेकिन अब हत्या और हत्या के प्रयास के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आमतौर पर अकेले ही वारदातों को अंजाम देते हैं जिनमें पिस्तौल-रिवॉल्वर का ही खासतौर पर इस्तेमाल होता है। भीड़भाड़ वाली बाजारों, व्यावसायिक परिसरों से लेकर स्कूल कैम्पस और हाईवे तक पर दुश्मनी निकालने के लिए इन हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले छह महीनों में ऐसी आठ घटनाएं हुईं जिनमें तीन लोगों की जानें गईं और दहशत का माहौल कायम हो गया। खास बात यह भी है कि ऐसी वारदातें किसी खास इलाके तक सीमित नहीं रहीं बल्कि हजरतगंज से लेकर बख्शी का तालाब और पीजीआई क्षेत्रों तक इन्हें अंजाम दिया गया। इन सबमें अपराधियों को अपने शिकार की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी थी और पूरे इत्मीनान के साथ एकाएक हमले किए गए ताकि बचाव के मौके न मिल सकें। यह भी सामने आया है कि हमलावर भले ही बाहरी रहे हों लेकिन उन्हें वारदात के बाद भागने के लिए रास्तों के बारे में पूरी जानकारी थी। यह लखनऊ के लिए एक नया 'गन कल्चर' है जिसका प्रतीक कभी श्रीप्रकाश शुक्ला हुआ करता था। यह शहर की कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। ठीक है कि सीसीटीवी जैसे साधनों की मदद से इनमें कुछ लोगों के बारे में जानकारियां हासिल हो सकी हैं लेकिन संमस्या की गंभीरता से इंकार नहीं किया जा सकता। इस नए चैलेंज से निपटने के लिए पुलिस को अपना क्विक रेस्पांस एवं मुखबिरी तंत्र व्यापक रूप से सक्रिय करना होगा। साथ ही व्यवसायियों एवं ठेकेदारों जैसे नागरिकों को अपनी सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**भारत पर हमला हुआ तो हम मदद करेंगे-ट्रंप**
न्यू इंडिया की सुरक्षा अब अमेरिका के भरोसे है!
**उद्धव ठाकरे की शिवसेना में टूट,छह सांसद बागी**
टुकड़ा टुकड़ा गैंग बहुत मेहनत कर रहा है!
**बृजभूषण शरण सिंह और बेटे को मिली धमकी**
कलियुग में यही सब उल्टे काम होंगे,राम राम..
**मानसिक बीमारियां आत्महत्या की बड़ी वजह**
सरकारें दारू के नये ठेके खोलती जा रही है!
**लोकतंत्र को बर्बाद कर रहे हैं अमित शाह-कांग्रेस**
सांसद बिकने को तैयार हैं,आप खरीद लीजिये!
**मानसून कमजोर,बारिश में चालीस प्रतिशत कमी**
राममंदिर में घोटाले से भगवान नाराज़ तो नहीं..

♦♦♦

# श्रद्धा और रोमांच का नया मेल



– डॉ. शिवम भारद्वाज

भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का चेहरा तेजी से बदल रहा है। यह अब केवल धार्मिक यात्रा नहींए बल्कि अनुभवए रोमांच और बदलती जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। इसमें संस्कृतिए साहसिक अनुभवए डिजिटल दुनियाए स्थानीय अर्थव्यवस्था और आत्मिक संतुलन की तलाश एक साथ दिखाई देती है। यही बदलाव इसे देश के सबसे रोचक सामाजिक परिवर्तनों में से एक बना रहा है। भारत की पहचान केवल उसके शहरोंए भाषाओं और भौगोलिक विस्तार से नहीं बल्कि उन यात्राओं से भी जुड़ी है जो सदियों से लोगों को नदियोंए पर्वतोंए मंदिरोंए दरगाहोंए गुरुद्वारों और मठों तक ले जाती रही हैं। इन यात्राओं में गंतव्य जितना महत्वपूर्ण थाए उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह अनुभव था जो व्यक्ति अपने साथ लेकर लौटता था।

समय बदला और उसके साथ यात्रा का अर्थ भी बदल गया। पहले तीर्थयात्रा को मुख्यतः धार्मिक दायित्व के रूप में देखा जाता था। लोग दर्शन करते थे और लौट आते थे। आज यात्रा केवल दर्शन तक सीमित नहीं है। लोग किसी स्थान को देखना ही नहींए उसे समझना भी चाहते हैं। उसकी संस्कृतिए इतिहासए लोकजीवन और वातावरण को अपने अनुभव का हिस्सा बनाना चाहते हैं।

इस बदलाव की सबसे स्पष्ट झलक यात्रियों में दिखाई देती है। एक समय था जब आध्यात्मिक यात्राओं को जीवन के उत्तरार्ध से जोड़कर देखा जाता था। माना जाता था कि जिम्मेदारियाँ पूरी करने के बाद व्यक्ति तीर्थयात्रा करता है। इसलिए ऐसे स्थलों पर बुजुर्गों की संख्या अधिक दिखाई देती थी। आज तस्वीर अलग है। चारधामए केदारनाथए अमरनाथए हेमकुंड साहिब और वैष्णो देवी जैसे स्थलों पर बड़ी संख्या में युवा दिखाई देते हैं। वे केवल दर्शन के लिए नहीं आते। वे यात्रा को एक अनुभव की तरह जीना चाहते हैं। उनके लिए रास्ता भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मंदिर।

युवाओं की यह बढ़ती भागीदारी आध्यात्मिक पर्यटन की प्रकृति को भी बदल रही है। यहीं से श्रद्धा और रोमांच के नए मेल की कहानी शुरू होती है। पिछले कुछ वर्षों में स्पिरिचुअल टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म के बीच की दूरी तेजी से कम हुई है। हिमालयी तीर्थस्थल इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। केदारनाथ तक की चढ़ाईए हेमकुंड साहिब का कठिन मार्ग या अमरनाथ की यात्रा अब केवल धार्मिक यात्राएँ नहीं रह गई हैं। इनमें श्रद्धा के साथ रोमांच भी शामिल है।

दरअसलए रोमांच और आध्यात्मिकता के बीच एक स्वाभाविक रिश्ता है। दोनों व्यक्ति को उसकी सुविधा.परिधि से बाहर निकालते हैं। दोनों उसे अपने भीतर झाँकने का अवसर देते हैं। पहाड़ों की कठिन चढ़ाईए लंबी पैदल यात्राएँ और प्रकृति का विराट विस्तार कई बार व्यक्ति को ऐसे मौन से परिचित कराते हैं जो रोजमर्रा के जीवन में दुर्लभ होता है। शायद यही कारण है कि अनेक यात्रियों के लिए ऐसी यात्राएँ केवल बाहरी नहीं भीतर की यात्रा भी बन जाती हैं।

नई पीढ़ी यात्रा को अलग.अलग खाँचों में नहीं बाँटती। उसके लिए पहाड़ों की चढ़ाई और भीतर की तलाश एक ही अनुभव का हिस्सा हो सकती है। वह सूर्योदय को भी याद रखती है और मंदिर की घंटियों को भी। वह रास्ते में मिलने वाली स्थानीय संस्कृति को भी महत्व देती है और मुख्य दर्शन को भी। आस्था अब केवल मंजिल में नहींए यात्रा के अनुभव में भी दिखाई देती है। यह परिवर्तन केवल यात्राओं तक सीमित नहीं है। इसके पीछे आधुनिक जीवन की बदलती प्राथमिकताएँ भी काम कर रही हैं। आज का जीवन पहले से अधिक तेजए व्यस्त और डिजिटल हो चुका है। उपलब्धियाँ बढ़ी हैंए लेकिन ठहराव कम हुआ है। कोविड महामारी के बाद यह एहसास और गहरा हुआ कि जीवन केवल दौड़ का नाम नहीं है। शायद यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग फिर उन स्थानों की ओर लौटेए जहाँ कुछ समय के लिए रफ्तार धीमी पड़ जाती है और मन को अपने साथ रहने का अवसर मिलता है।

इस बदलती मानसिकता को डिजिटल दुनिया ने और गति दी है। कभी यात्राएँ लोगों के अनुभवों से प्रेरित होती थींए अब वे अक्सर स्क्रीन से शुरू होती हैं। केदारनाथ की बर्फीली चोटियाँए काशी की आरतीए महाकाल लोक की भव्यताए अयोध्या का दीपोत्सव या किसी गुरुद्वारे का लंगरकृइनकी झलक कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुँच जाती है।

सोशल मीडिया ने आध्यात्मिक स्थलों को नई दृश्यता दी है। जो स्थान कभी सीमित क्षेत्र तक जाने जाते थेए वे आज राष्ट्रीय चर्चा का हिस्सा हैं। यूट्यूब व्लॉगए ट्रैवल कंटेंट और इंस्टाग्राम रीलों ने धार्मिक यात्राओं को नई पीढ़ी की बातचीत में ला खड़ा किया है। पहले लोग तीर्थों तक पहुँचते थेए अब तीर्थ भी मोबाइल स्क्रीन के रास्ते लोगों तक पहुँच रहे हैं।

इस बदलाव का असर स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। किसी तीर्थस्थल तक पहुँचने वाला यात्री केवल दर्शन नहीं करता। वह होटल में ठहरता हैए स्थानीय परिवहन का उपयोग करता हैए भोजन करता हैए हस्तशिल्प खरीदता है और अनेक सेवाओं का हिस्सा बनता है। इससे हजारों छोटे व्यापारियोंए कारीगरोंए गाइडों और सेवा प्रदाताओं की आजीविका जुड़ती है। अनेक छोटे शहरों और अर्ध.ग्रामीण क्षेत्रों में आध्यात्मिक पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी बन चुका है।

लेकिन लोकप्रियता अपने साथ चुनौतियाँ भी लेकर आती है। सोशल मीडिया के दौर में किसी स्थान की प्रसिद्धि बहुत तेजी से बढ़ सकती है। कभी.कभी कुछ वायरल वीडियो ऐसे स्थलों तक भी भारी भीड़ पहुँचा देते हैं जो अभी उस दबाव के लिए तैयार नहीं होते। नतीजा ट्रैफिकए कचराए पर्यावरणीय दबाव और बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ते बोझ के रूप में सामने आता है। यहीं यह समझना जरूरी है कि किसी तीर्थस्थल की सफलता केवल आगंतुकों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह अनुभव है जो लोग अपने साथ लेकर लौटते हैं। यदि यात्रा सहज और व्यवस्थित होए तो वह स्मृति बन जाती है। यदि अव्यवस्था हावी हो जाएए तो लोकप्रियता भी लंबे समय तक आकर्षण बनाए नहीं रख पाती।

फिर भी इन चुनौतियों के बावजूद आध्यात्मिक पर्यटन का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इसका कारण केवल आस्था नहीं है। इसके पीछे अनुभव की वह तलाश भी है जो आधुनिक जीवन में धीरे.धीरे दुर्लभ होती जा रही है।

आध्यात्मिक पर्यटन की सबसे दिलचस्प बात यही है कि इसे किसी एक परिभाषा में नहीं बाँधा जा सकता। यह धर्म हैए लेकिन केवल धर्म नहीं। यह पर्यटन हैए लेकिन केवल पर्यटन नहीं। इसमें संस्कृति हैए विरासत हैए स्थानीय समाज हैए डिजिटल प्रभाव हैए रोमांच है और व्यक्तिगत अनुभव भी है।

आज जब दुनिया का बड़ा हिस्सा स्क्रीन पर सिमटता जा रहा हैए तब यह दिलचस्प है कि लाखों लोग अब भी हजारों किलोमीटर की यात्राएँ कर रहे हैं। वे वह सब देखने निकलते हैंए जिसे वे पहले ही अपने मोबाइल पर देख चुके होते हैं। शायद इसका कारण यही है कि स्क्रीन दृश्य दिखा सकती हैए अनुभव नहीं दे सकती।

सदियों पुराने तीर्थ वही हैं। रास्ते भी लगभग वही हैं। लेकिन यात्री बदल गया है। उसके हाथ में अब प्रार्थना के साथ मोबाइल भी हैए श्रद्धा के साथ कैमरा भी और दर्शन के साथ अनुभव की तलाश भी। शायद इसी में आध्यात्मिक पर्यटन की सबसे बड़ी कहानी छिपी है। यह केवल लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं ले जाता। यह परंपरा को वर्तमान सेए आस्था को अनुभव सेए रोमांच को आत्मचिंतन से और भीतर की तलाश को बाहरी यात्रा से जोड़ देता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

मन और बुद्धि भी न लगा सके, तब ? (अर्जुन ने पीछे कहा भी है कि मन को रोकना तो मैं वायु की तरह दुष्कर समझता हूँ) इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम् । अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनञ्जय ।।9।। यदि तू मन को मुझमें अचल स्थापित करने में समर्थ नहीं है, तो हे अर्जुन ! योग के अभ्यास द्वारा मुझे प्राप्त होने की इच्छा कर। (जहाँ भी चित्त जाय, वहाँ से घसीटकर उसे आराधना, चिन्तन-क्रिया में लगाने का नाम अभ्यास है) यदि यह भी न कर पाये तो?-

अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव। मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन्सिद्धिमवाप्स्यसि ।।10।।

यदि तू अभ्यास में भी असमर्थ है तो केवल मेरे लिये कर्म कर अर्थात् आराधना करने में तत्पर हो जा। इस प्रकार मेरी प्राप्ति के लिये कर्मों को करता हुआ तू मेरी प्राप्तिरूपी सिद्धि को ही प्राप्त होगा। अर्थात् अभ्यास भी पार न लगे तो साधना-पथ में लगे भर रहो।

अथैतदप्यशक्तोऽसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः। सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतात्मवान् ।।11।।

यदि इसे भी करने में असमर्थ है तो सम्पूर्ण कर्मों के फल का त्याग कर अर्थात् लाभ-हानि की चिन्ता छोड़कर 'मद्योग' के आश्रित होकर अर्थात् समर्पण के साथ आत्मवान् महापुरुष की शरण में जा। उनसे प्रेरित होकर कर्म स्वतः होने लगेगा। समर्पण के साथ कर्मफल के त्याग का महत्त्व बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते । ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्।।12।।

केवल चित्त को रोकने के अभ्यास से ज्ञानमार्ग से कर्म में प्रवृत्त होना श्रेष्ठ है। ज्ञान-माध्यम से कर्म को कार्यरूप देने की अपेक्षा ध्यान श्रेष्ठ है; क्योंकि ध्यान में इष्ट रहता ही है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# हरित पुनरुद्धार की ओर बढ़ते भारत के कदम



– महेन्द्र तिवारी

पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने भूमि बहाली के क्षेत्र में एक ऐसी अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है जिसने पूरी दुनिया के सामने सफलता का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। भारत ने अपने निरंतर और सुनियोजित प्रयासों से 21ण्76 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा.भरा और उपजाऊ बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस विशाल आंकड़े की गंभीरता और इसके भौगोलिक विस्तार को इस तरह समझा जा सकता है कि यह क्षेत्रफल लगभग पूरे यूनाइटेड किंगडम अर्थात ब्रिटेन के कुल भौगोलिक आकार के बराबर है। इतने बड़े पैमाने पर सूखीए ऊसर और जीवनहीन हो चुकी ज़मीन को पुनर्जीवित करना केवल एक प्रशासनिक सफलता नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति देश की गहरी प्रतिबद्धता और दूरगामी नीतियों का जीवंत परिणाम है। इस ऐतिहासिक कदम ने न केवल भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा को मजबूत किया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति देश की साख को बहुत ऊंचा किया है। भूमि का इस तरह से पुनरुद्धार करना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रखने जैसा है जो सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। इस पूरी मुहिम की वैश्विक कड़ियों को जोड़कर देखना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि भारत के ये प्रयास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे बड़े अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। इसी संदर्भ में बॉन चुनौती का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आता है। बॉन चुनौती वास्तव में वनों की कटाई को रोकने और मरुस्थलीकरण के कारण बंजर हो चुकी भूमि को फिर से उपजाऊ और हरा.भरा बनाने का एक बहुत बड़ा वैश्विक संकल्प है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत वर्ष 2011 में जर्मनी की सरकार और इंटरनेशनल यूनियन फॉर ब्वदेमतअंजपवद ऑफ नेचर द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। जब इसे वैश्विक स्तर पर शुरू किया गया था तब इसका प्राथमिक लक्ष्य रखा गया था कि वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया में 150 मिलियन हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि को बहाल किया जाएगा। इसके बाद इस लक्ष्य को और अधिक विस्तारित करते हुए वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया। भारत ने इस वैश्विक चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया और अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को इसके साथ इस तरह जोड़ा कि आज देश इस दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। भारत की इस पर्यावरणीय यात्रा में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक विस्तार देने का निर्णय लिया। वर्ष 2019 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय के चौदहवें सत्र का आयोजन किया गया था जिसे कॉप 14 के नाम से भी जाना जाता है। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के पर्यावरणविदों और नीति निर्माताओं की उपस्थिति में भारत ने अपने पुराने लक्ष्यों में बड़ा संशोधन किया। भारत ने वैश्विक मंच पर यह संकल्प लिया कि वह वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और निम्नीकृत भूमि को पूरी तरह से बहाल करेगा। वर्तमान समय में हासिल किया गया 21ण्76 मिलियन हेक्टेयर का यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और वह इस अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से बहुत पहले ही प्राप्त करने की मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। इस विशाल भूभाग को दोबारा जीवन देने और उसे हरा.भरा बनाने के लिए देश में बहुआयामी रणनीतियों को अपनाया गया जिसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वनरोपण की रही है। देश के विभिन्न राज्यों में जो जमीनें पूरी तरह से खाली थीं या जहां औद्योगिक गतिविधियों और खनन कार्यों के बाद खदानों को बंजर छोड़ दिया गया था वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। इस प्रक्रिया में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि केवल पेड़ न लगाए जाएं बल्कि उन स्थानीय प्रजातियों के पौधों को चुना जाए जो वहां की मिट्टी और जलवायु के अनुकूल हों। इससे बंजर पहाड़ियों और मैदानी इलाकों में एक बार फिर से सघन हरित आवरण लौटने लगा जिसने भूमि के क्षरण को रोक दिया और मिट्टी की खोई हुई पोषक क्षमता को वापस लाने में मदद की। वनरोपण के साथ.साथ जल और मिट्टी के संरक्षण के लिए जलागम प्रबंधन तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया जो इस सफलता की रीढ़ साबित हुई। इसके अंतर्गत पहाड़ी और ढलान वाले क्षेत्रों में वैज्ञानिक पद्धतियों से छोटे.छोटे बांधों का निर्माण किया गया जिन्हें चेक डैम कहा जाता है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा के तेजी से बहते हुए पानी को रोका गया जिससे न केवल उपजाऊ मिट्टी का बहाव थमा बल्कि ज़मीन के भीतर पानी का स्तर भी तेजी से ऊपर उठा। भूजल स्तर में सुधार होने के कारण आसपास की सूखी और प्यासी ज़मीन को पर्याप्त नमी मिली जिससे वहां प्राकृतिक रूप से वनस्पतियों का उगना दोबारा शुरू हो गया और कई सूखी नदियां तथा जलस्रोत पुनर्जीवित हो उठे। इस अभियान की एक और बड़ी विशेषता कृषि वानिकी को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना रही है जिसने पारंपरिक खेती के तौर.तरीकों को सकारात्मक रूप से बदल दिया। परंपरागत रूप से किसान केवल अपनी फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करते थे लेकिन नई नीतियों के तहत उन्हें खेतों की मेड़ों पर और फसलों के बीच के खाली स्थानों में आर्थिक रूप से उपयोगी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। इससे किसानों को न केवल ईंधन और चारे के रूप में अतिरिक्त संसाधन मिले बल्कि खेतों की मिट्टी की नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता और सामान्य उर्वरता में भी भारी सुधार हुआ। कृषि वानिकी ने देश के ग्रामीण अंचलों में एक नए प्रकार के लाभदायक और टिकाऊ हरित तंत्र को जन्म दिया जिसने पर्यावरण के साथ.साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी संबल प्रदान किया। इन सभी सरकारी और तकनीकी प्रयासों को वास्तविक शक्ति और गति तब मिली जब इसमें आम जनता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी को अनिवार्य बनाया गया। संयुक्त वन प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत वनों के आसपास रहने वाले स्थानीय ग्रामीण निवासियों और विशेषकर आदिवासी समुदायों को जंगलों की रक्षा करने और नए पौधे लगाने की सीधी जिम्मेदारी सौंपी गई। जब इन समुदायों को यह अहसास हुआ कि जंगलों का विकास सीधे तौर पर उनके अपने जीवनए संस्कृति और आजीविका से जुड़ा हुआ है तो उन्होंने इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। लोगों के इस सामूहिक जुड़ाव के कारण ही नए लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई और सामुदायिक वनों का दायरा तेजी से बढ़ने लगा।

## प्रेरक प्रसंग

### चार बातें

एक बड़े बुद्धिमान साधु थे। उनसे शिक्षा लेने के लिए बहुत-से स्त्री- पुरुष आते थे। साधु उन्हें बड़ी, उपयोगी बातें बताया करते थे। एक दिन उन्होंने कहा, तुम लोग चार बातें याद रखोगे तो जीवन में बहुत ही आनंद से रहोगे।

लोगों ने पूछा, स्वामीजी, वे चार बातें क्या है ?

स्वामीजी बोले, पहली बात यह है कि तुम जहां भी रहो, अपने को आवश्यक बना दो। इतना काम करो कि लोग समझें कि अगर तुम चले गये तो उनका काम रुक जायगा। कहने का अर्थ यह है कि तुम किसी पर बोझ मत बनो, दूसरों के बोझ को हल्का करो।

लोगों ने कहा, दूसरी बात बताइये।

साधु बोले, अपने को खूब स्वस्थ रखो। काम करने के लिए शरीर को तन्दुरुस्त रखना आवश्यक है।

और तीसरी बात क्या है? लोगों ने उत्सुकता से पूछा।

साधु ने कहा, आलस को अपने पास कभी मत फटकने दो। जो आदमी प्रमाद करता है, वह निकम्मा हो जाता है।

आखिरी बात ? लोगों ने बड़ी जिज्ञासा से उनकी ओर देखा।

साधु बोले, एक-एक पैसे का उपयोग करो। मौज-शौक पर एक कौड़ी भी खर्च मत करो। याद रखो, तुम्हें जो पैसा मिला है, वह भगवान का दिया हुआ है, और भगवान की दी हुई चीज का किसी को दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे

वर्तमान समय में अनेक क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण बढ़ती अवसरवादी राजनीति, विचारधारा का अभाव, परिवारवाद और सत्ता प्राप्ति की अंधी दौड़ है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ती अस्थिरता तथा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसदों के शिंदे गुट में जाने की तैयारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्रीय दलों की जड़ें कमजोर होती जा रही हैं। सत्ता प्राप्ति के लिए वैचारिक विरोधियों से गठबंधन करने के कारण शिवसेना का पारंपरिक जनाधार कमजोर हुआ और पार्टी लगातार टूट का सामना कर रही है। इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस भी सत्ता केंद्रित राजनीति का उदाहरण रही है। किसी मजबूत वैचारिक आधार के अभाव में ऐसे दल सत्ता में रहते हुए तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन जैसे ही राजनीतिक परिस्थितियां बदलती हैं, उनका संगठन बिखरने लगता है। पश्चिम बंगाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया है कि केवल व्यक्तित्व आधारित राजनीति लंबे समय तक स्थायी नहीं रह सकती।आज देश में अनेक छोटे-छोटे क्षेत्रीय दल कुकुरमुत्तों की तरह उभर रहे हैं। इन दलों का उद्देश्य अक्सर जनसेवा से अधिक राजनीतिक सौदेबाजी दिखाई देता है। कुछ सीटें जीतकर वे सरकार गठन में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हैं और मंत्री पद या अन्य राजनीतिक लाभ प्राप्त करते हैं। क्षेत्रीय दलों की एक बड़ी समस्या उनका अलोकतांत्रिक ढांचा भी है। भारतीय लोकतंत्र के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक है कि क्षेत्रीय दल आत्ममंथन करें। उन्हें स्पष्ट विचारधारा, आंतरिक लोकतंत्र, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा सत्ता की राजनीति में अल्पकालिक लाभ भले मिल जाए, लेकिन जनता का विश्वास खोने वाले दलों का भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता। लोकतंत्र में अंततः वही दल टिकते हैं जो सिद्धांत, संगठन और जनता के विश्वास पर खरे उतरते हैं।

-विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# स्वस्थ रहने में मददगार है योग

क्या आपको दिनभर थका हुआ महसूस होता है या शरीर काफी अकड़ा हुआ लगता है, जिसकी वजह से कंधों, कमर आदि में दर्द रहता है? अगर हां, तो जरूरी है कि आप एक हेल्दी मॉर्निंग रुटीन फॉलो करें। आप सोच रहे होंगे कि इन सभी का इससे क्या लेना देना है, तो आपको बता दें कि आपकी सुबह की दिनचर्या आपके पूरे दिन को प्रभावित करती है। इससे आपके मूड, प्रोडक्टिविटी और सेहत तीनों पर काफी असर पड़ता है। इसलिए आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताने वाले हैं, जिसे अपने मॉर्निंग रुटीन में शामिल करके बेहतर फोकस, अच्छा मूड और ज्यादा प्रोडक्टिविटी का एहसास कर पाएंगे।

हम बात कर रहे हैं योग की। रोजाना सुबह योग करने से आप दिनभर एक्टिव महसूस करते हैं और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहती है। तो अगर आप भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो आइए जानते हैं सुबह के समय आप किन योगासनों को आसानी से कर सकते हैं।

ये योगासन करने में आसान हैं और इनके फायदे लाजवाब हैं। इसलिए अगर आपने पहले कभी योग नहीं भी किया है, तो भी आसानी -से इन आसनों को कर पाएंगे। आइए जानते हैं कैसे करें ये योगासन।

### भुजंगासन



इस आसन से आपकी छाती, कंधे, हाथ और पेट की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही, इस आसन से रीढ़ की हड्डी भी लचीली बनती है और ये आसान मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए जमीन पर चटाई बिछाएं और पेट के बल लेट जाएं। अपने हाथों को कंधों को बराबरी में रखें और पैरों के बीच भी इतनी ही दूरी लाएं। अब गहरी सांस भरते हुए, अपने हाथों पर बल देकर ऊपर की ओर उठें। इस दौरान अपने सीने को जमीन से ऊपर उठाएं और कंधों को पीछे की ओर धकेलें।

इस आसन में 30 सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य पोजीशन में लौट आएं।

### बालासन

सुबह के समय इस आसान को करने से आपकी कमर और हिप्स की मांसपेशियां खुलती हैं। साथ ही, इस आसन से गर्दन और सिर का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। ये पाचन को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

सबसे पहले जमीन पर चटाई बिछाएं और उस पर अपने दोनों हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों पैरों के अंगूठे को आपस में चिपकाएं और अपने घुटनों को दूर करें। अब अपने हाथों को आगे की तरफ फैलाएं और गहरी लंबी सांस लेते हुए नीचे की ओर झुकें। 60 सेकंड तक इस आसन में रहें और इसके बाद धीरे-धीरे सामान्य पोजीशन में आ जाएं।



### अधोमुख स्वानासन

इस आसन को करने से पीठ की मांसपेशियां, हाथ और पैरों को मजबूती मिलती है। साथ ही, ये ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है और तनाव कम करने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए चटाई पर अपने हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब गहरी सांस लेते हुए अपने घुटनों को जमीन से ऊपर उठाएं और अपनी पीठ को सीधी करने की कोशिश करें। इस दौरान अपने सिर को हाथों के बीच रखें। 30 सेकंड तक इस आसन में रहें और फिर रिलैक्स हो जाएं।



### मार्जरी आसन

इस आसन से रीढ़ की हड्डी फ्लेक्सीबल बनती है और बॉडी पोश्चर में सुधार होता है। साथ ही, ये आसन पाचन को बेहतर बनाता है और स्ट्रेस कम करने में भी मददगार है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए अपने हाथों और घुटनों के बल जमीन पर खड़े हो जाएं।

अब सांस छोड़ते हुए अपनी पीठ को ऊपर की तरफ ले जाएं और सिर को छाती की तरफ झुकाएं। इसके बाद सांस लेते हुए अपनी पीठ को नीचे की तरफ लाएं और पेट को जमीन की तरफ झुकाएं।



30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं और फिर रिलैक्स हो जाएं।

# इन घरेलू उपायों से जोड़ों के दर्द से मिलेगा जल्द आराम

आर्थराइटिस, जिसे जोड़ों का दर्द या गठिया भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जो जोड़ों में सूजन और दर्द का कारण बनती है। यह समस्या खासकर अधिक उम्र के लोगों और कभी-कभी युवाओं में भी देखी जाती है। आर्थराइटिस होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारण की बात की जाए तो जोड़ों पर अत्यधिक दबाव, चोट, ऑटोइम्यून विकार, और खराब जीवनशैली शामिल हैं। आर्थराइटिस की समस्या के कारण चलना-उठना और जीवन के सामान्य कार्यों को करना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कुछ लक्षण की अगर बात की जाए तो जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, और गतिशीलता में कमी हो सकती है। कई बार जोड़ों में दर्द और अकड़न के कारण उठने-बैठने, चलने-फिरने में परेशानी होती है। वैसे तो डॉक्टर से संपर्क करके सही उपचार करना जरूरी है, लेकिन लेकिन कुछ घरेलू उपाय आर्थराइटिस के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें कुछ प्रभावी घरेलू उपाय जो जोड़ों के दर्द से राहत दिला सकते हैं।



**1. हल्दी और दूध**

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन में एंटी इंफ्लेमेटरी और दर्द निवारक गुण होता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रात को सोने से पहले पिएं। यह जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करता है। नियमित सेवन से आर्थराइटिस के लक्षणों में सुधार हो सकता है।

**2. गर्म और ठंडी सिकाई**

जोड़ों के दर्द में गर्म और ठंडी सिकाई बहुत प्रभावी है। गर्म सिकाई मांसपेशियों को आराम देती है और अकड़न कम करती है, जबकि ठंडी सिकाई सूजन को नियंत्रित करती है। 15 मिनट तक गर्म पानी की बोतल से सिकाई करें, फिर 10 मिनट तक बर्फ की थैली का उपयोग करें। इसे दिन में दो बार करें। आर्थराइटिस के रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से इस उपाय को प्रयोग में लाना चाहिए।

**3. नियमित व्यायाम और मालिश**

हल्का व्यायाम, जैसे योग, तैराकी या पैदल चलना, जोड़ों को लचीला बनाता है। ताड़ासन और भुजंगासन जैसे योगासन विशेष रूप से लाभकारी हैं। साथ ही, नारियल या सरसों के तेल से जोड़ों की मालिश करें। तेल में लहसुन या अदरक का रस मिलाने से और लाभ मिलता है। मालिश रक्त संचार को बढ़ाती है और दर्द से राहत देती है।

**4. ओमेगा-3 युक्त आहार**

अलसी के बीज, अखरोट और मछली जैसे ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ जोड़ों की सूजन को कम करते हैं। शाकाहारी लोग अलसी का तेल या बीज अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियां और फल भी पोषण प्रदान करते हैं।

# बुढ़ापे तक लीवर को जवां रखने का काम करती हैं ये चीजें

हमारे शरीर में कई अंग दिन-रात काम करते हैं लेकिन लीवर (यकृत) वह मौन योद्धा है जो बिना शोर किए, हर पल हमें स्वस्थ रखने में लगा रहता है। यह न सिर्फ पाचन में मदद करता है बल्कि खून को साफ करने, विषैले तत्वों को बाहर निकालने, दवाओं को प्रोसेस करने और शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने जैसे सैकड़ों जरूरी काम करता है। जीवनशैली की छोटी-छोटी लापरवाहियां इस नाज़ुक अंग को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं और जब तक इसके लक्षण सामने आते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है इसलिए ज़रूरी है कि हम लिवर की देखभाल को गंभीरता से लें। सही खानपान, फिजिकल एक्टिविटी और समय-समय पर जांच से ही इस जरूरी अंग को उम्र भर स्वस्थ रखा जा सकता है।

भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति लिवर की समस्या से ग्रस्त है। लिवर से होने वाली मौतों का आकंड़ा भी बढ़ता ही जा रहा है। फैटी लिवर, लिवर में पानी भरना जैसे कई समस्या अब आम है लेकिन अगर आप हैल्दी खाते हैं तो ना तो लिवर में किसी तरह की सूजन आएगी और ना ही फैट।

**खान-पान का सबसे अहम रोल- बुढ़ापे तक जवां रहेगा लिवर**

लिवर को हैल्दी रखने का अहम काम आपका खान-पान ही करता है। आप जो खाते हैं, वहीं आपके शरीर पर असर दिखाता है। कुछ चीजें ऐसी हैं जो आपके लिवर के लिए जहर हैं जैसे प्रोसेस्ड-तला भुना खाना, मैदा चीनी और ज्यादा नमक लेकिन कुछ फूड्स आपके लिवर के लिए वरदान भी हैं जो सालों साल आपके लिवर को ज्वां बनाए रखते हैं। इसे अपनी डाइट में आप रैगुलर शामिल करते रहे तो लिवर डिटॉक्स होता रहेगा।

**चुकंदरः** चुकंदर आपके लिवर के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है। चुंकदर का जूस, सलाद जरूर खाएं।

**ब्रोकोलीः** ब्रोकोली इतनी फायदेमंद है कि ये आपके लिवर को डेमेज होने से बचाती है। फैटी लिवर से बचाती है। इसके अलावा आप केल,पालक और साग भी जरूर खाएं क्योंकि हरी पत्तेदार सब्जियां लिवर को डिटॉक्स करती है। चुकंदर और ब्रोकोली, ये दो चीजें तो रूटीन में अपनी डाइट में शामिल रखें।

**3. हरी पत्तेदार सब्ज़ियां-** जैसे पालक, मेथी, ब्रोकोली, सरसों का साग - ये लिवर से टॉक्सिन्स निकालने में मदद करती हैं। इनमें क्लोरोफिल होता है जो लिवर की सफाई करता है।

**5. अखरोट-** ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और ग्लूटाथियोन से भरपूर - लिवर की सफाई में सहायक। खासकर फैटी लिवर की स्थिति में लाभदायक।

**6. ग्रीन टी-** इसमें एंटीऑक्सीडेंट (कैटेचिन) होता है जो लिवर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। लिवर फैट कम करने में मदद करता है।

**7. सिट्रस फल -** जैसे नींबू, संतरा, मौसंबी - विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर। शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायक।

**8. सेब-** इसमें पेक्टिन होता है जो पाचन को बेहतर करता है और लिवर पर बोझ कम करता है। कोलेस्ट्रॉल को भी नियंत्रित करता है।

**लिवर हेल्दी रखने के लिए ये टिप्स जरूर अपनाएं**

शराब और तली चीजों से दूरी रखें।

धूम्रपान न करें।

रोज़ाना 8 से 10 गिलास पर्याप्त पानी पिएं।

# ऑफिस में गलत पॉस्चर में बैठने से शरीर में बढ़ जाता है इन बीमारियों का खतरा

आज के डिजिटल दौर में ऑफिस में घंटों तक कुर्सी पर बैठे रहना हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। इस दौरान हममें से ज्यादातर लोग अक्सर गलत तरीके से बैठते हैं, कभी कमर झुकाकर, तो कभी कंधे आगे करके या गर्दन को स्क्रीन की ओर झुकाकर। शुरुआत में यह बस थोड़ा-बहुत पीठ दर्द या गर्दन में अकड़न जैसा लग सकता है। लेकिन, अगर हम इस खराब पोस्चर को नजरअंदाज करते रहें, तो यह सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहता। लंबे समय तक ऐसे बैठने से हमारा शरीर कई गंभीर बीमारियों के घेरे में आ सकता है, जिनके बारे में शायद आपने सोचा भी न हो। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने से कौन-सी तीन बड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और कैसे आप खुद को इनसे बचा सकते हैं।



**पीठ और गर्दन का दर्द**

गलत पोस्चर में लगातार बैठने से आपकी रीढ़ की हड्डी पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। जब आप झुककर या कंधे झुकाकर बैठते हैं, तो रीढ़ की डिस्क और आसपास की मांसपेशियों पर असामान्य खिंचाव पड़ता है। यह धीरे-धीरे मांसपेशियों में खिंचाव, लिगामेंट्स पर तनाव और डिस्क के घिसाव का कारण बनता है। इसका सीधा परिणाम लगातार पीठ दर्द होता है, जो कमर से लेकर गर्दन और कंधों तक फैल सकता है। यह दर्द इतना बढ़ सकता है कि रोजमर्रा का सामान्य काम करना भी मुश्किल हो जाता है। कुछ मामलों में, यह साइटिका जैसी नसों से जुड़ी समस्याओं का भी कारण बन सकता है, जहां दर्द पैर तक फैल जाता है।

**खराब पाचन और मेटाबॉलिक समस्याएं**

गलत पोस्चर सिर्फ रीढ़ की हड्डी को ही नहीं, बल्कि आपके आंतरिक अंगों को भी प्रभावित करते हैं। जब आप कमर झुकाकर या आगे की ओर झुककर बैठते हैं, तो पेट और आंतों जैसे महत्वपूर्ण पाचन अंगों पर दबाव पड़ता है। यह दबाव पाचन प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स, अपच, पेट फूलना और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, गलत पोस्चर के साथ लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम होती है, जो आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है। धीमा मेटाबॉलिज्म वजन बढ़ने, इंसुलिन रेजिस्टेंस और अंततः टाइप 2 डायबिटीज जैसी मेटाबॉलिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**हृदय रोग का जोखिम बढ़ता है**

यह सुनकर शायद आपको आश्चर्य लगे, लेकिन गलत पोस्चर और अत्यधिक देर तक बैठे रहना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है। इससे वैरिकोज वेंस और डीप वेन थ्रोम्बोसिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें पैरों की नसों में खून के थक्के बन सकते हैं। इससे भी बढ़कर, गलत पोस्चर के साथ जुड़ा गतिहीन जीवनशैली हाई ब्लड प्रेशर, हाई कॉलेस्ट्रॉल और मोटापे को बढ़ावा देती है, ये सभी हृदय रोग और स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

**क्या करें?**

ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने के गंभीर परिणामों को देखते हुए, यह बेहद जरूरी है कि हम अपनी आदतों पर ध्यान दें। अच्छी बात यह है कि इन सभी खतरों से बचा जा सकता है। इसके लिए, सही एर्गोनोमिक सेटअप अपनाएं, अपनी कुर्सी, मॉनिटर और कीबोर्ड को ऐसे सेट करें कि आपकी पीठ सीधी रहे और आंखें स्क्रीन के लेवल पर हों। हर 30-60 मिनट में नियमित ब्रेक लें, खड़े हों, थोड़ा टहलें और स्ट्रेचिंग करें। बैठते समय सचेत होकर अपनी मुद्रा को सही रखें; पीठ सीधी, कंधे ढीले और पैर फर्श पर सपाट हों। अपनी कोर मसल्स को मजबूत करने के लिए नियमित व्यायाम करें, क्योंकि ये सही पोस्चर बनाए रखने में मदद करती हैं। यदि आपको लगातार दर्द या उपरोक्त में से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो तुरंत डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें।

# शरीर में है विटामिन बी-12 की कमी? डाइट में शामिल करें ये चीजें

विटामिन बी-12 हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, भूलने की बीमारी, और गंभीर मामलों में एनीमिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन संतुलित आहार के जरिए इसकी पूर्ति संभव है। केला, चना, अंडे और डेयरी उत्पाद जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन बी-12 की कमी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मददगार हैं। आइए जानें इनके फायदे और इन्हें डाइट में कैसे शामिल करें। **विटामिन बी-12 का महत्व-** विटामिन बी-12, जिसे कोबालमिन भी कहा जाता है, मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी की संभावना अधिक होती है, क्योंकि पौधों में यह स्वाभाविक रूप से कम होता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी, मतली आने, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों में इसकी कमी गंभीर हो सकती है। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। **1. केला-** केला न केवल ऊर्जा का त्वरित स्रोत है, बल्कि यह विटामिन बी-12 के अवशोषण में भी मदद करता है। हालांकि केले में सीधे तौर पर विटामिन बी-12 नहीं होता, लेकिन यह अन्य विटामिन्स और खनिजों के साथ मिलकर शरीर में इसकी कमी को संतुलित करने में सहायक है। रोजाना 1-2 केले खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, जो विटामिन बी-12 के अवशोषण को बढ़ाता है। **2. चना-** चना प्रोटीन और फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, किण्वित (फर्मेंटेड) चने में विटामिन बी-12 की मात्रा बढ़ सकती है। शाकाहारी लोग भुना हुआ चना, चने की सब्जी या चने का सूप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में सहायता करता है। **3. अंडे-** अंडे विटामिन बी-12 का शानदार स्रोत हैं। एक अंडे में लगभग 0.6 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है, जो दैनिक आवश्यकता का हिस्सा पूरा करता है। उबले अंडे, आमलेट या स्क्रैम्बल्ड एग्स को नाश्ते में शामिल करें। अंडे प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

# स्किन और बालों के लिए तो वरदान हैं आंवला

आंवला पोषक तत्वों का पावरहाउस होता है क्योंकि इसमें विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते है। आंवला का सेवन आप किसी भी रूप में कर सकते हैं। जैसे- आंवला का जूस, अचार, कैंडी और मुरब्बा। बहुत से लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है वह जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे लोगों को आंवला जरूर खाना चाहिए क्योंकि आंवले में विटामिन सी भरपूर होता है जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इससे आप वायरल इंफेक्शंस जैसे बुखार, सर्दी जुकाम आदि से बचे रहेंगे। अगर आपको खाया पिया नहीं पचता तो आंवला खाना शुरू करें। रोजाना कच्चा आंवला या फिर आंवले का मुरब्बा खाया जाए तो पेट की दिक्कतों राहत मिलती हैं। आंवले में फाइबर होता है जो हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ाता है, पाचन अच्छा रखता है। जिन लोगों को कब्ज रहती है उन्हें भी आंवला जरूर खाना चाहिए। विटामिन सी से भरपूर होने के चलते आंवला मेटाबॉलिज्म को फायदे देता है। जिन लोगों को ब्लड शुगर की समस्या है उन्हें भी डाइट में आंवला जरूर शामिल करना चाहिए। आंवला इसे कंट्रोल रखने में मददगार है। कच्चा आंवला, जूस डायबिटीज के मरीजों के लिए सही रहता है। आंवले में विटामिन ए रहता है जो आपकी आंखों के लिए अच्छा माना जाता है। आंखों में रोशनी कम होने से बचाता है। छोटे बच्चे हो या बड़े लोग, सबको हफ्ते में 1 से 2 बार आंवला तो जरूर लेना चाहिए। मार्कीट में आपके सुना होगा कई तरह के आंवला ऑयल मौजूद है। आंवले की तासीर ठंडी होती है इसलिए गर्मी के मौसम में बालों पर इसका तेल लगाना फायदेमंद हो सकता है।

वहीं आंवला आपकी स्किन को खूबसूरत रखता है और बालों को घना बनाने का काम करता है। आंवला हेयर फॉलिकल्स को फायदा देने में भी असरदार है। आंवले का सेवन रैगुलर करने से आपके बाल झड़ने-टूटने बंद हो जाएंगे।बाल मुलायम हो जाएंगे। आंवला का सेवन आप डायरेक्ट बालों में भी कर सकते हैं जैसे सूखे आंवले को हरी मेहंदी में भिगोकर लगा सकते हैं। शरीर जब अंदर से स्वस्थ रहता है तो उसका असर त्वचा पर बाहरी रूप से भी दिखने लगता है। एजिंग साइंस कम करने से लेकर कोलाजन बेहतर करने तक में आंवले का असर दिखता है। आपकी स्किन बेदाग चमकदार और झुर्रियों रहित हो जाएगी।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 19 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पंचमी तिथौ शुक्र वासरे 17/01/ आश्लेषा नक्षत्रे 10/07/ हर्षण योग 14/54/ बव करणे 05/55/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- ----

**मेष :** श्रम संघर्ष प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होगा। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। यात्राओं की योजना बन सकती है।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रम की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** अच्छी दशा वालों को मित्र मिलाप एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। घरेलू कार्य का बोझ तनाव दे सकता है।

**मीन :** अधूरे कार्यों का निपटारा करना आपको तनाव दे सकता है। अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाना पड़ेगा।

**सड़क पार करते समय स्टाफ नर्स टक्कर लगने से घायल**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच(जालौन)।** अर्बन हॉस्पिटल में कार्यरत स्टाफ नर्स रचना गौतम पत्नी विपिन किसी कार्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक से मिलने के लिए जा रही थी और जैसे ही वह अस्पताल के गेट के लिए सड़क पार करने लगी तभी सामने से आ रही लूना मोपेड चालक ने स्टाफ नर्स को टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई मौके पर उपस्थित लोगों ने तुरंत ही स्टाफ नर्स को उठाया और उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों द्वारा नर्स का इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# पहुज नदी में दर्दनाक हादसा, नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मृत्यु, मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

**-जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस, राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार की निगरानी'**



उरई : घटना स्थल पर मौजूद डीएम एसपी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** जनपद जालौन के माधौगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम गोपालपुरा के निकट पहुज नदी में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें मध्य प्रदेश के भिंड जनपद से आए तीन युवकों की नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई।जानकारी के अनुसार ग्राम लिधौरा थाना मिहौना, जनपद भिंड मध्य प्रदेश निवासी जगमोहन बघेल (19 वर्ष) पुत्र चरण सिंह, सुधीर बघेल (15 वर्ष) पुत्र जगदीश तथा अवनीश यादव (20 वर्ष) पुत्र गंगा सिंह यादव सहित कुल 17 युवक आगामी 19 जून को मंगलौर में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए एकत्रित हुए थे। इसी दौरान सभी युवक घूमने एवं स्नान करने के उद्देश्य से ग्राम गोपालपुरा के निकट पहुज नदी पहुंचे। नदी में स्नान करते समय तीनों युवक अनजाने में गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद अन्य युवकों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय गोताखोरों तथा एसडीआरएफ टीम को तत्काल मौके पर बुलाया गया। व्यापक खोज एवं बचाव अभियान चलाकर तीनों युवकों को नदी से बाहर निकाला गया, किंतु तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने तत्काल हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। एसडीआरएफ एवं अन्य एजेंसियों के माध्यम से रेस्क्यू अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मध्य प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित कर मृतकों के शव उनके परिजनों को सम्मानपूर्वक सौंपने तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना से संबंधित सभी विधिक एवं प्रशासनिक कार्यवाहियां संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ पूर्ण की जाएं तथा शोकाकुल परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। पुलिस द्वारा मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है तथा पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई की मोर्चरी भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की आपराधिक घटना सामने नहीं आई है। प्रथम दृष्टया यह हादसा स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण हुआ प्रतीत होता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनसामान्य से अपील की है कि वर्षा ऋतु के दौरान नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुनसान एवं गहरे जल क्षेत्रों में स्नान करने से बचें तथा सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# अमेरिकी दादागिरी के खिलाफ वामपंथी दलों का प्रदर्शन



उरई : प्रशासन को ज्ञापन देते भाकपा माले पदाधिकारी ।

**0 तीन नाविकों की हत्या पर मोदी सरकार को घेरा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** वामपंथी दलों के राज्य स्तरीय आवाहन पर आज जनपद मुख्यालय उरई की सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। भाकपा-माले, माकपा सहित विभिन्न वाम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अमेरिकन गुलामी बंद करोश्, श्तीन भारतीय नाविकों की हत्या पर जवाब दो जैसे जोशीले नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया और वहां एक विशाल सभा का आयोजन किया।प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा-माले जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा, राज्य कमेटी सदस्य एवं ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस के राष्ट्रीय पार्षद का. राम सिंह चैधरी, भाकपा नेता का. विजय सिंह राठौर और माकपा जिला सचिव कामरेड विनोद नगरिया ने संयुक्त रूप से किया।

सभा को संबोधित करते हुए का. राम सिंह चैधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की फासीवादी हुकूमत ने अमेरिका के सामने घुटने टेक दिए हैं, जिसके परिणामस्वरूप तीन भारतीय नाविकों की हत्या हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस घटना पर कोई ठोस जवाब नहीं दिया, जबकि अमेरिका की दादागिरी का पूरी दुनिया में विरोध हो रहा है। उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के साथ विश्वासघात बताते हुए कहा कि इससे देश में महंगाई, पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू गए। भाकपा-माले जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा ने कहा कि अमेरिकी घुसपैठ ने भारत को गुलामी की जंजीरों में जकड़ लिया है। ईरान-इजरायल युद्ध में इजरायल के पक्ष में खड़ा होकर भारत ने अपनी विदेश नीति को बर्बाद कर दिया, जिससे पड़ोसी देशों से दुश्मनी और आर्थिक संकट गहरा गया। इंकलाबी नौजवान सभा संयोजक कामरेड मुकेश मौर्य ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और लगातार हो रहे पेपर लीक के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि पुलवामा से पहलगाम तक देश की सीमाएं लीक हो गई हैं। भाकपा नेता कामरेड विजय सिंह राठौर ने कहा कि नाविकों की हत्या ने मोदी की अमेरिकी गुलामी की पोल खोल दी है, जिससे देश आर्थिक रूप से कमजोर हुआ और वैश्विक साख को ठेस पहुंची है। माकपा जिला सचिव कामरेड विनोद नगरिया ने इस फासीवादी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। इस अवसर पर कामरेड कमलेश आचार्य, मुन्ना यादव, शिव बालक बाथम, देवेश चैरसिया, हरिदास, रहमान साह, गायर, लक्ष्मी, हर्षित, कीर्ति, दिनेश, रमेश सहित दर्जनों वाम नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### पीएम स्वनिधि महोत्सव में पथ विक्रेताओं को बांटे ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र



स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)। नगर पालिका परिषद कालपी में शुक्रवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं एवं छोटे दुकानदारों को बिना गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान योजना के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लाभार्थियों को ऋण वितरण स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने वाले पथ विक्रेताओं को भी सम्मानित कर प्रमाणपत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने लाभार्थियों को डिजिटल भुगतान अपनाने तथा समय पर ऋण अदायगी के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और पथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता मिल रही है और स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है।इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह यादव, अवर अभियंता प्रवीण मौर्य, सभासद रवींद्र कोरी, आशु यादव, लिपिक शिशपाल सिंह यादव, डूडा के शहर मिशन प्रबंधक अहमद असकरी, सामुदायिक आयोजक योगेंद्र सिंह, नगर पालिका कर्मचारी इरफान सहित अन्य कर्मचारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''विकास प्रदर्शनी व कार्यशाला प्राकृतिक खेती'' का हुआ आयोजन



**-कृषक लाभार्थियों को बांटे गए कृषि यंत्र, जनप्रतिनिधिगणों के हाथों चाभी पाकर किसानों के खिले चेहरे**

**ललितपुर।** केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला'' का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में किया गया, जिसके लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में सभी तैयारियां पूर्व से ही पूर्ण कर ली गई थीं। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, सदस्या उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, जिला महामंत्री गौरव गौतम सहित जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति रही व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम की श्रृंखला में सभी जनप्रतिनिधियों ने सूचना विभाग व कृषि विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी व प्रचार साहित्य वितरण स्टॉल का अवलोकन किया व प्रशंसा की एवं सैंकड़ों की संख्या में आमजनों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित निःशुल्क प्रचार साहित्य वितरित किया गया व साथ ही मौके पर सूचना विभाग द्वारा एल.ई.डी वैन के माध्यम से योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों का प्रचार प्रसार कराया गया, इसी क्रम में अतिथियों के स्वागत में बुंदेली लोक कलाकारों ने बुंदेली राई एवं सैरा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, इसके उपरान्त अतिथियों ने अपने-अपने सम्बोधन में सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किये। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जो कार्य करके दिखाया है व ऐसा कार्य किसी सरकार ने नहीं किया है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने बल्क ड्रग फार्मा पार्क, मेडिकल कॉलेज, हवाई अड्डा, शहजाद नदी पर पुल का निर्माण, शहर की सड़क का चैड़ीकरण, रेलवे ओवर ब्रिज, बयाना नाला का पुल, सहित 40 माध्यमिक विद्यालयों का निर्माण सहित जनपद की कई बड़ी सड़कों का निर्माण कार्यों पर प्रकाश डाला। सदस्या राज्य महिला आयोग ने अपने संबोधन में आधी आबादी, मात्र शक्ति का आह्वान करते हुए विकसित भारत व विकसित राष्ट्र में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला व सरकार ने अपनी लगभग सभी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी है व उन्होंने आधी आबादी से शिक्षित व सशक्त बनने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती सीखने का आह्वान किया। उप कृषि निदेशक अख्तर हुसैन ने कृषि कार्य में उर्वरकों व रसायनों के अधिक उपयोग के नुकसान के बारे में जानकारी दी व सभी से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया व कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनुज कुमार गौतम ने डी.ए.पी, यूरिया, पेट्रोल, डीजल आदि पर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अपने विचार प्रकट किये व इसके उपरान्त जनप्रतिनिधिगणों ने लाभार्थियों को कृषि यंत्र, ट्रेक्टर आदि की डेमो चाभी एवं प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया व उन्हें प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# राजस्व बढ़ाने को पालिका का विशेष अभियान, पांच टीमों को सौंपी गई जिम्मेदारी



उरई : राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा करते नगर पालिका परिषद कालपी के राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह यादव।

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)। नगर पालिका परिषद कालपी ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के लिए विशेष वसूली अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत हाउस टैक्स, दुकान किराया और विभिन्न लाइसेंस शुल्क की बकाया धनराशि वसूलने के लिए पालिका प्रशासन ने अलग-अलग क्षेत्रों में टीमों की तैनाती कर दी है।

पालिका प्रशासन के अनुसार जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में नगर निकाय की आय बढ़ाने तथा विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से नगर के सभी 25 वार्डों में घर-घर संपर्क कर बकाया करों की वसूली की जा रही है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पांच राजस्व टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें अलग-अलग वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह यादव ने बताया कि राजस्व कर्मचारियों को मासिक लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। वसूली कार्य की नियमित समीक्षा भी की जा रही है ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कर वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और बकायेदारों से नियमानुसार संपर्क कर राजस्व जमा कराया जाए। उन्होंने कहा कि भवन कर, दुकान किराया और लाइसेंस शुल्क से प्राप्त होने वाली आय नगर के विकास कार्यों, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं पर खर्च की जाती है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह समय पर अपने बकाया करों का भुगतान करे। पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपने बकाया कर जमा कराएं, जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके और अनावश्यक कार्रवाई से भी बचा जा सके।

### सैनिक बन्धु की बैठक का हुआ आयोजन

ललितपुर। सैनिक बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमे उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एंव उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई सम्पन्न हुई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं विभागों से आये अधिकारियों व प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं आश्रितों को अवगत कराया। कुछ समस्याओं का निस्तारण हो गया है व लम्वित प्रकरणों से सम्वन्धित विभागों के अधिकारियों को अतिशीघ्र निस्तारण का आदेश दिया एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों को जल्दी समस्या समाधान हेतु भरोसा दिया व अपर जलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिको, आश्रितों एंव उनकी विधवाओं को सैनिक वन्धु बैठक में आकर अपनी समस्यायों से अवगत करायें एवं उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्यायों का निस्तारण व समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

# पीसीएफ उपाध्यक्ष रमाशंकर जायसवाल आज करेंगे जालौन का दौरा



सर्किट हाउस में सहकारी कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद, समस्याओं के समाधान पर होगी चर्चा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश प्रादेशिक कोऑपरेटिव फेडरेशन लि.पीसीएफ के उपाध्यक्ष रमाशंकर जायसवाल का जनपद जालौन में 19 जून 2026 को आगमन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह लखनऊ से जनपद जालौन पहुंचेंगे तथा सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्थानीय सहकारी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से संवाद करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 19 तारीख को उपाध्यक्ष दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस, उरई में सहकारी कार्यकर्ताओं, समिति प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इस अवसर पर वह सहकारिता क्षेत्र से संबंधित समस्याओं, सुझावों एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लि उरई, जालौन के सभापति उपेन्द्र सिंह राजावत ने जनपद के सहकारी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों से उपाध्यक्ष को अवगत कराएं, जिससे सहकारिता क्षेत्र के विकास एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

# शिक्षकों की समस्याओं के निदान को एससी-एसटी संघ ने बीएसए से की वार्ता



उरई : बीएसए से शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रमुख मांगें रखते शिक्षक ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)**एससी-एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुंदर सिंह शास्त्री श्सुगतश् के मार्गदर्शन में जनपद इकाई के पदाधिकारियों ने बुधवार को नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए विकास चैधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर वार्ता हुई।

जिलाध्यक्ष भगवती शरण रजक, जिला महामंत्री मानवेंद्र सिंह चैधरी और जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार दोहरे के संयोजन में आयोजित इस बैठक में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह दोहरे व प्रांतीय सदस्य मिस्टर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को भारतीय संविधान की प्रति और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।प्रदेश अध्यक्ष ने उठाए ये मुद्देप्रदेश अध्यक्ष श्री शास्त्री ने इस अवसर पर स्पष्ट कहा कि जनपद में किसी भी शिक्षक के साथ जातिगत भेदभाव के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए अधिकारियों से शिक्षकों के साथ गांव-गांव ष्शिक्षा चैपाल लगाने का आग्रह किया। साथ ही, ध्वस्त स्कूली भवनों के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग भी जोरदार तरीके से

### बीएसए का आश्वासन

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चैधरी ने शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र निदान का पूरा भरोसा दिया। उन्होंने कहा, हम यथाशीघ्र हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे अभिभावकों से लगातार संपर्क करें, विद्यालयों में नामांकन बढ़ाएँ और बच्चों को रुचिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि वे अधिक से अधिक प्रेरित हो सकें।इस अवसर पर आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पुनीत भारती प्रधानाचार्य, विकास कुमार सिंह प्रधानाचार्य, प्रवेंद्र पाल सिंह, बृजेश गौतम, के.के. शिरोमणि, अखिलेश कुमार अहिरवार, रमाकांत शाक्यवार, गोमती देवी, चंद्रशेखर, दिनेश कुमार, देवेंद्र सिंह, बीरेंद्र त्यागी, अमित गौतम, वीरेंद्र बौद्ध, सुनील कुमार, शैलेंद्र कुमार, विनय कुमार, दीपक सिंह, नरेश कुमार, नवीन कुमार आदि शामिल रहे।

# योग जागरण यात्रा का हुआ आयोजन



ललितपुर। पंतजलि मेला समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, युवा भारत, महिला पतंजलि सेवा समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति के तत्वाधान में मेला प्रोटोकाल अभ्यास के पश्चात् कम्पनी बाग से सदर काटा होते हुये योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें योग साधक करें योग रहे निरोग, सौ रोगों की एक दवाई प्राणायाम करो मेरे भाई, भारत माता की जाये, वन्दे मातरम् के नारे लगाते हुये चल रहे थे व घंटाघर पर योग जागरण यात्रा का समापन हुआ व भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अरविन्द कुमार जैन ने बताया कि 21 जून को प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक व 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रोटोकाल योगाभ्यास कराया जायेगा व ज्यादा संख्या में आकर स्वास्थ लाभ लें। योग जागरण यात्रा में साधकों में अरविन्द कुमार जैन, मुकेश साहू एडवोकेट, प्रीती जैन, योगिता जैन, गीता वर्मा, कल्पना समैया, नीलम जैन, मीना समैया, राजेश साहू, प्रकाशचन्द्र राहुल, अशोक सैन, पुष्पेन्द्र जैन, अनूप जैन, राहुल चैबे, राजेन्द्र उदैनिया, विनोद विश्वकर्मा, राममोहन श्रीवास्तव, अन्तिम जैन, रामलाल, सोहन आचार्य, अर्पित शर्मा, रमाकान्त, राकेश निरंजन, गौतम जैन आदि योग साधकों की उपस्थिति रहीं।

# फारूक ए आज़म रसूलअल्लाह की मुराद है- सैय्यद आमिर मसूद रब्बानी'



स्वतंत्र भारत ब्यूरोउरई(जालौन)। शहर के मोहल्ला तिलक नगर स्थित पीरो वाली मस्जिद का मैदान बरकाती ग्राउंड में हर साल की तरह इस साल भी 50वां सालाना 10 रोज़ा रूह परवर दीनी तब्लीग़ी इजलास पैग़ामें शहीदे आज़म का इनईकाद मुस्लिम वैल्फेयर ऐसोसिएशन कमेटी की जानिब से किया गया है जिसकी आज बुधवार को पहले महफिल मुनक्तिद हुई।

प्रोग्राम का आग़ाज़ तिलावते कुरान से हाफ़िज़ फज़्ले अज़ीम रहमानी ने किया व संचालन मास्टर तालिब बेग बरकाती ने किया।कानपुर से आए शायरे इस्लाम कलीम दानिश बरकाती, अमान बेग व एक छोटी बच्ची खिज़्रा फातिमा बरकाती ने नात शरीफ पढ़ी। इसके बाद फफूंद शरीफ से आए सैय्यद मज़हर चिश्ती ने तकरीर की और अल्लाह की वहदानियत पर ब्यान किया। मज़हर मियां ने कहा अल्लाह की नेअमतों का शुक्र अदा किया करो, आंखें अल्लाह की नेअमत हैं कान अल्लाह की नेअमत है हाथ अल्लाह की नेअमत है पैर अल्लाह की नेअमत है। आंखों की कीमत उससे पूछो जिसके पास आंखें ना हो कान की कीमत उससे पूछो जिसके पास कान ना हो हाथ की कीमत उससे पूछो जिसके पास हाथ ना हो पैर की कीमत उससे पूछो जिसके पास पैर ना हो यह सब अल्लाह की बहुत बड़ी नेअमतें है इसलिए हर हाल में अल्लाह का शुक्र अदा किया करो। उसके बाद बांदा से आए सैय्यद आमिर मसूद रब्बानी ने तकरीर की और इस्लाम के दूसरे खलीफा हज़रत उमर बिन खत्ताब की फज़ीलत ब्यान की और कहा एक मुहर्रम को हज़रत उमर का यौमे शहादत हैं हज़रत उमर को हुज़ूर ने खुद अल्लाह से दुआ करके मांगा था हज़रत उमर रसूलअल्लाह की मुराद है। इसके बाद सलातो सलाम और दुआ पर प्रोग्राम का समापन हुआ और प्रोग्राम के बाद लंगर तक्सीम किया गया। कमेटी मुस्लिम वैल्फेयर ऐसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अल्हाज मुहम्मद शारिक बेग़ बरकाती ने आयें हुए सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया। प्रोग्राम में मुख्य रूप से सैय्यद इस्राफील, आसिफ बेग, अब्दुल वहाब, अब्दुल रज़्ज़ाक़, एडवोकेट नासिरुद्दीन, आकिल बेग, मकसूद अहमद, रईस अहमद, कामिल बेग, नबीउद्दीन, पप्पू थापा, तौसीफ रहमानी, वासिक बेग, वामिक, ज़िया, दानिश, कामरान, हम्माद, तारिक, रुमान, राजा, बिलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी का शिकार होने वाले तीन पीड़ितो के खाते में कुल 1.54 लाख रुपए कराये गए वापस



बांदा। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा लगातार नए.नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिका बनाए जा रहे हैं । कभी आनलाइन अपाइंटमेंट बुकिंगए लोन दिलाने का झांसाए निवेश पर अधिक मुनाफे का लालचए फर्जी कस्टमर केयर कालए डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी या सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे गए लिंक के जरिए लोगों की निजी और बैंकिंग जानकारी हासिल कर उनसे ठगी की जा रही है । जागरूकताध्जागरुकता की कमी और जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों का फायदा उठाकर साइबर ठग आम नागरिकों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं । इस तरह के बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा साइबर टीम को ऐसे अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साइबर ठगी के शिकार हुए 03 पीड़ितों के खाते में कुल 1ए54ए000ध् रुपए सफलतापूर्वक वापस कराई गई । थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के स्वराज कॉलोनी निवासी दिलीप कुमार ऑनलाइन डॉक्टर की अपॉइंटमेंट बुक करने का प्रयास कर रहे थे इसी दौरान साइबर अपराधियों ने उन्हें एक फर्जी लिंक भेजा और अपॉइंटमेंट की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उस पर क्लिक करने के लिए कहा गया लिंक पर दी गई जानकारी भरने के बाद साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से कुल 90 हजार रुपये निकाल लिए ठगी का एहसास होने पर दिलीप कुमार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई । थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी नंदिता चौहान को साइबर ठगों ने आसान और त्वरित लोन उपलब्ध कराने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग शुल्कए फाइल चार्ज और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर लोन स्वीकृत होने का भरोसा दिलाते हुए उनसे कुल 42 हजार रुपये ठग लिए गए । बाद में धोखाधड़ी का पता चलते ही मामलें की शिकायत दर्ज कराई । थाना बबेरु क्षेत्र निवासी राहुल को साइबर ठगों द्वारा फोन कर स्वयं को पुलिसध्जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर राहुल पर अश्लील वीडियो देखने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्यवाही करने की धमकी दी गई । भयभीत होकर राहुल ने मामले के समाधान हेतु कथित जुर्माने के रूप में ठगों द्वारा बताए गए खाते में 22 हजार रुपये जमा कर दिए । बाद में उन्हें पता चला कि वे साइबर ठगी का शिकार हो गए हैंए जिसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराई । साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा की टीम द्वारा प्राप्त उक्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकिंग संस्थाओंए वित्तीय पोर्टलों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों व विभागों से समन्वय एवं प्रभावी पत्राचार के माध्यम से साइबर ठगी में फंसी धनराशि को होल्डध्फ्रीज कराते हुए कुल 1ए54ए000ध् की धनराशि तीनों पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई । सभी आवेदकोंध्पीड़ितों द्वारा अपनी धनराशि वापस पाने पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया गया । किसी भी अज्ञात लिंकए कॉलए मैसेज अथवा ऑनलाइन निवेश संबंधी प्रलोभन अथवा डर एवं भय उत्पन्न करने वाले संदेशोंध्कॉलों के प्रभाव में न आएं । किसी भी भ्रामक अथवा भय उत्पन्न करने वाले संदेशो पर प्रतिक्रिया देने से पूर्व सत्यापन अवश्य करें । तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम साइबर थानाध्पुलिस कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं ।

## स्टेडियम में स्थापित जिम को कुशलतापूर्वक पीपीपी मॉडल पर संचालित करें : डीएम

**-डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति की बैठक**



**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्टेªट में जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्टेडियम में स्थापित जिम को कुशलतापूर्वक पीपीपी मॉडल पर संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिम में लगी मशीनों का रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिम में टेªनर की व्यवस्था भी कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला स्टेडियम में खिलाडियों के लिए पर्याप्त सुविधाओं पेयजलए विद्युत एवं फर्नीचर आदि व्यवस्थाओं को कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों की खेल प्रतिभाओं को विकसित करने हेतु नये खेलों की व्यवस्था भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर खो.खोए कबड्डी आदि के खेलों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति द्वारा जनपद में खेलों के प्रोत्साहन हेतु सुझाव आमंत्रित किये गयेए जिसमें बॉलीबाल आउटडोर की व्यवस्था किये जानेए खिलाडियों को चोट लगने पर चिकित्सीय उपचार की व्यवस्था किये जानेए बैडमिन्टन कोर्ट में लाइट एवं मरम्मत कराये जाने के सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका को स्पोर्टस स्टेडियम में कूडा फेकने पर रोक लगाये जाने तथा टेन्ट की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त मजिस्टेªट श्री इरफानउल्ला खॉए जिला क्रीडा अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बांदा में 48 डिग्री पार तापमान का वैज्ञानिक अध्ययन शुरू

**. रिमोट सेंसिंग से खोजे जाएंगे लू और हीट वेव के असली कारण क्या हैं**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** बुंदेलखंड के बांदा जिले में गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लगातार 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच रहे तापमान को लेकर शासन ने गंभीरता दिखाई है। अमित आसेरी जिलाधिकारी बाँदा के अनुरोध पर शासन स्तर से छह वैज्ञानिकों की टीम जिले में पहुंची है। यह टीम आधुनिक रिमोट सेंसिंग तकनीकए उपग्रह चित्रों और वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर यह पता लगाएगी कि बाँदा में हीट वेव और लू का असर इतना ज्यादा क्यों होता है।

वैज्ञानिकों की टीम जिले के अलग.अलग क्षेत्रों का अध्ययन करेगी। इसमें यह देखा जाएगा कि किन इलाकों में जमीन सबसे ज्यादा गर्म हो रही हैए कहां तापमान बढ़ाने वाले कारक मौजूद हैं और किन कारणों से गर्म हवाओं का प्रभाव अधिक महसूस होता है।

### सर्वे में इन बिंदुओं पर होगा अध्ययन

जमीन की सतह का तापमानः उपग्रहों से मिले डेटा के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि बाँदा के कौन से क्षेत्र सबसे ज्यादा गर्म हो रहे हैं। हरियाली और वन क्षेत्र की स्थितिः पेड़ों की संख्याए वन क्षेत्र में बदलाव और हरियाली की कमी का तापमान पर कितना असर पड़ रहा हैए इसका आकलन किया जाएगा।

जल स्रोतों की भूमिकाः तालाबए नदियांए जलभराव वाले क्षेत्र और भूजल की स्थिति का अध्ययन किया जाएगाए क्योंकि नमी कम होने से गर्मी का असर बढ़ सकता है। भौगोलिक कारणः बुंदेलखंड की चट्टानी भूमिए कम नमीए खुला भूभाग और गर्म हवाओं की दिशा जैसे कारणों को वैज्ञानिक तरीके से जांचा जाएगा।, शहरी और मानवीय गतिविधियों का असरः सड़कोंए कंक्रीट क्षेत्रोंए धूलए निर्माण कार्य और अन्य गतिविधियों से बनने वाले श्हीट आइलैंड प्रभावश् का भी अध्ययन होगा।

वैज्ञानिक यह भी पता लगाएंगे कि बाँदा में तापमान केवल मौसम की वजह से बढ़ रहा है या स्थानीय परिस्थितियां भी इसे और ज्यादा गंभीर बना रही हैं। इसके लिए अलग.अलग मौसम के आंकड़ेए पुराने तापमान रिकॉर्ड और वर्तमान उपग्रह डेटा को मिलाकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि बाँदा में गर्मी के मौसम में तापमान कई बार 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका हैए इस अध्ययन की रिपोर्ट आने के बाद जिला प्रशासन को हीट एक्शन प्लानए अधिक पौधरोपणए जल संरक्षणए छायादार क्षेत्रों के विकास और गर्मी से बचाव की योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। माना जा रहा है कि बाँदा का यह वैज्ञानिक अध्ययन भविष्य में पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए उपयोगी मॉडल बन सकता है।

## रोजगार मेले का आयोजन 20 जून को

बांदा। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 20 जून को राजकीय आईटीआई परिसरए बाँदा में मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में बांदाए हमीरपुरए महोबा और चित्रकूट जनपद के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षाए कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कौशल विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। रोजगार मेले में टीवीएसए टाटा ग्रीन एनर्जीए जेप्टोए जय भारत मारुति लिमिटेडए महिंद्राए अमेजनए लेनोवोए यामाहा मोटर्सए जोमैटो और ब्लिंकिट समेत करीब 60 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इन कंपनियों द्वारा लगभग 7000 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

## बांदा में विकास की नई उड़ान, योगी सरकार ने नवाब टैंक को दिया पर्यटन का भव्य रूप

. नवाब टैंक में 9ण्52 करोड़ रुपए की लागत से चमका पर्यटन स्थल

फोटो नंबर.6



बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड के विकास को एक नई दिशा देते हुए बांदा जिले को एक ऐतिहासिक सौगात दी है। शहर के ऐतिहासिक नवाब टैंक को 9ण्52 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में चमका दिया गया है। जिसे जल्द ही आम जनता को समर्पित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस बड़े प्रोजेक्ट को निर्धारित समय.सीमा ;14 अक्टूबर 2026द्ध से काफी पहले ही पूरा कर लिया है जो राज्य सरकार की तीव्र विकास नीति को दर्शाता है।

इस परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण यहाँ का अत्याधुनिक म्यूजिकल फाउंटेन और लेजर लाइट शो है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऑक्सीजन पार्क नवाब टैंक में इस म्यूजिकल फाउंटेन का ट्रायल सफलतापूर्वक अपने अंतिम चरण में है। बहुत जल्द नगरवासियों को रंग.बिरंगी रोशनीए मनमोहक जलधाराओं और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। तकनीकी रूप से जटिल माने जाने वाले इस कार्य को पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्था ने आपसी समन्वय से रिकॉर्ड समय में मुकम्मल किया है जो विभाग की एक बड़ी कामयाबी है। नवाब टैंक का यह बदला हुआ स्वरूप न केवल बांदा बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के पर्यटन मानचित्र को बदल कर रख देगा। संगीत की धुनों पर थिरकते पानी के फव्वारे अब स्थानीय नागरिकों के साथ.साथ दूर.दराज से आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेंगे। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय व्यापार को भी भारी बढ़ावा मिलेगा। बुंदेलखंड जो कभी पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था आज योगी सरकार की नीतियों की बदौलत पर्यटन हब बनने की ओर अग्रसर है। इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए बांदा के सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि ष्सरदार वल्लभ भाई पटेल ऑक्सीजन पार्क नवाब टैंक बांदा की खूबसूरती में चार चांद लगाने जा रहा है।ष् उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं बल्कि बांदा के पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा वरदान साबित होगी। इस ऐतिहासिक कायाकल्प को देखकर बांदा के स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह है। जनता द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यशैली और विकासोन्मुखी नीतियों की चौतरफा तारीफ की जा रही है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समयबद्ध काम की नीति के कारण ही आज बांदा को इतनी बड़ी सौगात मिल सकी है। इस शानदार तोहफे के लिए क्षेत्र की जनता योगी सरकार का खुलकर गुणगान और आभार जता रही है।

## चरका खण्ड संख्या तीन के खनन क्षेत्र में किया गया वृक्षारोपण

बांदा।जनपद को हरा.भरा बनाने के लिए प्रशासन के द्वारा चलाई जा रही मुहिम में जहां एडीएम द्वारा खनन पट्टा धारकों को निर्देश दिए गये थे कि खनन क्षेत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जायेगा। वहीं प्रशासन के आदेश के बाद बालू खदान चरका खंड संख्या 3 में शिवा कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए वृक्ष लगाकर उनके रखरखाव के लिए पानी का छिड़कने एवं सुरक्षित रखने के लिए जाली की व्यवस्था की गई इस दौरान गांव के ग्रामीण एवं संचालक आरपी सिंह महावीर सिंह राठौर हिमांशु सिंह संदीप सिंह मंटू सिंह सहित गांव के युवा साथी मौजूद रहे।

## बकाये की वसूली न होने पर डीसीबी सभापति ने जताया रोष

बांदा । बांदा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0 बांदा के सभापति पंकज अग्रवाल द्वारा सहकारी देयों की वसूली की समितिवार एवं शाखावार समीक्षा बैंक के सचिव ध्मुख्य कार्यपालक अधिकारी सन्दीप त्रिपाठी एवं जनपद . बांदा के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक अंसल कुमार एवं जनपद . चित्रकूट के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धकए राजेन्द्र कुमार द्वारा प्रस्तुत सूचनाओं में किया गया उनके द्वारा समीक्षा दौरान पाया गया कि वसूली अभियान में मात्र 12 दिन ही शेष है जबकि अभी भी अधिकांश समितियों की चालू मांग शेष है ए चालू मांग के शेष होने पर उनके द्वारा समितियों एवं समिति के सदस्यों को होने वाली क्षति को दृष्टिगत रखते हुये चिन्ता व्यक्त की गयी क्योंकि वर्ष दौरान लिये गये ऋण की अदायगी 30 जून 2026 तक नहीं की जाती है तो उनका बकाया पड जाने पर आगामी ऋण वितरण न प्राप्त होने के साथ .2 उनको 17ण्70 प्रतिशत ब्याज चार्ज होगी तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त होने वाला ब्याज अनुदान का लाभ भी प्राप्त नहीं होगा जिसका प्रभाव उनकी आर्थिक स्थिति में पडेगा जो उनके एवं उनके परिवार के हितों के प्रतिकूल होगा । इसी प्रकार बकाये की वसूली न होने पर उनके द्वारा रोष व्यक्त करते हुये नये बकाये की शत प्रतिशत तथा पुराने बकाये का कम से कम 20 प्रतिशत वसूल करने हेतु द्वय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक से अपेक्षा की गयी । उनके द्वारा समिति के बकायेदार सदस्यों से भी अपील की गयी कि वह अपनी समिति के सचिव से सम्पर्क कर अपना बकाया जिसमें 17ण्70 प्रतिशत की ब्याज चार्ज की जा रही है ए को अदा कर पुनः समिति से 3 प्रतिशत का ऋण प्राप्त कर अपने कृषि कार्य में प्रयोग करें ताकि उनकी आय में वृद्धि होने के साथ .2 भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त हो सके । उक्त सम्बन्ध में उनके द्वारा बी .पैक्स के सम्मानित अध्यक्षों एवं अपनी प्रबन्ध समिति के सम्मानित उपाध्यक्ष सहित समस्त संचालकों से भी सहकारिता आन्दोलन को मजबूत करने एवं सहकारी देयों की वसूली के अवशेष दिनों में अपना बहूमल्य समय देकर अपने . 2 क्षेत्र की अधिक से अधिक वसूली कराने हेतु लिखित पत्र निर्गत कर अपेक्षा की गयी है। साथ ही उनके द्वारा सहकारी समिति के सम्मानित सदस्य जिनके द्वारा वर्ष दौरान ऋण लिया गया है या बकायेदार हैए को 30 जून 2026 तक अपनी सहकारी समिति में जमा कर पुनः ऋण प्राप्त करने की भी अपील की गयी है क्योंकि वसूली अभियान 30 जून के उपरान्त समाप्त हो जायेगा ।

## मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हमीरपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जनपद हमीरपुर में प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत आज अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा थाना राठ क्षेत्र स्थित ब्रह्मानन्द डिग्री कॉलेज मैदान का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड, जनसभा स्थल, वीआईपी आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं तथा कार्यक्रम स्थल पर की जा रही अन्य तैयारियों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।

महोदय ने कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, वीआईपी सुरक्षा, संचार व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक बिंदु पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर माननीय राठ विधायिका श्रीमती मनीषा अनुरागी, श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# हुसैनी 72 वेलफेयर सोसायटी द्वारा मुहर्रम पर सबील का आयोजनए कौमी एकता का दिया संदेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**
**बांदा।** मुहर्रम के अवसर पर हुसैनी 72 वेलफेयर सोसायटी द्वारा शहर में सबील लगाकर राहगीरों एवं आम नागरिकों को शरबत और ठंडा पानी वितरित किया गया। इस अवसर पर हिंदूए मुस्लिमए शिया और सुन्नी सभी समुदायों के लोगों को समान रूप से शरबत पिलाकर आपसी भाईचारेए प्रेम और इंसानियत का संदेश दिया गया।

सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन ;अण्सण्द्ध की याद में लगाई गई इस सबील का उद्देश्य मानवता की सेवा करना तथा समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। बड़ी संख्या में लोगों ने सबील पर पहुंचकर शरबत ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने में डाण्शोएब नियाज़ी उर्फ शिबू भाई अरशद निजामीए राजेश दीक्षित जी एडवोकेट इदरीस ख़ानए निज़ामउद्दीन फ़ारूक़ी एआरिफ निजामीए सीमा ख़ान आरिफ नियाज़ीए अतीक अली फरहान ए हमज़ा ए फ़ैज़ान रब्बानी ए लब्बैक रब्बानी ए आसिफ अली एअली सादात खानए अफ़नान हुसैन शोएब रिजवीए दानिश मजीद दानिश नियाज़ी एवं सोएब रिज़वी समीर अहमद साकिब अहमद का विशेष सहयोग रहा।

हुसैनी 72 वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद साद हुसैन ने सभी सहयोगियोंए नगरवासियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इमाम हुसैन ;अण्सण्द्ध की शिक्षा इंसानियतए न्यायए त्याग और भाईचारे का संदेश देती हैए जिसे समाज तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह आयोजन शहर में कौमी एकताए भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का एक सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।

## चंदौर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप, नाली, खड़ंजा बदहाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** तहसील अतर्रा क्षेत्र के अंतर्गत चंदौर ग्राम पंचायत मैं विकास कार्यों के नाम पर भारी धांधली का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव मैं विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया गया है । ग्राम प्रधान ममता यादव एवं सचिव भवानी सिंह ने मिलकर कागजों में विकास कार्यों को दिखाकर कई लाखों रुपए का बंदर वाट किया जाना बताया गया है। गांव की नालियां गंदगी से भरी पड़ी है। बताया गया की ना गांव में सफाई कर्मी है। यदि कोई ग्राम सभा के लोग गांव की हकीकत मीडिया वालों से बताते हैं तो उससे प्रधान पति कमलेश यादव लड़ने पर आमादा हो जाता है । यह भी बताया गया कि गांव का व्यक्ति मीडिया के सामने के सामने बयान देता है । तो उसे प्रधान पति कमलेश यादव जाकर धमकता है और गाली-गलौज करता है। नाली, खड़ंजा समेत बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह जर्जर हालत में हैं। जबकि कागजों में काम पूरा दिखाकर सरकारी धन निकाल लिया गया है।

स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान ममता देवी एवं पंचायत सचिव पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजा जगह.जगह टूटा है, नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों ने समाचार के माध्यम से अवगत कराते हुए एवं ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग पहले ही कर चुके हैं। चंदौर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों ने कहा कि टीम भेजकर मौके पर नाली-खड़ंजा की स्थिति देखी जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। प्रधान ममता यादव ने ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया। जो थोड़ा बहुत किया गया है वह भी मानकों को दरकिनार करते हुए किया गया है।आवास से लेकर शौचालय तक में फर्जीवाड़ा किया जाना बताया गया ।

# विकसित उत्तर प्रदेश पर आधारित

**.. नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गरीब कल्याण को केंद्र में किया है स्थापित .. कल्लू राजपूत**

**.. केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदर्शनी में कल्याणकारी योजनाएं को किया गया प्रदर्शित**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** मोदी सरकार के 12 साल विश्वास के ए विकास के ए जन कल्याण के अभियान के तहत महाराणा प्रताप चौक में एक विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका आज भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अवलोकन किया गया स आप सभी को ज्ञात हो की प्रदर्शनी में जन धन योजनाए उज्जवला योजनाए आयुष्मान भारत ए प्रधानमंत्री आवास योजना ए स्वच्छ भारत मिशनए डिजिटल इंडियाए आदि योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी में पोस्टर के माध्यम से दी गई स इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का संकल्प सबका साथ सबका विश्वासए सबका विकास और सबका प्रयास आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुँच रहा हैं स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गरीब कल्याण को शासन ने केंद्र में स्थापित किया हैं स 12 वर्षों में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप इकोसिस्टम बना हैं स जो निर्णय बीते अनेक दशकों से लंबित थे वे आज सच्चाई बन चुके हैं स प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प ए आत्मनिर्भर हुए बिना भारत विकसित नहीं हो सकताए को लेकर मेक इन इण्डिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिली हैं और केंद्र सरकार ने वैश्विक पटल पर भारत को एक मजबूत महाशक्ति के रूप में स्थापित किया हैं स कार्यक्रम में वन्दना गुप्ताए ममता मिश्राए आनंदी साहूए उत्तम सक्सेनाए दुर्गा चौरसियाए अमित सेठ भोलूए निर्मला गौतमए जाग्रति वर्माए सुधीर सिंह दिलीप तिवारीए पंकज रायकवारए रूपा चौहान ए राजेश गुप्ता रज्जनए लखन कुशवाहाए राकेश वाल्मीकिए देवेंद्र भारतीय आदि शामिल रहे।

## प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने विकास प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

हमीरपुर। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अम्बेडकर पार्क, हमीरपुर में सूचना विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी परिसर में स्थापित सेल्फी विद पीएम प्वाइंट पर प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन के साथ सेल्फी लेकर कार्यक्रम की आकर्षणपूर्ण गतिविधियों में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की विकास प्रदर्शनी सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक एवं प्रगतिशील खेती कार्यशाला में प्रतिभाग कर किसानों एवं जन समान्य को संबोधित किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से जहां भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है, वहीं मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कम लागत, अधिक टिकाऊ एवं पर्यावरण हितैषी कृषि पद्धति है, जिसे अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ भूमि की गुणवत्ता को भी संरक्षित रख सकते है। उन्होंने किसानों से पराली एवं फसल अवशेषों को न जलाने की अपील करते हुए उनके वैज्ञानिक एवं उपयोगी प्रबंधन पर बल दिया। साथ ही किसानों को नियमित रूप से मृदा परीक्षण कराने एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया, जिससे भूमि की आवश्यकतानुसार उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा प्राकृतिक एवं परंपरागत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

# डीएम ने कार्यदायी संस्था यूपी आरएनएन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**-सीएमआईएस पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रगति रिपोर्ट और पूर्णता प्रमाण पत्र अपलोड करने के आदेश**



**चित्रकूट-** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक की लागत वाली निर्माण परियोजनाओं एवं उनके लिए नामित जांच अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों में गति लाने, पारदर्शिता बरतने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के संबंध में कड़े दिशा-निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने सभी नामित जांच अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आवंटित परियोजनाओं का प्रत्येक माह में अनिवार्य रूप से दो बार स्थलीय निरीक्षण करें और अपनी विस्तृत आख्या प्रेषित करें। इसके साथ ही, सभी अधिकारी मासिक समीक्षा बैठकों में भी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें, ताकि परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति से अद्यतन रहा जा सके। समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर जो परियोजनाएं पिंक कलर में प्रदर्शित हो रही हैं, उनकी पूर्णता तिथियों को तत्काल पुनरीक्षित कर पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुकी हैं, कार्यदायी संस्थाएं उनके पूर्णता प्रमाण पत्र, हस्तांतरण प्रमाण पत्र और कार्य की अद्यतन तस्वीरें तुरंत सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिशासी अभियंता, यूपीआरएनएन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिन परियोजनाओं की समय-सीमा नजदीक है, वहां मैनपावर बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए और उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण कराया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, समस्त नामित जांच अधिकारी एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**योग व्यायाम 21 जून को**

**भरथनाए इटावा।** आर्य समाज मन्दिर एवं आर्यवीर दल भरथना द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग एवं व्यायाम सत्र 21 जून दिन रविवार को प्रातः 6 बजे आयोजित किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी आर्य समाज मन्दिर भरथना के प्रधान सत्यभान आर्यए मंत्री मोहन आर्यए कोषाध्यक्ष सतेन्द्र आर्य ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि कस्बा के मुहल्ला गिरधारीपुरा में संचालित पार्क मे आयोजित विशेष योग एवं व्यायाम सत्र व्यायाम शिक्षक. विश्वास आर्य की देखरेख में सम्पन्न होगा।

# बैंक ऑफ इंडिया शाखा में करोड़ों के गोल्ड पैकेट गबन का खुलासा शाखा प्रबंधक समेत तीन बैंककर्मी गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** थाना अरांव पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया की भारौल शाखा में लॉकर में रखे सोने के पैकेटों के गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए शाखा प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक करधनी एवं एक जोड़ी दस्ती ;पीली धातुद्ध भी बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि बैंक के लॉकर में रखे गए सोने के कुल 96 पैकेटों के गबन का मामला प्रकाश में आया है। प्रारंभिक जांच में इसकी कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक ऑफ इंडिया भारौल शाखा के शाखा प्रबंधक संदीप यादव क्रेडिट अधिकारी दिलीप कुमार तथा अधिकारी नरेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना अरांव में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है तथा मामले में आगे की जांच एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी थाना अरांव पुलिस टीम ने घिरोर बाईपास तिराहा कस्बा अरांव क्षेत्र से की।

# हाईटेंशन लाइन टूटने से कोहराम, एक की मौत, गर्भवती महिला झुलसी

**घरों में दौड़ा हाई.वोल्टेज करंटय 20.25 घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फुकेए बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप**



**छिबरामऊरू** तहसील क्षेत्र के जरियापुर गांव में सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ एक जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे से गुजर रही एलटी लाइन पर गिर गया। इस दुर्घटना के कारण पूरे गांव के करीब 20 से 25 घरों में अचानक हाई.वोल्टेज करंट दौड़ गयाए जिससे इलाके में अफरा.तफरी मच गई। करंट की चपेट में आने से एक 58 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गईए जबकि एक गर्भवती महिला गंभीर रूप से झुलस गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिकए सुबह करीब 8 बजे अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिरा। इसके तुरंत बाद बिजली के खंभों से भीषण आग की लपटें उठने लगीं। करंट का झटका इतना तेज था कि देखते ही देखते दर्जनों घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गएए जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।हादसे में गांव के 58 वर्षीय शशिवेंद्र तिवारी ;पुत्र रामस्वरूप तिवारीद्ध करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए 100 शैया अस्पतालए छिबरामऊ लेकर पहुंचेए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शशिवेंद्र की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

इसी हादसे के दौरान करंट की चपेट में आने से एक गर्भवती महिलाए रेशमा बेगम ;पत्नी अब्बासद्ध भी गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। इसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए अपनी ही गाड़ी से रेशमा बेगम को अस्पताल पहुंचायाए जिससे समय रहते उनका इलाज शुरू हो सका।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर घोर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि हादसे की तुरंत सूचना देने के बावजूद विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने विभाग की कार्यशैली के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और नुकसान के मुआवजे की मांग की है।हादसे के बाद गांव में उपजे तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार पुलिस बल के साथ खुद मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।इस संबंध में विद्युत उपखंड अधिकारी अनिल राम ने बताया कि क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत के लिए जल्द ही तकनीकी टीम को मौके पर भेजा जा रहा है। तारों को दुरुस्त कर जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

# रामजानकी मंदिर पर अवैध कब्जे का आरोप ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत



**हैदरपुर के वीरपाल चौहान पर मंदिर की भूमि घेरने का आरोप पूजा.पाठ और सामाजिक कार्यक्रम ठप**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर में स्थित सार्वजनिक रामजानकी मंदिर पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर और उसकी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में आरोप है कि गांव के ही वीरपाल चौहान पुत्र दर्शन सिंह ने मंदिर परिसर की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। मंदिर पर अतिक्रमण और घेराबंदी कर दी गई है। इससे सभी ग्रामवासी पूजा.अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले मंदिर परिसर में होलिका दहन और शादी.विवाह के सामाजिक कार्यक्रम होते रहे हैं।

ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बताया कि वीरपाल चौहान के कब्जे के कारण मंदिर में धार्मिक गतिविधियां पूरी तरह बंद हो गई हैं। इससे गांव का सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से मामले की जांच कराकर मंदिर तथा भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में वीरपाल चौहान के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई है ताकि ग्राम समाज का मंदिर फिर से पूजा.अर्चना के लिए इस्तेमाल हो सके। पत्र पर ग्राम प्रधान सरिता सहित 35 से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। यह पत्र ग्राम पंचायत हैदरपुर विकासखंड कमालगंज तहसील सदर के ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि कब्जा हटने तक वे डीएम कार्यालय के चक्कर लगाते रहेंगे।

### प्राइम डे के 10वें एडिशन की अमेज़न ने घोषणा की

**कानपुर।** अमेज़न ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2026 का 10वां एडिशन 4 जुलाई को रात 12 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलेगा, जो प्राइम मेंबर्स के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 72 घंटों की डील्स, बचत, नए लॉन्च और विशेष मनोरंजन की पेशकश करेगा। 10 साल के इस मील के पत्थर के हिस्से के रूप में अमेज़न प्राइम मेंबर्स को 10वीं एनिवर्सरी डील्स के साथ सभी श्रेणियों में रोमांचक ऑफर्स तक पहुंच दे रहा है, साथ ही एसबीआई और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन का उपयोग करके पेमेंट्स पर अतिरिक्त 10प्रतिशत की बचत भी मिलेगी। अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ, प्राइम मेंबर्स को अनलिमिटेड 5प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। अभिनव अग्रवाल, डायरेक्टर प्राइम अमेज़न इंडिया ने कहा नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन से लेकर तेजी से डिलीवर होने वाली बेहतरीन डील्स तक, प्राइम डे हमेशा हमारे सदस्यों, विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स का जश्न मनाने के बारे में रहा है। जैसा कि हम प्राइम डे के 10वें एडिशन को चिह्नित कर रहे हैं, यह मील का पत्थर इस उत्सव को और भी खास बनाता है, जो पूरे भारत में खरीदारी, बचत और मनोरंजन देने के एक दशक को दर्शाता है। हम इस साल प्राइम डे के 10वें एडिशन के दौरान अपने प्राइम मेंबर्स के लिए सबसे बड़े लॉन्च, विशेष रूप से पहले कभी न देखी गई वर्षगांठ की डील्स, अविश्वसनीय एआई अनुभवों, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और बहुत कुछ के साथ एक और भी बेहतर अनुभव लाने के लिए उत्साहित हैं।

### इमामबाड़ों में कुरआन ख्वानी का दौर शुरू

इटावा। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार मोहर्रम का चांद देखते ही नई साल का शुभारंभ हो गया। मुहर्रम का चांद देखते ही हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की यादगार में कुरानख्वानी और जिक्रे शहादतैन मजलिसौ का दौर इमामबाड़ों और मुस्लिम बस्तियों में शुरू हो गया। दरगाह हजरतअबुल हसन शाह वारसी के सेक्रेटरी हनी वारसी ने बताया हजरत इमाम हुसैन एवं शहीदाने कर्बला की यादगार में मोहर्रम की पहली तारीख से लेकर छठवीं मोहर्रम तक संजेरी अलम.चैकियों का जुलूस परंपरागत तरीके से उठाए जाएंगेए सातवीं मोहर्रम को सददे अलम चैकियां शहर के निर्धारित मोहल्लों से गुजरेगी तथा आठवीं मोहर्रम को हजरत कासिम की यादगार मैं दरगाह हजरत अबुल हसनशाह वारसी के इमामबाड़ा से मेहंदी जुलूस उठेगा और मोहर्रम की नवी तारीख को स्थानीय राजागंज चैराहा पर रात को ताजिए। एकत्रित होंगे तथा दसवीं मोहर्रम को स्थानीय कर्बला वॉइस ख्वाजा कब्रिस्तान पर ताजिए सुपुर्द ए खाक किए जाएंगे। दरगाह के सेक्रेटरी ने ताजियेदारों व संजेरी वालों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वह जो भी कार्य परंपरागत तरीके से करें उसकी सूचना जिला प्रशासन को अवश्य मुहैया करा दें।

# डॉक्टर जितेंद्र यादव ने सेना में भर्ती हुए युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉक्टर जितेंद्र यादव ने भारतीय सेना में चयनित छात्र छात्राओं को सम्मानित किया है मेजर एसण्डीण् सिंह पीण्जीण् आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में ए प्लस फिजिकल एकेडमी नवाबगंज के डायरेक्टर हसीन खान के नेतृत्व में भारतीय सेना में चयनित छात्र.छात्राओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के मुख्य अतिथि डॉक्टर जितेंद्र यादव ने चयनित अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में चयनित होकर इन युवाओं ने न केवल अपने माता.पिता का बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्र सेवा का अवसर प्राप्त करना सौभाग्य की बात है और यह उपलब्धि अन्य युवाओं को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी चयनित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके समर्पण परिश्रम और उपलब्धि की सराहना की।

### जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन विकास भवन सभागार में

**इटावा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायका सरिता भदौरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायका सरिता भदौरिया ने कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लगातार लोगों के बीच संपर्क के दौरान यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि कैंसरए हृदय रोग सहित अनेक गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैंए जो चिंता का विषय है। इन बीमारियों का एक प्रमुख कारण कृषि में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग भी माना जा रहा है।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं इसके व्यापक प्रचार.प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। उसी क्रम में जनपद में यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि धरती माता सदैव मानव जीवन के पोषण एवं विकास का आधार रही हैं। एक समय देश में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग बढ़ाया गया थाए जिससे उत्पादन में वृद्धि हुईए किंतु अब समय आ गया है कि रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की ओर लौटें। कार्यक्रम में रघुराज सिंह शाक्य पूर्व सांसदए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ताए जिला पंचायत सदस्य सचिन यादवए जिलाउपाध्यक्ष संजीव भदौरियाए जिलाउपाध्यक्ष कृपानारायण तिवारीए अन्य जनप्रतिनिधिगणए मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतमए उप कृषि निदेशक सतीश कुमार पांडेयए जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंहए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद बड़ी संख्या में किसान एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी से एनेस्थीसिया चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर दिया ज्ञापन

**जिले में झोलाछाप दे रहे हैं एनेस्थीसिया कागजों में कानपुर झांसी उन्नाव आगरा के डॉक्टरों का उल्लेख**

**सिर्फ 6 लोकल एनेस्थेटिस्ट को ही ओटी चलाने की अनुमति देने की उठी मांग फर्जी नोट्स से हो रही जांच गुमराह**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स शाखा ने जिले में एनेस्थीसिया में हो रही अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सोसाइटी ने मांग की है कि जिले के सभी अस्पतालों में सर्जरी के लिए सिर्फ 6 लोकल एनेस्थेटिस्ट को ही ओटी चलाने की अनुमति दी जाए।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि डॉक्टर एसपी सिंह डॉण् अनिल मिश्रा डॉण् यूएस तिवारी डॉण् अरुण यादव डॉण् सतीश कुमार और डॉण् हर्षिता सिंह ही जिले के पंजीकृत एनेस्थेटिस्ट हैं। इनमें से किसी एक का नाम होने पर ही अस्पताल को ओटी चलाने की परमिशन दी जाए। बाकी अस्पतालों को अनुमति न दी जाए।

सोसाइटी ने आरोप लगाया कि फर्रुखाबाद और फतेहगढ़ के रजिस्टर्ड व अनरजिस्टर्ड अस्पतालों में जिले से बाहर के एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉक्टर के पेपर लगाए गए हैं लेकिन उनकी जगह पर झोलाछाप काम कर रहे हैं।मरीज की मृत्यु होने पर दूसरे डॉक्टर के नोट्स साइन और पेपर लगाकर जांच में प्रस्तुत कर दिए जाते हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि मरीज की मृत्यु होने पर गहनता से जांच की जाए कि अमुक प्रकरण में कौन एनेस्थेटिस्ट था।

सोसाइटी ने कहा कि एनेस्थेटिस्ट के सिर्फ हस्ताक्षर पर्याप्त नहीं होंगे। केस शीट पर तीन चार लाइन के एनेस्थीसिया नोट्स अनिवार्य किए जाएं। आईसीयू चलाने के लिए एनेस्थेटिस्ट अथवा एमडी मेडिसिन में से एक फुल टाइम और दूसरा ऑन कॉल अनिवार्य किया जाए। स्वण् डॉण् गौरव सिंह का सर्टिफिकेट जिन अस्पतालों में लगा है वहीं लोकल एनेस्थेटिस्ट के कागज लगाए जाएं और उनसे ही सेवाएं ली जाएं। सोसाइटी ने डीएम से मांग की कि उपरोक्त नियमों के तहत ही किसी भी अस्पताल को सर्जरी या ऑर्थो गायनी ईएनटी आदि प्रैक्टिस की अनुमति दी जाए।

बताते चलें कि जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की मिली भगत से अमानक नर्सिंग होमो को रजिस्टर्ड किया जा रहा है और यहां ऑन काल सर्जन ऑपरेशन करते हैं और झोलाछा पी एनेस्थीसिया देते हैं अभी हाल में ही राजेपुर की एक महिला की मौत एनेस्थीसिया के इंजेक्शन लगने के बाद ही हो गई थी आगरा कानपुर झांसी फिरोजाबाद के चिकित्सकों के इन अस्पतालों में प्रमाण पत्र लगे हुए हैं जबकि असल में झोलाछाप ही एनेस्थीसिया लग रहे हैं और सर्जन के स्थान पर हाई स्कूल इंटर फेल सर्जरी इन पर डिग्री नहीं है लेकिन अनुभव है सीएमओ कार्यालय के क्लर्क ही यह गोरख धंधा मिली भगत से चलवा रहे हैं

# आर्य समाज के बाल संस्कार शिविर में बच्चों को दिया राष्ट्रपति का संदेश

**वैदिक संस्कृति जल संरक्षण और शाकाहार पर हुई चर्चा कुरीतियों के त्याग का दिलाया संकल्प**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में संचालित सप्तदिवसीय बाल संस्कार शिविर में आज बच्चों को भारतीय संस्कृति की महानता राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

शिविर के संचालक आचार्य संदीप आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वैदिक संस्कृति विश्व की महानतम संस्कृति है जो सभी मानवता को विश्वबंधुत्व सत्य और सदाचार का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपनी गौरवशाली संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के मूल में महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचार तथा आर्य समाज की राष्ट्रवादी चेतना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

आचार्य रामप्रकाश आर्य ने जल संरक्षण शुद्ध सात्विक आहार तथा शाकाहार के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रकृति एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।




वेद प्रचार फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष आर्य ने धर्म के वास्तविक स्वरूप की सरल व्याख्या करते हुए बच्चों को धार्मिक नैतिक एवं संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने पाखंड कुरीतियों तथा अंधानुकरण से दूर रहकर भारतीय संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया।

उर्मिला आर्या ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति? सत्यनिष्ठा एवं सदाचारपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी।सभी बच्चों को संकल्प दिलाया गया कि वे ऊँच.नीच छुआछूत एवं जात.पात जैसी समाज को विभाजित करने वाली कुरीतियों का त्याग करेंगे तथा राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के प्रति सदैव आदरभाव रखकर उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर आचार्य ओमदेव आचार्य श्यामबहादुर शर्मा आचार्य राकेश प्रदीप आर्य वैभव आर्य उदयराज हर्ष आर्य उर्मिला देवी एवं नेहा आर्या मौजूद रही

## खबर एक नज़र

### भारत में लॉन्च हुई ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी

**कानपुर।** ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी को आज भारत में लॉन्च कर दिया गया है। लेटेस्ट जनरेशन की यह कंट्रीमैन अब मेड इन इंडिया् होगी और इसे बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय स्तर पर केवल पेट्रोल वेरिएंट में तैयार किया जाएगा। इस कार की बुकिंग सभी मिनी इंडिया ऑथराइज़्ड डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी भी तुरंत प्रभाव से शुरू कर दी जाएगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष हरदीप सिंह बरार ने कहा ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी निश्चित रूप से एक नए प्रकार का बड़ा रूप है। यह मिनी के पुराने लुक को खूबसूरती से एक शानदार एसयूवी में बदलता है, जो अपने दमदार लुक और पारिवारिक सफर के लिए तैयार किए गए अत्यधिक व्यावहारिक केबिन के साथ आती है और यह सब हमारी आइकॉनिक गो-कार्ट अहसास को पूरी तरह बरकरार रखते हुए किया गया है। हम इस बात से बेहद उत्साहित हैं कि इस कार का निर्माण अब भारत में किया जाएगा, जो हमारे पोर्टफोलियो को रणनीतिक रूप से मजबूत बनाएगा और ग्राहकों को एक बेहतरीन वैल्यू प्रपोजिशन देगा। मिनी मॉडर्न, शहरी भारतीय लग्ज़री ग्राहकों के लिए एक बेहद आकर्षक और आकांक्षी ब्रांड है। कंट्रीमैन सी विशेष रूप से उन लोगों के लिए बनाई गई है, जो बेहतरीन उपयोगिता और रोजमर्रा की वर्सटैलिटी चाहते हैं, लेकिन साथ ही अपनी एक अलग प्रभावशाली पहचान भी बनाना चाहते हैं।

### 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान

**इटावा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डीटीओ के दिशानिर्देशन में 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के अंतर्गत जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए आज निलोई जसवंतनगर में स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लक्षण युक्त व्यक्तिओं की स्क्रीनिंग एवं हैंड हैंडल मशीन से 75 एक्स.रे किए गए।

शिविर कार्यक्रम में वरिष्ठ उपचार परिवेक्षक बीरेंद्र सिंह यादव ने टीबी के लक्षण बचाव और उपचार के विषय जानकारी देते हुए कहा कि दो सप्ताह से अधिक खांसी होनाए सीने में दर्द और बलगम में खून का खानाए शाम को पसीना आनाए वजन कम होनाए बच्चों का बजन ना बढ़ानाएभूख कम लगना गले में गांठे होना आदि लक्षण दिखे तो ऐसे व्यक्तियों को नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क बलगम की जांच करने के लिए भेजें टीबी रोग की पुष्टि होने पर सरकार का पूरा इलाज निशुल्क दिया जाता है साथ ही मरीज को उपचार के दौरान प्रति माह डीबीटी के माध्यम से 1000 रूपये अच्छा पोषण आहार खाने के लिए दिए जाते हैं। इस अवसर पर एसटीएलएस राघवेंद्र प्रताप सिंह एचएलएफपीपीटी कोऑर्डिनेटर कोआरडीनेटर रविंद्र सिंह जन आरोग्य मंदिर के सीएचओ पूनम आशा एवं आशा संगिनी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पेपरलेस ई.रजिस्ट्री के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना

**ताखाए इटावा।** गुरूवार से समस्त दस्तावेज लेखकए स्टाम्प विक्रेता एवं अधिवक्ता बंधुओं द्वारा पेपरलेस ई.रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में ताखा तहसील में पूर्ण रूप से कार्य से विरत रहकर अनिश्चितकालीन धरना एवं आंदोलन प्रारम्भ किया गया।

आंदोलन का नेतृत्व लेखक संघ ताखा के अध्यक्ष जयवीर सिंह यादवए महामंत्री अर्पित दुबेए जिला लेखा परीक्षक हुकुम सिंह यादव एवं जिला सहमंत्री दस्तावेज लेखक संघ नवीन कुमार सविता द्वारा किया गया।जयवीर सिंह ने कहा हम लोग वर्षो से तहसील में कार्य करते आ रहे हैंए अब अचानक हम लोगो के हाथो से काम छीना जा रहा हैए सरकार को नियमो मे संशोधन कर हम लोगो भी काम दिया जाए जिससे रोजी रोटी चल सकेए इस अवसर पर अनुरुद्ध कुमार पालए प्रिंस पालए रविकांतए गौरव कुमारए प्रदीप तिवारीए विकास कुमारए सचिन यादवए सनोज पालए कुण् सोनी सहित अन्य दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे। साथ ही सुरजीत सिंह यादव एडवोकेटए शिशुपाल सिंह चैहान एडवोकेटए प्रेम सिंह यादव एडवोकेटए संजीव कुमार एडवोकेटए विकास यादव एडवोकेटए सुबोध कुमार एडवोकेटए विकास बाबू एडवोकेटए दिनेश सिंह एडवोकेट एवं तहसील ताखा के समस्त अधिवक्तागण आंदोलन में सहभागी रहे।

### कार ऑटो की भिड़न्त में आटो मालिक की मौत

इटावा। सड़क हादसे में नए ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसका मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा निवासी चंद्रशेखर शर्मा पुत्र राजीव शर्मा उम्र 40 ने छह दिन पहले ही परिवार के भरण.पोषण के लिए एक नया ऑटो खरीदा था। वह खुद ही ऑटो चलाकर आजीविका कमाने की तैयारी में थे। बुधवार को वह ऑटो के कागजात का काम पूरा कराने और नंबर प्लेट लगवाने के बाद एजेंसी से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी पक्का बाग स्थित पंजाब नेशनल बैंक ;पीएनबीद्ध के सामने अनियंत्रित कार ने उनके ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और चंद्रशेखर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गयी। हादसे की खबर मिलते ही घायल चंद्रशेखर की मां कांति देवी और पुत्र राघव शर्मा समेत अन्य परिजन रोते.बिलखते अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि चंद्रशेखर के चार बच्चे हैंए जिनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घर की माली हालत को सुधारने के लिए ही उन्होंने कर्ज लेकर नया ऑटो खरीदा थाए लेकिन पहली कमाई से पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी है।

### अयोध्या धाम के संत नरहरिदास महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद लिया

इटावा। अयोध्या धाम के संतश्री नरहरि दास महाराज ने वृंदावन से लौटते समय इटावा के अपने शिष्यों के आग्रह पर नगर में दो दिवसीय प्रवास कर भक्त श्रद्धालुओं को दर्शन एवं प्रवचन देकर कृतार्थ किया।

बुधवार को उन्होंने चैगुर्जी स्थित आनंद निकुंज निवासी रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी के यहां श्रीराम विवाहोत्सव प्रसंग का बड़ा ही मनोरम ढंग से वर्णन किया। सायंकाल सूतमिल शांति कॉलोनी निवासी धर्मानुरागी प्रेमकिशोर द्विवेदी के आवास पर संतश्री नर हरि दास महाराज का स्वागत सम्मान हुआए जिसमें उर्वशी द्विवेदीए संकल्प द्विवेदीए राजेश कुमार वाजपेईए रवीन्द्रनाथ त्रिपाठीए अरविंद पोरवालए मुस्कान भदौरिया ने महाराज श्री से आशीर्वाद लिया।

### सपा सांसद का दावा. 2027 में बनेगी सपा की सरकार

इटावा। समाजवादी पार्टी के इटावा लोकसभा सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने उत्तर प्रदेश की सियासतए सपा सांसदों को लेकर दिए जा रहे बयानोंए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बयान और राम मंदिर चंदा विवाद को लेकर खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सपा सांसद ने भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश सरकार के नेताओं पर जमकर निशाना साधा।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा समाजवादी पार्टी के सांसदों के बीजेपी में शामिल होने के दावे पर पलटवार करते हुए सांसद जितेन्द्र दोहरे ने कहा कि दूसरे प्रदेशों के सांसद क्या कर रहे है इस पर वह टिप्पणी नहीं करेंगे लेकिन प्रदेश के समाजवादी पार्टी के 37 सांसद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मजबूती के साथ खड़े है। भाजपा के लोग इस तरह की बयानबाजी इसलिए कर रहे है कि इनको डर है कि 2027 में सपा की प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है। क्योंकि इन लोगों ने 10 वर्षों में सिर्फ युवाओं को ठगाए किसानों को ठगा इन्होंने बेरोजगारी दी महिलाओं को सम्मान नहीं मिला इसलिए यह लोग जानते है कि भाजपा जाने वाली है यही वजह है कि इस तरह के बयान दे रहे है।

### संडे बाजार को जगह दी जाये

.उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से की मांग

इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित और नेशनल एसोसिएशन आफ स्ट्रीट वेंडर्स इन्डिया नासवी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाउपाध्यक्ष इरशाद अहमद ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के रेहड़ी पटरी साप्ताहिक बाजार लगाने बालों के भी मोलिक अधिकार है पथबिक्रेता अधिनियम 2014 भी जीविका के अधिकार की गारंटी देता हैए खेद है कि इटावा नगर का एक मात्र साप्ताहिक बाजार सन्डे बजार को बन्द कर कर दिया गयाए व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी इटावाए नगर पालिका अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि सैकड़ों साप्ताहिक सन्डे बाजार के गरीब साधन हीन दुकान दारो की जीविका बचाने के लिएए सड़क से हटाकरए सामने नुमाइश पंडाल या नुमाइश मैदान में स्थानांतरित कराने की कृपा करेंए

# बीमार बेसहारा बुजुर्गों को सद्भावना की मानवीय सौगात

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** आज जब संयुक्त परिवारों की परंपरा तेजी से बिखर रही है और बुजुर्गों का सहारा बनने वाले हाथ कम होते जा रहे हैं

## समाज की सहभागिता से राजकोट में आकार ले रहा दुनिया का सबसे बड़ा निःशुल्क वृद्धाश्रम

--------------------------

ऐसे समय में सद्भावना वृद्धाश्रम जैसी पहल मानवता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आती है। यह विचार अपने आप में भावुक कर देने वाला है कि अपनी पूरी उम्र परिवार, बच्चों और समाज के लिए खपा देने वाले बुजुर्ग जीवन के अंतिम पड़ाव पर अकेले, बीमार या असहाय न छोड़ दिए जाएं। इसी समस्या का समाधान प्रस्तुत करते हुए राजकोट में पिछले दस वर्षों से विनुभाई बचुभाई नागरेचा परिसर संचालित हो रहा है जहां जाति, धर्म और आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर जरूरतमंद बुजुर्गों को आश्रय, सम्मान और स्नेह दिया जा रहा है लेकिन बदले में उनसे कोई आर्थिक शुल्क नहीं लिया जा रहा है। तकरीबन 700 से अधिक ऐसे बेसहारा और गंभीर रूप से बीमार बुजुर्गों की यहां सालों से सेवा की जा रही है जिनकी सेवा करने वाला कोई बेटा नहीं है, जो आर्थिक तौर पर अपना खर्च उठा पाने में सक्षम नहीं हैं और जिनकी देखरेख कर पाना उनके अन्य रिश्तेदारों के लिए संभव नहीं हो पा रहा। इस मानवीय अभियान के केंद्र में हैं सदभावना फाउंडेशन के अध्यक्ष और संस्थापक विजय डोबरिया, जिन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए ग्रीनमैन की उपाधि से भी सम्मानित किया जा चुका है। अब इस सेवा कार्यकार्य का विस्तार करते हुए डोबरिया ने पांच हजार बुजुर्गों को सेवा मुहैया कराने में सक्षम दुनिया का सबसे बड़ा वृद्धाश्रम बनाने का ऐलान किया है और इस सुविधा का लाभ लेने के लिए देश के सभी हिस्सों से बेसहारा



बुजुर्गों को आमंत्रित भी किया है। राजधानी दिल्ली के रायसीना रोड पर स्थित प्रेस क्लब में उक्त जानकारियां देते हुए विजय डोबरिया ने जिस विशाल प्रस्तावित योजना का उल्लेख किया वह अपने आप में प्रेरक और अभूतपूर्व है। करोड़ों रुपये की लागत से प्रस्तावित इस वृद्धाश्रम परियोजना में 1400 कमरों के माध्यम से करीब 5000 बेसहारा, बीमार और बिस्तर पर पड़े बुजुर्गों को रहने की सुविधा देने का लक्ष्य रखा गया है। बताया गया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा निःशुल्क सदभावना ओल्ड एज होम होगा जहां कुल सात बहुमंजिला टावर होंगे और हर टावर में 11 फ्लोर होंगे ताकि प्रत्येक निवासी को पर्याप्त स्थान, गरिमा और देखभाल मिल सके। साथ ही यहां हमेशा मेडिकल अटेंशन, प्रशिक्षित विशेषज्ञों की निगरानी, व्यक्तिगत देखभाल और परिवार जैसी संवेदनशीलता उपलब्ध कराई जाएगी। केवल शरीर की नहीं, मन की शांति का भी ध्यान रखते हुए यहां हर धर्म के लोगों के लिए उनके धार्मिक स्थलों की व्यवस्था का विचार किया गया है ताकि सभी अपनी आस्था के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। फिलहाल सद्भावना वृद्धाश्रम में दो महुमंजिला टावर और एक अस्पताल संचालित हो रहे हैं जिसमें 700 से अधिक बुजुर्गों की सेवा हो रही है। विजय ने बताया कि इस सेवा के बदले में बुजुर्गों या उनके परिजनों या रिश्तेदारों से कोई भी शुल्क या दान नहीं लिया जाता है बल्कि समाज की ओर से ही इतना अनुदान और आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जा रही है जिससे इस सेवा कार्य में कोई कमी नहीं पड़ती है। उन्होंने देश भर से ऐसे बुजुर्गों को इस परियोजना का लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया है जिनकी सेवा या देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

# मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील, पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर-6 स्थित सात्विक मैरेज हॉल परिसर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ कमरेंद्र कुमार ने कहा कि मोहर्रम का पर्व शांति, अनुशासन और परंपराओं के अनुरूप मनाया जाए। उन्होंने कहा कि ताजिया जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही निकाला जाए तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए। यदि कहीं कोई



समस्या या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने तथा आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि मोहर्रम का पर्व पूरी शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा तथा सभी लोग प्रशासन का सहयोग करेंगे। इस अवसर पर ढेबरुआ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद, बढ़नी चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव, सभासद सतीश शर्मा, मुन्नू मौर्य, गणेश अग्रहरि, वशीम खान, पंकज चतुर्वेदी, गोलू साहू, लाइनमैन विजय शर्मा सहित आदि लोग रहे।

# ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार मामा-भांजा गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग रजई बाण सागर नहर पर बुधवार की रात्रि में ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार मामा भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है हलिया थाना क्षेत्र के बसुहरा से तिलक लेकर विजयपुर गए मामा-भांजा वापस लौटते समय रजई बाण सागर नहर पर ट्रैक्टर से टकरा गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में सुनील बिंद 22 वर्ष पुत्र लालजी बिंद निवासी बसुहरा और सुबाव गांव निवासी उनका मामा शामिल हैं। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किस्त का भुगतान न होने से गोआश्रय स्थलों का निर्माण ठप

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** बजट के अभाव में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले गोआश्रय स्थलों का निर्माण कार्य ठप है। 1.60 करोड़ रुपये प्रति

## - दो महीने से बंद है काम, एक गोआश्रय स्थल पूरा होने के कगार पर

--------------------------

गोआश्रय स्थल की लागत से बनने वाले तीन वृहद गोआश्रय स्थलों का निर्माण दो महीने से बंद है। इनका निर्माण कार्य दो महीने पूर्व ही पूरा हो जाना चाहिए था। एक किस्त का भुगतान होने के बाद अगली किस्त जारी न होने से निर्माण कार्य बाधित है।जिसमे लालगंज विकास खंड खरिहट कला,हलिया विकास खंड के नौगंवा और बबुरा रघुनाथ सिंह में प्रति 1.60 करोड़ रुपये से तीन वृहद गोआश्रय स्थलों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें खरिहट कला गोआश्रय स्थल का निर्माण अप्रैल 2025 में शुरू हुआ था और इसे अप्रैल 2026 तक पूरा होना था। लेकिन दो महीने से निर्माण कार्य बंद है। 1.60 करोड़



रुपये के बजट में केवल 80 लाख रुपये मिले हैं। इसके बाद कोई भुगतान नहीं हुआ। यहां लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है।नौगंवा में सितंबर 2025 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसे मई 2026 तक पूरा होना चाहिए था, लेकिन यहां भी निर्माण कार्य प्रभावित है। यहां भी 80 लाख रुपये जारी किए गए और लगभग 57 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है।बबुरा रघुनाथ सिंह में फरवरी 2025 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था और इसे अप्रैल 2026 तक पूरा होना था, लेकिन यहां भी काम बंद है।

यहां लगभग 91 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। दावा किया जा रहा है कि बजट मिलने पर 15 दिनों में शेष कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इन तीनों गोआश्रय स्थलों का निर्माण राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड की ओर से कराया जा रहा है 49 गोआश्रय स्थलों में संरक्षित हैं 14,365 गोवंश जिले में वर्तमान में 49 गोआश्रय स्थलों में 14,365 गोवंश संरक्षित हैं। यदि ये वृहद गोआश्रय स्थल बन जाते हैं तो आसपास के गोआश्रय स्थलों के अतिरिक्त गोवंशों को यहां रखा जा सकेगा। इससे व्यवस्थाओं में सुधार होगा और गोवंश संरक्षण बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। वर्तमान में जिले के कई गोआश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक गोवंश रखे गए हैं।निर्माणाधीन गोआश्रय स्थल लगभग तैयार हैं।

फिनिशिंग और इसी प्रकार के अन्य कार्य बाकी हैं। बजट मिलते ही उन्हें पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

# वाराणसी-रीवा हाइवे पर स्कार्पियो, ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत में युवक की हुई मौत, एक घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित सेमरा प्रताप गांव के पास हुए स्कार्पियो और ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई है जबकि दूसरे को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। मृत युवक अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया, जहां पर चिकित्सक ने 26 वर्षीय ओमचंद तिवारी को मृत घोषित कर दिया। 27 वर्षीय जयप्रकाश तिवारी को बेहतर उपचार के लिए मीरजापुर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

लालगंज थाना क्षेत्र के बामी गांव निवासी ओमचंद तिवारी और जयप्रकाश तिवारी अपने ट्रैक्टर का सर्विसिंग करा कर लालगंज से वापस घर बामी लौट रहे थे, वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित सेमरा प्रताप गांव के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे स्कार्पियो ने अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में टक्कर



मार दिया और ट्रैक्टर के साथ सड़क नीचे जाकर पलट गया जिसमें ट्रैक्टर दो पार्ट में अलग हो गया। इस घटना में ट्रैक्टर चला रहे हैं ओमचंद तिवारी की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि उनके साथ चचेरे भाई जयप्रकाश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों से जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां पर चिकित्सक ने ओमचंद तिवारी को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया और घायल जयप्रकाश को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। ओमचंद तिवारी अपने पिता के इकलौते पुत्र थे 3 साल पहले उनकी शादी हुई थी डेढ़ वर्ष की एक बच्ची है।

# महिला के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के इंद्रवार गांव निवासी मंजू देवी ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की मेरे जमीन में गांव निवासी समर बहादुर व हरेंद्र उर्फ़ छोटू द्वारा जबरदस्ती पूर्वक हमारी भूमि में मेडा तोड़ कर अपने खेत में मिला रहे थे जब मै मना किया तो दोनों व्यक्ति द्वारा माँ बहन की गाली देते हुए लाठी डंडे से मारा तथा ट्रैक्टर के कलटिवेटर से धक्का मारते हुए घसीट दिया जिससे पुरे शरीर में कई हिस्से पर चोट आई है तथा सिर में चोट आई उक्त व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दिया है हमारे देवर लवकुश व पड़ोस के व्यक्ति द्वारा बीच बचाव किया है जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक अभिषेक जायसवाल ने महिला का उपचार किया है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमण्डगंज राजेश राम ने बताया की महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# मंडलायुक्त एवं उप महानिरीक्षक ने मोहर्रम पर्व को लेकर की बैठक

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** मोहर्रम पर्व को जनपद में सकुशल व शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं उप महानिरीक्षक एस. चन्नप्पा ने स्थानीय डाक बंगले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। इस दौरान जनपद में शांतिपूर्ण, आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मोहर्रम पर्व मनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्रों का भ्रमण कर लें। ताजिया के आयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक करने के साथ सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर एहतियाती उपायों से अवगत भी कराएं। पर्व को परंपरागत रूप में ही मनाया जाए, कोई भी कार्य गैर-परंपरागत न हो, यह सुनिश्चित होना चाहिए। आयुक्त ने तहसील एवं थाना संपूर्ण समाधान दिवस सहित आईजीआरएस एवं विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण समाधान किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा है कि वास्तविक व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उपरांत उसकी आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। उप जिलाधिकारी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के फीडबैक को स्वयं देखें व उसका सत्यापन भी सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वादों धारा-24, 34 सहित विभिन्न धाराओं के वादों के पुराने लंबित मामलों का निस्तारण भी किए जाने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कोई पुराना प्रकरण लंबित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने सभी ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई अभियान चलाकर कराए जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि साफ-सफाई के साथ-साथ एंटी लार्वा आदि का छिड़काव एकत्रित पानी व नालियों में भी कराया जाए।

# चाकू के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित पुरानी पानी टंकी के पास से बुधवार की रात्रि में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार कर व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है एसआई चरण सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल मंगला प्रसाद व अजीत मौर्य के साथ हथेड़ा गुलाब तिराहा पर मौजूद थे की मुखबिर ने सूचना दिया की एक व्यक्ति पुरानी पानी टंकी हथेड़ा के पास खड़ा है जिसके पास एक चाकू है जिस पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हथेड़ा गांव स्थित पानी टंकी के पास पहुंचकर राजपुर गांव निवासी असलम को चाकू के साथ गिरफ्तार कर व्यक्ति के विरुद्ध 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार कर 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं- JHS/Comm/e-Auction/26/150 दिनांक : 11.06.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है-

श्रेणी : पार्सल | कैटलॉग संख्या : JHS-Leasing-64

एसेट्स डिटेल्स : ट्रेन संख्या - 11109 में पार्सल - एसएलआर-एफ-1

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक - 29.06.2026 को समय-12:00 से

ई-नीलामी समाप्त होने तिथि व समय : दिनांक - 29.06.2026 को समय-12:30 तक

नोट : उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1368/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



स्वतंत्र भारत

वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने खाला, खालू उनके पुत्री अरसलान, आदिल व पुत्री अलीना और पूरे परिवार के सदस्यों के गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इन लोगों के किसी कार्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार न होगा। साबरीन पुत्री स्व. मुजीब नि. 206/13 काशीराम कालोनी पकवहादुर नगर पनकी गंगागंज कानपुर नगर।(47)

सी.आर.- 544/K-47

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

मु०न० 1301 सन 2025

श्रीमती सरोज शर्मा उम्र लगभग 49 वर्ष पुत्री स्व० वासुदेव शर्मा पत्नी बलराम शर्मा निवासिनी म०न० 597/1, सीताराम नगर, जी०टी० रोड, कानपुर नगर 208007 मो. 8577860777....वादिनी

बनाम-बलराम शर्मा उम्र लगभग 53 वर्ष पुत्र स्व० देश नारायण शर्मा निवासी म.न. 256/4 बाबूपुरवा, कालोनी किदवई नगर, कानपुर नगर ....प्रतिवादी

वादपत्र अन्तर्गत धारा-13(1-क) हिन्दू विवाह अधिनियम वास्ते विवाह विच्छेद / तलाक

हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा-13(1-क) हिन्दू विवाह अधिनियम वास्ते विवाह विच्छेद/तलाक का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20.08.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हो और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बलाईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.- 544/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय कानपुर नगर (नमूना मजकिज फरीकैन)

सम्मन वास्ते करदार उमूर तनकीह तलब (आदेश 5 नियम 1 और 5)

वाद संख्या 3255/2025

मोहित कुमार उम्र करीब 33 वर्ष पुत्र श्री विनोद कुमार नि. 123/226 सिक लाइन गडरियन पुरवा थाना फजलगंज कानपुर नगर....वादी

बनाम-श्रीमती विमला उम्र करीब 30 वर्ष पत्नी श्री मोहित कुमार पुत्र श्री छोटेलाल निवासिनी ग्राम व पोस्ट देव मई पुरवा जिला उन्नाव...प्रतिवादिनी

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.07.2026 को दिन में 10.00 बजे जो वादे का उत्तर देने के लिए उपसजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हो और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बलाईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 20.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, सदर मुंसरिम प्रधान पारिवारिक न्यायालय, कानपुर नगर।

सी.आर.- 544/K-CN



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# योग स्वस्थ, सुखी और निरोग जीवन का सबसे सशक्त आधार : योगी राम ध्यान आर्य

**स्वतंत्र भारत चुनार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व चुनार नगर में योग के प्रति जन-जागरण का उत्साह निरंतर बढ़ता जा रहा है। पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आर.टी.सी. किला ग्राउंड, चुनार में आयोजित छह दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को दर्जनों लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। शिविर में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं योग साधकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। शिविर को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी योगी राम ध्यान आर्य ने कहा कि 'योग प्रकृति का अनुपम उपहार है, जो मनुष्य को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को तनावमुक्त,



निरोग बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण का एक व्यापक जनआंदोलन है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक प्रकार की बीमारियों, मानसिक तनाव और जीवनशैली जनित विकारों से बचा जा सकता है। योगी जी ने उपस्थित प्रतिभागियों को योग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचंद्रासन एवं विभिन्न सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न प्राणायामों की विधियों का प्रशिक्षण देते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने योगाभ्यास के दौरान आवश्यक सावधानियों तथा संतुलित एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि आत्मबल, सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने वाली जीवन पद्धति है। नियमित योग करने वाला व्यक्ति जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक आत्मविश्वास और संतुलन के साथ कर सकता है। शिविर में उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश ग्रहण किया तथा आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिकाधिक लोगों को जोड़ने और योग को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का सफल संचालन कमलाकर गुप्ता ने किया। शिविर में प्रमुख रूप से अनिल गुप्ता, पंकज सिंह, विनय सेठ, दीनानाथ गुप्ता, आनंद सेठ, मुकेश वर्मा, अवधेश वर्मा, शिवपूजन साहू, महेंद्र वर्मा माखन लाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग प्रेमी उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं- No. JHS/Commercial/e-Auction/25/183 दिनांक : 18.06.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है-

श्रेणी : प्रचार | कैटलॉग संख्या : JHS-NFR-MISC-64

एसेट्स डिटेल्स : E-auction के माध्यम निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन :

1. CONTRACT FOR INSTALLATION, OPERATION AND MAINTENANCE OF PLASTIC BOTTLE CRUSHING MACHINE (PBCM) AND DISPOSAL OF COLLECTED PLASTIC BOTTLES WITH ADVERTISEMENT AT BNDA & CKTD RAILWAY STATION.
2. CONTRACT FOR SETTING UP OF RAIL CAFE KIOSK WITH TOTAL AREA OF 450 SQ.FT AT BETWA CLUB TIRAHA JHANSI NEAR VGLJ RAILWAY STATION.
3. CONTRACT FOR IMPLEMENTATION OF WASTE MANAGEMENT (COLLECTION OF RECYCLABLES) AT NOMINATED RAILWAY STATION I.E. VGLJ, ORAI, MBA, CKTD, MCSC, LAR, MRA AND ITS CIRCULATING AREA, RAILWAY COLONY AREAS & COACHING DEPOT.
4. E-AUCTION FOR TO INSTALL AND OPERATE OF THE STATIC GENERAL OUTLET AT LALITPUR RAILWAY STATION.
5. CONTRACT FOR MULTI-FUNCTIONAL COMPLEX (MFC) IN RAILWAY LAND AT MBA & NEAR BZM-GOY UNDER MISCELLANEOUS STATIC POLICY FOR A PERIOD OF 12 YEARS.

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांक 01.07.2026 को समय - 11:00 से

ई-नीलामी समापन की तिथि व समय : दिनांक 01.07.2026 को समय - 12:30 तक

नोट - उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट -www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1364/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC



**सं. ए-14011/01/2026 - सी.पी.डब्ल्यू.**

**भारत सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**(सी.पी. प्रभाग)**

***

**विषय: केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव के पद पर चयन के संबंध में।**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर वेतनमान के स्तर-13ए में नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (6 ऑफ 1974) के अंतर्गत स्थापित एक स्वायत्त निकाय है।

विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट https://moef.gov.in पर उपलब्ध है।

CBC 13101/11/0010/2627 भारत सरकार के संयुक्त सचिव



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212, 0512-2330533

**E-mail :** swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# होर्मुज पर केंद्र सरकार की पैनी नजर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत सरकार पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही पर लगातार नजर रख रही है। राहत की बात यह है कि देश में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने साफ किया है कि इस तनावपूर्ण माहौल में भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गुरुवार, 18 जून को एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने इस सुरक्षा और आपूर्ति की समीक्षा की।

बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने एक बड़ी कामयाबी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'दिशा' नामक एलएनजी टैंकर सुरक्षित तरीके से ओमान के पास के संवेदनशील होर्मुज को पार कर चुका है। माल्टा के झंडे वाला यह जहाज 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लेकर गुरुवार को ही गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचने

- सुरक्षित लौटे भारतीय नाविक
- देश की ईंधन और उर्वरक आपूर्ति पूरी तरह महफूज

की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि सरकार हर पल की स्थिति पर नजर रख रही है। महानिदेशक जहाजरानी इस मामले में विदेश मंत्रालय, विदेशों में मौजूद भारतीय दूतावासों और शिपिंग कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। नाविकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियंत्रण कक्ष ने पिछले 72 घंटों में रिकॉर्ड काम किया है। इस दौरान कंट्रोल रूम को 13,187 फोन कॉल और 29,376 ईमेल मिले हैं। इनमें से 450 कॉल और 1,077 ईमेल सीधे नाविकों और उनके चिंतित परिवारों से मदद के लिए आए थे। सरकार अब तक 3,639 से अधिक भारतीय नाविकों को सुरक्षित स्वदेश वापस ला चुकी है, जिनमें से 47 नाविकों को पिछले तीन दिनों में ही वापस लाया गया है। दूसरी ओर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने घरेलू मोर्चे पर राहत भरी खबर दी। उन्होंने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह मजबूत है। देश के किसी भी बंदरगाह पर जहाजों की कोई कतार या भीड़ नहीं है। एलपीजी (रसोई गैस) की डिलीवरी का बैकलॉग घटकर अब महज 3.1 दिन रह गया है। पिछले तीन दिनों में कंपनियों ने 1.36 लाख बुकिंग के मुकाबले 1.47 लाख एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी कर आपूर्ति को और बेहतर किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के असर पर उन्होंने कहा कि खुदरा कीमतों पर फैसला वैश्विक परिस्थितियों को देखकर ही लिया जाएगा।

भविष्य में तेल की निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने एथेनॉल-ब्लेन्डेड ईंधन कार्यक्रम की प्रगति भी साझा की। मंत्रालय के मुताबिक, वर्तमान में देश के 48 रिटेल आउटलेट्स पर ई-85 (ई-85) ईंधन मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य इस साल के अंत तक ऐसे आउटलेट्स की संख्या को बढ़ाकर 500 और अगले साल के अंत तक इसे 5,000 तक पहुंचाना का है। पश्चिम एशिया के संकट के बीच सरकार की यह तैयारी देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को बेहद मजबूत बनाती है।

# समझौते के बाद होर्मुज जलमार्ग खोल देगा ईरान




**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए होने वाले अंतरिम समझौते की प्रतियां लीक हुई हैं। इससे पता चला है कि समझौते के बाद ईरान तत्काल होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए कदम उठाएगा। इसके बदले उसे बेरोकटोक तेल बेचने की अनुमति मिलेगी। समझौते के तहत तेहरान को कई रियायतें मिलने की संभावना है।अमेरिका और ईरान के बीच सोमवार को इस समझौते पर सहमति बनी और ई-हस्ताक्षर किए गए। शुक्रवार को जिनेवा में इस समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। इसमें कहा गया है कि युद्ध के बाद ईरान के पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 300 अरब डालर मिलेंगे। अमेरिका, ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित अंतिम समझौता होने के बाद तेहरान पर लगाए गए सभी अमेरिकी और संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को समाप्त करने की दिशा में काम करेगा। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था। यह

- बेरोकटोक बेच सकेगा तेल

लड़ाई तेहरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए शुरू की गई थी और सात अप्रैल को युद्धविराम हुआ था। अमेरिका की ओर से ईरान को तत्काल स्वतंत्र रूप से तेल बेचने की अनुमति देने और बाद में प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव को उन रियायतों से बड़ा माना जा रहा है, जो ईरान को 2015 के परमाणु समझौते के तहत दी गई थी। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और उसे सबसे खराब समझौता करार दिया था। यह माना जा रहा है कि इस नए समझौते की अमेरिका में कड़ी आलोचना हो सकती है और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए भी बड़ा झटका हो सकता है, जिन्होंने 28 फरवरी को ट्रंप के साथ मिलकर युद्ध शुरू किया था।

## मॉस्को तेल रिफाइनरी पर फिर ड्रोन हमला

**मॉस्को।** मॉस्को में एक ऑयल रिफ़ाइनरी को यूक्रेन द्वारा इस हफ्ते दूसरी बार निशाना बनाए जाने के बाद वहाँ से काला धुआँ और आग की लपटें उठने लगीं। सोशल मीडिया पर हमले के वीडियो वायरल होने के बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह हमला कीव पर हाल ही में रूस द्वारा किए गए हमलों का उचित जवाब था। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि यह हमारे शहरों और समुदायों पर रूस के हमलों का पूरी तरह से उचित जवाब है और रूस की युद्ध मशीन को चलाने वाली सुविधाओं के खिलाफ हमारे योद्धाओं की कार्रवाई का एक और अहम नतीजा है। मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हुआ हमला रूस की युद्ध क्षमता और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है। क्रेमलिन से सिर्फ़ 15 किलोमीटर दूर स्थित यह रिफाइनरी रूसी राजधानी के ईंधन इंफ्रास्ट्रक्चर का एक अहम हिस्सा है। यह मॉस्को मेट्रोपॉलिटन इलाके की पेट्रोल की ज़रूरतों का लगभग 40 प्रतिशत और डीज़ल का 50 प्रतिशत हिस्सा सप्लाई करती है, साथ ही सैन्य इस्तेमाल के लिए एविएशन फ्यूल भी देती है। 16 जून 2026 को यूक्रेनी ड्रोनों ने कपोत्न्या में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया। इस हमले से ईएलओयू-एवीटी-6 प्राइमरी ऑयल रिफाइनिंग यूनिट को नुकसान पहुँचा, जिसके कारण रिफाइनरी को कुछ समय के लिए अपना कामकाज रोकना पड़ा।

## न्यूयॉर्क : बेकाबू घोड़ागाड़ी से गिरकर भारतीय युवक की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी दुर्घटना में 18 वर्षीय भारतीय पर्यटक रोमांच महाजन की मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे घोड़ा अचानक बेकाबू होकर दौड़ पड़ा, जिससे गाड़ी पलट गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोमांच महाजन तीन अन्य यात्रियों के साथ घोड़ा-गाड़ी में सवार थे। ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के अनुसार, गाड़ी चालक यात्रियों की तस्वीर लेने के लिए कुछ देर के लिए गाड़ी से दूर गया था। इसी दौरान घोड़ा बेकाबू होकर दौड़ पड़ा। हादसे के दौरान दो यात्रियों ने चलती गाड़ी से छलांग लगा दी। रोमांच गाड़ी से गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। अन्य यात्रियों ने उपचार लेने से इनकार कर दिया।

## ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव पर लूला की ट्रंप को दो टूक

### 'इसमें दखल न दें, यह हमारा अंदरूनी मामला है'

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा है कि ट्रंप ब्राजील के अक्तूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दखल न दें। उन्होंने यह चेतावनी तब दी, जब ट्रंप ने उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई को लेकर ब्राजील की फिर से आलोचना की। यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को दिखाता है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में दक्षिण अमेरिकी देश पर और टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है और दो ड्रग-तस्करी वाले संगठनों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है, जिसका लूला विरोध करते हैं। लूला ने कई बार ब्राजील की संप्रभुता का बचाव किया है, खासकर तबसे जब ट्रंप ने पिछले साल ब्राजील पर टैरिफ लगाए थे और अपने सहयोगी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया था। लूला ने ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों पर भी आपत्ति जताई। ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि मोरेस ने राजनीति से प्रेरित होकर बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई की, जिन्हें 2022 के चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने की कोशिश के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ब्राजील राजनीतिक रूप से खतरनाक बन गया है। सरकार बोल्सोनारो जूनियर (जेर बोल्सोनारो के बड़े बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो) को गिरफ्तार करना चाहती है, जो चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## ईरान-यूएस जंग : ट्रंप ने जिनपिंग-पुतिन की तटस्थता पर आभार जताया

**पेरिस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तारीफ की है। उन्होंने ईरान युद्ध

- कहा- मिनाब में स्कूल पर हमला जानबूझकर नहीं हुआ

के दौरान इन दोनों नेताओं के तटस्थ रहने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। फ्रांस के एवियन-ले-बैंस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर रोक लगाने के अमेरिकी प्रयासों में कोई बाधा नहीं डाली। इससे स्थिति को संभालने में अमेरिका को काफी मदद मिली।



ट्रंप ने खास तौर पर शी जिनपिंग का जिक्र करते हुए कहा कि वे बीजिंग दौरे के समय उनके साथ थे। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग पूरी तरह तटस्थ रहे, जिसकी वे सराहना करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने व्लादिमीर पुतिन का भी आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि ये दोनों नेता चाहते तो अमेरिका की राह को अधिक कठिन बना सकते थे। ट्रंप के अनुसार, शी जिनपिंग ने इस संघर्ष को सुलझाने में सहयोग किया। चीन ने ईरान को बड़े हथियार या कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें नहीं भेजीं। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन चाहता तो अपने तेल के जहाजों की सुरक्षा के लिए कई युद्धपोत वहां भेज सकता था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

इसके साथ ही, ट्रंप ने संघर्ष के दौरान ईरान में लड़कियों के एक स्कूल पर हुए हमले को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर नहीं किया गया था। ट्रंप के अनुसार, युद्ध के दौरान ऐसी गलतियां हो सकती हैं। यह घटना 28 फरवरी को संघर्ष के पहले दिन हुई थी। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 175 से अधिक बच्चों और शिक्षकों की मौत हुई थी। शुरुआत में ट्रंप ने बिना किसी सबूत के दावा किया था कि इस हमले के पीछे ईरान का हाथ है। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की जांच अभी चल रही है और वे जांच के निष्कर्षों को स्वीकार करेंगे। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि किसी ने भी स्कूल को जानबूझकर निशाना नहीं बनाया था।

## पाकिस्तान : गुरुद्वारे के भीतर सिख सेवादार दंपति की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मर्डन शहर में बुधवार को एक गुरुद्वारे के अंदर सिख सेवादार दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में मर्डन के बाबू मोहल्ला इलाके में हुई। मर्डन के जिला पुलिस अधिकारी मसूद अहमद के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने गुरुद्वारे के अंदर गोलीबारी की, जिसमें सेवादार जगतार और उनकी पत्नी आसमा वांती की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हमले के मकसद का पता लगाने और इसमें शामिल लोगों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के सदस्य सुरेश कुमार ने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है और पुलिस को जांच में प्रगति दिखाने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी है। कुमार ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ऐसी घटना हुई। उन्होंने मामले के सभी पहलुओं की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की। कुमार ने अपराध स्थल से एकत्र किए गए सीसीटीवी साक्ष्य के प्रबंधन पर भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर को अत्यंत लापरवाही से हटाया गया था, जिससे साक्ष्य के संरक्षण और जांच की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

### अमेरिका-ईरान समझौते पर उपराष्ट्रपति वेंस बोले

## बातों से नहीं, कामों से होगा मूल्यांकन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए नए समझौते (एमओयू) को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। वेंस ने सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि इस समझौते की सबसे अच्छी बात यह है कि यह केवल शब्दों तक सीमित नहीं है।



उन्होंने साफ किया कि अब ईरान का मूल्यांकन उसकी बातों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और काम के आधार पर होगा। वेंस ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पूरा प्रशासन ईरान में निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या से बहुत परेशान था। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया था। वेंस के अनुसार, वे पुराने नेता अब सत्ता से जा चुके हैं। अब अमेरिका यह देखना चाहता है कि क्या ईरान का नया नेतृत्व अपने लोगों के साथ अलग तरह से व्यवहार करता है। उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व सुधार करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो अमेरिका उनके वास्तविक आचरण को देखकर आगे का फैसला करेगा। वेंस ने दोहराया कि यह समझौता केवल कागजी बातों के लिए नहीं है। यह पूरी तरह ईरान के भविष्य के व्यवहार पर टिका है। अमेरिका अब ईरान की गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। जेडी वेंस अब इस समझौते के सबसे बड़े समर्थक और रक्षक बनकर उभरे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फ्रांस के वर्साय महल में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने इस दौरान मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर यह समझौता सफल रहा, तो वे इसका श्रेय लेंगे, लेकिन अगर यह विफल रहा, तो वे इसका सारा दोष जेडी वेंस पर डाल देंगे। व्हाइट हाउस ने वेंस को राष्ट्रपति का दायां हाथ बताया है। प्रशासन का कहना है कि वेंस ने ही स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर इस बातचीत का नेतृत्व किया है।

## अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन आईएसएस पर रहेंगे 240 दिन

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के फिजिशियन और नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन अपने जीवन के पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए पूरी तरह

- नासा बोला- मिशन के लिए 14 जुलाई को भरेंगे उड़ान

तैयार हैं। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर लगभग 8 महीने यानी 240 दिन का लंबा समय बिताएंगे। यह मिशन मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 को कजाखस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से लॉन्च किया जाएगा। अनिल मेनन और उनका दल वसंत 2027 तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेगा। इस दौरान वे कई ऐसे वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे जो भविष्य में चंद्रमा और मंगल पर भेजे जाने वाले मानव मिशनों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष का यह सफर अनिल मेनन अकेले तय नहीं कर रहे हैं, क्योंकि आईएसएस के मिशन हमेशा एक टीम के रूप में होते हैं। वह एक अंतरराष्ट्रीय क्रू के सदस्य के रूप में रूसी अंतरिक्ष यात्रियों प्योत्र डुब्रोव और अन्ना किकिना के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। शून्य गुरुत्वाकर्षण में इन्सानी शरीर को ढालने पर होगी खोज मिशन पर 240 दिन बिताने के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रयोगों का हिस्सा बनेंगे। नासा के अनुसार, मेनन का मुख्य काम यह रिसर्च करना होगा कि अंतरिक्ष के वातावरण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में इंसानी शरीर खुद को कैसे ढालता है। बता दें कि मिनेसोटा के मिनियापोलिस में जन्मे अनिल मेनन के माता-पिता भारतीय और यूक्रेनी मूल के अप्रवासी हैं।

## भारत का यूएन में महिला नेतृत्व का समर्थन

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में महिला सशक्तिकरण और शांति स्थापना के क्षेत्र में अपनी बड़ी उपलब्धियों को

- कहा- आधी आबादी के लिए नीति पर सरकार का जोर
- प्रशासन में 10 लाख+ महिलाएं

गर्व से पेश किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने बताया कि भारत में स्थानीय शासन के स्तर पर 10 लाख से अधिक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महिला आरक्षण अधिनियम 2023 के साथ अब यह व्यवस्था भारतीय संसद में भी लागू होगी।

राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि भारत का अनुभव बताता है कि जब महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जाता है, तभी स्थायी परिणाम मिलते हैं। भारत में महिलाओं ने हमेशा ऊंचे पदों की जिम्मेदारी संभाली है। देश में महिला सरकार प्रमुख और संसद की अध्यक्ष रही हैं। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि वर्तमान में भारत की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। भारत सरकार महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य महिलाओं को देश की आर्थिक प्रगति की मुख्य ताकत बनाना है। भारत सरकार डिजिटल और वित्तीय समावेशन, सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में भी महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजदूत ने कहा कि स्वतंत्र और मजबूत महिलाएं समाज को एकजुट रखती हैं।

उन्होंने कहा शांति अभियानों के क्षेत्र में भी भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है। भारत पहला देश था जिसने लाइबेरिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए पूरी तरह महिला पुलिस इकाई भेजी थी। इस कदम ने लाइबेरिया की हजारों महिलाओं को अपनी राष्ट्रीय पुलिस में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान में 160 से अधिक भारतीय महिला शांति रक्षक दुनिया के विभिन्न देशों में तैनात हैं। दिल्ली में भारतीय सेना का केंद्र 2016 से दुनिया भर की महिला सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दे रहा है। पिछले साल भारत ने 35 देशों की महिला शांति रक्षकों के लिए एक सम्मेलन भी आयोजित किया था।

### आलोचना

### ईरान से डील के लिए अमेरिका में ही क्यों घिरे ट्रंप

# 'यह समझौता नहीं, ट्रंप की ओर से दिया गया तोहफा है'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जब ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए समझौते का एलान किया तो पूरी

- विपक्ष से लेकर समर्थक तक कई मुद्दों पर खफा

दुनिया की नजर इस बात पर लगी थीं कि आखिर इस समझौते की जो शर्तें तय हुई हैं, उनमें किसको फायदा हो सकता है। शुरुआत में इस समझौते की शर्तों का जो ड्राफ्ट तैयार हुआ, उसे सार्वजनिक नहीं किया गया और कुछ रिपोर्ट्स के हवाले से ही डील को लेकर दावे किए जा रहे थे। हालांकि, जैसे-जैसे इस समझौते की शर्तें साफ हुई हैं, वैसे-वैसे इसे लेकर अमेरिका में ही ट्रंप के विरोध में स्वर उठने लगे। सिर्फ डेमोक्रेटिक पार्टी ही नहीं, बल्कि ट्रंप की अपनी रिपब्लिकन पार्टी में भी ईरान समझौते को लेकर आलोचना झेलनी पड़ी है।

दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की जो शर्तें तय हुई हैं, उनमें से अधिकतर शर्तें ऐसी हैं, जिन्हें अमेरिकी नेताओं ने ईरान को ट्रंप की तरफ से दिया गया तोहफा करार दिया है। फिर चाहे ईरान को पुनर्निर्माण के लिए एक बड़ी राशि मुहैया कराने की शर्त हो या होर्मुज जलडमरूमध्य में लगने वाले नए सेवा शुल्क की बात हो या ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते में कोई भी स्पष्टता न होने की बात। इन सभी मुद्दों पर ट्रंप अमेरिका में ही घिरे हैं। इसके बावजूद अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को ट्रंप की तरफ से ईरान के साथ तय 14 बिंदु वाले



इस अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

ईरान समझौते के निम्नलिखित ऐसे मुद्दे हैं जिन पर संशय-मतभेद की स्थिति पैदा हो गई है:

**300 अरब डॉलर का पुनर्निर्माण फंड और आर्थिक रियायतें**

समझौते की सबसे विवादास्पद शर्तों में से एक ईरान के लिए 300 बिलियन डॉलर के संभावित पुनर्निर्माण फंड का प्रावधान है। आलोचक ईरान की ओर जाने वाले किसी भी आर्थिक लाभ से बेहद खफा हैं। इसके अलावा ईरान को तुरंत अपना तेल बेचने की अनुमति और भविष्य की परमाणु वार्ता के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए फंडों को जारी करने और प्रतिबंधों में ढील देने के रास्ते पर विवाद की स्थिति बन चुकी है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य और 60 दिन का युद्ध विराम**

समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से नौसैनिक नाकेबंदी हटाने और परमाणु वार्ता के लिए 60 दिनों के युद्धविराम की बात कही गई है। इसे लेकर अमेरिका में यह बहस छिड़ गई है कि ईरान पर हमले से पहले जो स्थिति थी, युद्ध के बाद फिर वही स्थिति हो गई है। इस बात पर भी संशय है कि क्या ईरान भविष्य में भी इस जलमार्ग का उपयोग करने वाले जहाजों से टोल या कोई सर्विस फीस वसूलना जारी रखेगा।

**परमाणु कार्यक्रम पर ठोस प्रतिबद्धताओं की कमी**

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात सामने आई है कि समझौते की भाषा बेहद अस्पष्ट है। आलोचकों का आरोप है कि इस समझौते में ईरान द्वारा अपने परमाणु हथियारों के विकास को छोड़ने को लेकर कोई दृढ़ प्रतिबद्धता, तय मानदंड या पुख्ता क्रम मौजूद नहीं है।

**हिज्बुल्ला, हमास और हूतियों जैसे प्रॉक्सी गुटों पर चुप्पी**

इस्राइल समर्थक रिपब्लिकन नेताओं को इस बात की गहरी चिंता है कि यह समझौता पूरे क्षेत्र में लड़ाई तो रोक सकता है, लेकिन यह ईरान समर्थित हिज्बुल्ला (लेबनान), हमास (गाजा) और हूतियों (यमन) के मिसाइल कार्यक्रमों और खतरों को खत्म करने पर केंद्रित नहीं है। इज़राइल का मानना है कि इन प्रॉक्सी गुटों से निपटे बिना युद्धविराम उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089